राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025
वर्ष 07,अंक 16, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे डीपीआरओ....03

वाइट हाउस कमेटी को कोसता रह गया, इधर जीत के बाद मारिया कोरिना ने नोबेल प्राइज ट्रंप को ही किया समर्पित...12

# करूर भगदड़- सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर विजय की TVK की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**● सुप्रीम कोर्ट ने करूर भगदड़ मामले में तमिल अभिनेता विजय की पार्टी TVK की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा रख लिया है. इस याचिका में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है, जबकि मद्रास HC ने SIT गठित की थी. भगदड़ में 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।**

करूर भगदड़ मामले में तमिल अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है. जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि देखते हैं कि हम क्या आदेश दे सकते हैं. इस याचिका में पूरे मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है. याचिका में मद्रास HC के 3 अक्टूबर के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में एक SIT गठित कर घटना की व्यापक जांच करने का आदेश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कई सवाल भी किए. सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को लेकर पूछा कि एक ही दिन दो अलग-अलग आदेश जारी किए गए; यह कैसी प्रक्रिया है? मद्रास हाई कोर्ट ने मदुरै शाखा की बजाय करूर मामले की सुनवाई क्यों की? अदालत ने पूछा कि जब मामले मदुरै शाखा में लंबित थे, तो मद्रास हाई कोर्ट में एक अलग आदेश क्यों जारी किया गया? इसे आपराधिक मामला क्यों माना गया? करूर मामला मदुरै पीठ के अंतर्गत आता है, चेन्नई मुख्य पीठ के अंतर्गत नहीं।

**सुप्रीम कोर्ट ने टीवीके ने दी यह दलील**

सुनवाई के दौरान, टीवीके पार्टी के वकील सुब्रमण्यम ने कहा कि हाई कोर्ट ने मेरे मामले की जांच किए बिना ही मुझे दोषी मान रहा है. हाई कोर्ट मुझे अपनी बात सुनने का मौका दिए बिना ही भीड़ नियंत्रण प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए मेरी आलोचना कर रहा है. उन्होंने आगे कहा कि हाई कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पार्टी के नेता घटनास्थल भाग गए थे जबकि पुलिस ने उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए घटनास्थल से जाने का निर्देश दिया था।

**पार्टी बोली- पुलिस के कहने पर एक्टर विजय वहां से निकले**

वकील ने कहा कि जब पुलिस ने जाने के लिए कहा तब एक्टर विजय घटनास्थल से रवाना हुए. उन्होंने आगे कहा कि हमारे नेताओं को पीड़ितों और उनके परिवारों की मदद करने का मौका तक नहीं दिया गया. मद्रास हाई कोर्ट का आदेश राजनीतिक रूप से गलत है. सर्वोच्च न्यायालय को एक विशेष जांच दल का गठन करना चाहिए, हमें उस पर पूरा भरोसा है।

इसके बाद, तमिलनाडु सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने दलील देते हुए कहा कि कुछ लोग सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं. असरा गर्ग एक अच्छी अधिकारी हैं. हाई कोर्ट ने खुद उन्हें चुना है. विजय तय समय पर रैली में नहीं आए. भीड़ सुबह से ही जमा हो गई थी. विजय का देर से पहुंचना ही दुर्घटना का कारण बना. विजय मृतकों के परिजनों से मिलने नहीं गए. सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जजों ने दोपहर 2 बजे मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।




**भगदड़ में कुल 41 लोगों की हुई थी मौत**

दरअसल, 27 सितंबर, 2025 को करूर जिले के वेलुसामीपुरम में साउथ एक्टर विजय के नेतृत्व में उनकी पार्टी की ओर से एक रैली आयोजित की गई थी. इस रैली में भगदड़ मच गई. इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई. इसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया. इस संबंध में जहां पांच धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया, वहीं मद्रास उच्च न्यायालय ने मामले में हस्तक्षेप करने और जांच करने के लिए आईजी असगरक की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (SIT) के गठन का आदेश दिया था।

## उप्र- पत्नी के मायके जाने से परेशान पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या की

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शुक्रवार को कथित तौर पर विवाद के बाद पत्नी के मायके चले जाने से परेशान पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मनियर कस्बे में रहने वाले जितेंद्र राजभर उर्फ बाघा (40) ने शुक्रवार को अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी कौशल पाठक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को पुलिस को घटना की सूचना मिली और पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि जितेंद्र का अपनी पत्नी प्रमिला से सुबह के समय किसी बात को लेकर विवाद हो गया और इस दौरान प्रमिला अपना सामान लेकर मायके चली गई। पुलिस ने बताया कि पत्नी के जाने से परेशान जितेंद्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# बिहार विधानसभा चुनाव- रिटर्निंग अधिकारी और ARO के लिए ECI का ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र, निर्वाचन आयोग मॉड्यूल पर भी की ब्रीफिंग

**● बिहार विधानसभा चुनाव और साथ ही होने वाले उपचुनावों की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने रिटर्निंग अधिकारियों (RO) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ARO) के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं दुविधा-निवारण सत्र आयोजित किया. इस ऑनलाइन सत्र में नामांकन प्रक्रिया, उम्मीदवारों की योग्यता-अयोग्यता, आदर्श आचार संहिता (MCC), अभ्यर्थिता वापस लेने की प्रक्रिया, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतदान के दिन की व्यवस्थाएं और मतगणना जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई**




बिहार विधानसभा चुनाव और साथ ही होने वाले उपचुनावों की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने 9 और 10 अक्तूबर को रिटर्निंग अधिकारियों (RO) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ARO) के लिए दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं दुविधा-निवारण सत्र आयोजित किया. इस वर्चुअल सत्र में राज्य भर से कुल 243 रिटर्निंग अधिकारियों और 1418 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने हिस्सा लिया। निर्वाचन आयोग ने बताया कि यह प्रशिक्षण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 21 और 24 के तहत नामित अधिकारियों की चुनावी प्रक्रिया में दक्षता और सजगता बढ़ाने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है. आयोग ने बताया कि सभी अधिकारियों ने इस दौरान अपनी सभी परेशानियों को भी सामने रखा. आयोग ने इस परेशानी पर भी चर्चा की और उसका निवारण भी किया.

**चुनावी प्रक्रिया पर गहन चर्चा**

इस ऑनलाइन सत्र में नामांकन प्रक्रिया, उम्मीदवारों की योग्यता-अयोग्यता, आदर्श आचार संहिता (MCC), अभ्यर्थिता वापस लेने की प्रक्रिया, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतदान के दिन की व्यवस्थाएं और मतगणना जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही, अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया. बता दें कि राष्ट्रीय स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों ने इन सत्रों का संचालन किया और अधिकारियों की दुविधाओं का त्वरित निवारण किया. आयोग का उद्देश्य था कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा हर अधिकारी पूरी तरह से तैयार रहे और चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न हो.

**ECINet मॉड्यूल पर ब्रीफिंग**

आयोग ने ECINet के पीठासीन अधिकारी मॉड्यूल को लेकर भी एक विशेष ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया, जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO), सभी जिला निर्वाचन अधिकारी (CEO) और रिटर्निंग अधिकारी (RO) शामिल हुए. इस मॉड्यूल के जरिए मतदान के दिन हर 2 घंटे में और मतदान समाप्त होने पर पीठासीन अधिकारी ECINet ऐप पर वोटर टर्नआउट के आंकड़े अपलोड करेंगे.इन आंकड़ों को रिटर्निंग अधिकारियों के स्तर पर संकलित किया जाएगा, जिससे रीयल टाइम में मतदान के रुझान उपलब्ध हो सकेंगे. आयोग ने जानकारी दी कि मतदान से पूर्व इस ऐप का एक ट्रायल रन भी सभी मतदान केंद्रों पर कराया जाएगा, ताकि तकनीकी तैयारियों की जांच की जा सके.

**राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त**

भारत निर्वाचन आयोग का यह प्रशिक्षण सत्र राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त था. आयोग ने साफ किया कि यह पूरी प्रक्रिया चुनावों की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने की दिशा में एक और ठोस कदम है. आने वाले समय इसके परिणाम और भी बेहतर होंगे।

ये सत्र संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण सत्रों के अतिरिक्त हैं. बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे. इसके अलावा मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर सहित सात राज्यों की आठ सीटों के लिए उपचुनाव 11 नवंबर को होने हैं. वहीं मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रशासन ने पराली को लेकर कसा शिकंजा, नयाब तहसीलदार ने पकड़ी दो कम्बाइन मशीन



नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक ने पराली काटते हुए कम्बाइन मशीन को पकड़ा

**मथुरा-** जनपद में पराली ना जले को लेकर प्रशासन में कमर कस ली है। जिलाधिकारी ने सभी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किये। पराली जलाने का एक भी केस सामने नहीं आये गौरतलब है कि अनमोल गर्ग नायब तहसीलदार ने अपने साथ योगेन्द्र सिंह नौहबार राजस्व निरीक्षक राल के साथ पराली ना जले जिलाधिकारी के निर्देशन में सर्च अभियान पर निकले। गोवर्धन रोड पर मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत जुनसिटी और गांव दतिया में खेतों में खड़ी धान की फसल को काटते हुए कम्बाइन मशीन मौके पर पकड़ा। दोनों मशीनों के दो ड्राइवर भी पकड़े। थाना हाईवे की पुलिस बुलाकर दो मशीन और दोनों ड्राइवर को सौंप दिया

### 11 किलो 470 ग्राम सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक अतीन्द्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह व उनकी टीम आरक्षी शक्ति सिंह, रणवीर सिंह, होलिकेन्द्र व चालक संदीप लोधी द्वारा आरोपी सुरेश कुमार सिंह निवासी अर्जुनपुर मजरा दबवा थाना मऊ को 11 किलो 470 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## गोवध निवारण अधिनियम का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चित्रकूट:** पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों के वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर पंकज तिवारी व उनकी टीम उपनिरीक्षक इमरान खान, आरक्षी शुभम मिश्रा, विमलेश व चालक पवन राजपूत द्वारा 10,000 रुपये के इनामी अपराधी लकी उर्फ मोहम्मद शहनवाज शाह निवासी 116/926 रोशन नगर थाना रावतपुर जिला कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह आरोपी गौवध निवारण अधिनियम में वांछित था तथा काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## 'कलर बॉक्स लाओ तब मिलेगी एंट्री'... स्कूल में देरी से पहुंचीं छात्राएं, प्रिंसिपल ने दी अनोखी सजा

**राजन्ना सिरसिला के वेमुलावाड़ा स्थित समाज कल्याण आवासीय विद्यालय में देर से आने वाली छात्राओं को %कलर बॉक्स% खरीदने की अजीबोगरीब सजा दी जा रही है. प्रधानाचार्य के इस आदेश से अभिभावकों में आक्रोश है. दशहरा छुट्टियों के बाद लौटे छात्रों को इस अनोखी सजा का सामना करना पड़ा. स्थानीय छात्र संघों ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर से तत्काल जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राजन्ना सिरसिला जिले के वेमुलावाड़ा कस्बे के समाज कल्याण आवासीय विद्यालय में घटी एक अजीबोगरीब घटना अब हर जगह चर्चा का विषय बन गई है. स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक छात्राओं को अजीबोगरीब सजा देकर परेशान कर रहे हैं. देर से आने वाले छात्राओं को 'कलर बॉक्स' की सजा दी जा रही है. रंगीन कैन लाने पर ही उन्हें अंदर जाने दिया जाता है. इस अजीबोगरीब सजा से अभिभावकों में हड़कंप मच गया है. लोगों ने जिला कलेक्टर और समाज कल्याण अधिकारियों से इस घटना की तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। तेलंगाना में दशहरा और बतुकम्मा का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है. इस बार दशहरा की छुट्टियों के बाद, छात्र धीरे-धीरे स्कूल लौटने लगे हैं. हालांकि, मंगलवार (7 अक्टूबर) को कुछ छात्र परिवहन सुविधाओं की कमी या अन्य कारणों से थोड़ी देर से स्कूल पहुंचे. जब यह मामला प्रधानाचार्य के संज्ञान में आया, तो उन्होंने कथित तौर पर आदेश दिया, जो कोई भी देर से आएगा उसे स्कूल के सामने वाली दुकान से रंग का डिब्बा खरीदने पर ही प्रवेश दिया जाएगा. इस अजीबोगरीब आदेश पर असमंजस में पड़े छात्राओं और उनके अभिभावकों ने गहरी चिंता व्यक्त की।




**अभिभावकों में नाराजगी**

जिन शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा का मूल पाठ पढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे ऐसी सजा कैसे दे सकते हैं? अभिभावक पूछ रहे हैं. कुछ छात्र अपने अभिभावकों की मदद से रंग के डिब्बे खरीदकर स्कूल में दाखिल हुए. वहीं, स्थानीय लोग तब हैरान रह गए जब स्कूल के सामने वाली दुकान में रंग के डिब्बों की मांग अचानक बढ़ गई।

**डीएम से की शिकायत**

वहीं इस घटना के प्रकाश में आते ही स्थानीय छात्र संघों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की. वे छात्रों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली ऐसी घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. वे जिला कलेक्टर और समाज कल्याण अधिकारियों से इस घटना की तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं।

## सफाईकर्मियों ने सड़क जामकर किया धरना प्रदर्शन, दो माह वेतन न मिलने पर जताया विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर की तंबौर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया दो माह से वेतन न मिलने से नाराज सफाईकर्मियों ने कस्बे के बस स्टॉप रोड पर धरना देते हुए रोड जाम कर दिया प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि लगातार काम करने के बावजूद उन्हें दो महीने से वेतन नहीं दिया गया है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने की परेशानी खड़ी हो गई है सफाईकर्मियों ने बताया कि त्योहारी सीजन में जब उन्हें अपने परिवार के लिए जरूरत की चीजें खरीदनी चाहिए, तब वेतन न मिलने के कारण वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कई बार नगर पंचायत अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया गया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई मजबूर होकर उन्हें सड़क पर अनिश्चिलकालीन धरना प्रदर्शन पर उतरना पड़ा धरने में शामिल सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं, पर वेतन भुगतान को लेकर कोई पहल नहीं की जाती प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन नहीं दिया गया तो वे अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ जाएगी सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और रोड जाम कर रहे कर्मचारियों को शांत कराने का प्रयास किया पुलिस की निगरानी में प्रदर्शन जारी है। वहीं, नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि फंड की कमी के कारण वेतन वितरण में विलंब हुआ है, जिसे जल्द निस्तारित किया जाएगा कर्मचारियों ने कहा कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा!!



## मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर लखनऊ में श्रद्धांजलि सभा, समाजवादियों ने लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
सुभाष चंद्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आज पार्टी के जिला कार्यालय, लखनऊ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजवादी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सभी ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि "मुलायम सिंह यादव के अधूरे सपनों को साकार करना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।" साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया गया।

श्रद्धांजलि सभा में महासचिव शब्बीर खान, अधिवक्ता अजीत कुमार, रंजीत यादव, विधायक रविदास मल्होत्रा, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव (बक्शी तालाब) सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना ही उनके प्रति सच्ची निष्ठा है।

कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर बताया कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) वर्ग को साथ लेकर आगामी चुनाव की तैयारियाँ तेज कर दी हैं। कार्यक्रम के अंत में नेताजी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

## अश्लीलता करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चित्रकूट:** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत सभी थानों की एंटी-रोमियो टीमों द्वारा स्कूल, कॉलिज, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शोहदों व मनचलों द्वारा की जाने वाली छेड़छाड़ एवं अन्य आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के लिए सघन चेकिंग, जागरूकता कार्यक्रम तथा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना के उपनिरीक्षक अमरेश चन्द्र तिवारी व उनके हमराही आरक्षी रोहित द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने वाले व पॉक्सो एक्ट के वारण्टी आरोपी शैलेन्द्र निवासी ग्राम कोल्हाई मौजा व थाना बरगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# कोलकाता बैंक घोटाला- ED ने 12 ठिकानों पर की छापेमारी, मंत्री सुजीत बसु व सहयोगियों के यहां भी तलाशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कोलकाता में बड़ी कार्रवाई करते हुए गणेश ज्वेलरी से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में शुक्रवार को 12 ठिकानों पर छापेमारी की. इन 12 ठिकानों में 10 कोलकाता में, 1 हैदराबाद में और 1 अहमदाबाद में शामिल हैं. ईडी की ओर से यह छापेमारी करीब 2700 करोड़ के बैंक घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है. ईडी की टीम अलग-अलग जगहों पर तलाशी लेकर दस्तावेज और डिजिटल सबूत खंगाल रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह मामला बैंकों से फर्जी तरीके से कर्ज लेकर रकम हड़पने से जुड़ा है. इस मामले में सुरक्षा गार्ड ने बताया कि ईडी के अधिकारी सुबह 6 बजे पहुंचे थे. हम सुबह 7 बजे जब पहुंचे तो उन्होंने हमारा मोबाइल फोन जमा करवा लिया. हमें कुछ समझ नहीं आया कि हम सात बजे आए और अपना परिचय दिया, आईडी कार्ड दिखाया फिर उन्होंने हमारे मोबाइल फोन जमा कर दिए।

**दफ्तर, रेस्टोरेंट, हर जगह छापेमारी**

केंद्रीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय, शुक्रवार सुबह से ही एक्शन में है.राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु के घर, दफ्तर, रेस्टोरेंट, हर जगह छापेमारी की गई है. इस बार, वहां मैराथन तलाशी के साथ-साथ ईडी के अधिकारी उनके बेटे समुद्र बसु के ढाबे पर भी पहुंचे, लेकिन क्या सिर्फ मंत्री ही नहीं, बल्कि उनके बेटे भी जांच के घेरे में हैं? इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं।

**ढाबे में काम करने वालों के मोबाइल जब्त**

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी सुबह साढ़े सात बजे गोलाघाट स्थित ढाबे पर तलाशी अभियान के लिए गए थे. दोपहर बाद भी अभियान पूरा नहीं हुआ. बताया जा रहा है कि जांचकर्ता काफी देर तक विभिन्न दस्तावेजों और जानकारियों की जांच करते रहे. ढाबे में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन अस्थायी रूप से जब्त कर लिए गए हैं. ढाबे के बाहर केंद्रीय बलों को तैनात कर दिया गया है और अंदर परिसर की तलाशी ली जा रही है।




**सुजीत बसु के सहयोगियों के यहां भी रेड**

सिर्फ़ सुजीत बसु ही नहीं, शुक्रवार सुबह उनके साथी के घर और गोदाम पर भी छापेमारी की गई. इसी दिन ईडी ने सुजीत के करीबी और दक्षिण दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता के घर और गोदाम पर भी छापा मारा. इससे पहले, केंद्रीय जांचकर्ताओं ने नगर निगम भर्ती भ्रष्टाचार मामले में निताई से लगभग 12 घंटे पूछताछ की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना कोतवाली पुलिस द्वारा हनी ट्रैप करने वाली अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार




**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगायें जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री दिनेश चंद चौधरी के नेतृत्व में हनी ट्रैपः प्रलोभन द्वारा फंसाकर सूचना/ब्लैकमेल या नियंत्रण करने से संबंधित थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 378/2025 धारा 308 (5), 308(6), 352, 351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त 1. लवी सिंह उर्फ लवली सिंह उर्फ सुषमा सिंह पुत्री फूल चंद्र सिंह निवासी ग्राम कटाई थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर हाल मुकाम मुंडेरवा थाने के सामने मटर जी की मकान, जिसे दिनांक 09.10.2025 को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण लवी सिंह उर्फ लवली सिंह उर्फ सुषमा सिंह पुत्री फूल चंद्र सिंह साकिन ग्राम कटाई थाना खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर हाल मुकाम मुंडेरवा थाने के सामने मटर जी की मकान थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमनिरीक्षक श्री शुभ नारायण दुबे थाना कोतवाली जनपद बस्तीउपनिरीक्षक पवन मौर्य का0 संजीव सोनकर म0का0 अमित देवी थाना कोतवाली जनपद बस्ती

### संवाद और सकारात्मक सोच से ही मिलती है सफलता-डॉ. प्रीती त्रिपाठी



**बस्ती।** बस्ती जिले के गोविंद नगर, वाल्टरगंज स्थित श्री देशराज नारंग दयानंद इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का मकसद था बच्चों को यह समझाना कि कैसे वे पढ़ाई के साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ और खुश रह सकते हैं।सेमिनार में पार्थिका मेंटल वैलनेस सेंटर की प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रीती त्रिपाठी ने बच्चों से खुलकर बातचीत की। उन्होंने समझाया कि आज के समय में प्रतियोगिता और तनाव दोनों बढ़ गए हैं, ऐसे में संवाद, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है।डॉ. त्रिपाठी ने कहा "अगर मन में कोई बात हो, तो उसे मन में दबाने के बजाय माता-पिता या शिक्षकों से खुलकर बात करनी चाहिए। बात करने से आधी परेशानी वैसे ही खत्म हो जाती है।"बच्चों ने सेमिनार में कई सवाल पूछे जैसे कि परीक्षा के डर को कैसे दूर करें, मन को पढ़ाई में कैसे लगाएँ, और असफलता से कैसे उभरें।डॉ. त्रिपाठी ने बहुत सरल तरीके से उनके सवालों के जवाब दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार उपाध्याय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने डॉ. त्रिपाठी और सभी शिक्षकों का आभार जताया।सेमिनार में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ और छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।बच्चों ने इस कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें मानसिक शांति और आत्म-संतुलन बनाए रखने के तरीके सीखने को मिले।

### जनपद में बंदरों का आतंक बढ़ा लोगों में दहशत का माहौल

**बलरामपुर।** मानसून के समापन के साथ बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंकी बाइट के मामलों में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। ऐसी ही एक घटना आज सुबह बलरामपुर जनपद की तुलसीपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहेपनिया मे बंदरों के झुंड ने आने-जाने वाले लोगों को बनाया अपना शिकार आने जाने वाले लोगों ने बताया एक दिन बंदरों के झुंड के कारण स्कूल के बच्चों को भी बंदरों का झुंड बना सकते हैं शिकार क्योंकि यह विद्यालयों गांव में है बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवारा बंदरों की जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गली मोहल्ले से लेकर बाजारों तक में इन बंदरों का खौफ लोगों में हमेशा बना रहता है। बाजार सहित पास पड़ोस गांव भर में न जाने कितने ऐसे मामले भी सामने आ चुके हैं जिसमें बंदरों का शिकार बने मासूम बच्चे मौत के मुंह में जाते-जाते बचे हैं। इसके अलावा गांव में दुकान में बंदरों के शिकार पीड़ितों के मामले भी लगातार आ रहे हैं। प्राथमिक एवं सामुदायिक अस्पताल वा जिला अस्पताल में मंकी बाइट के मामलों में वृद्धि के साथ ही एंटी रेबीज वैक्सीन की खपत भी बढ़ गई है।

# बस्ती रेलवे स्टेशन पर साइकिल-बाइक स्टैंड का आतंक 2 मिनट में उठा ले जाते हैं वाहन, वसूली 200 से 1000 रुपये तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के रेलवे स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों और उनके परिजनों का जीना मुश्किल हो गया है। स्टेशन परिसर में साइकिल-बाइक स्टैंड चलाने वाले कुछ दबंग किस्म के लोगों का आतंक इस हद तक बढ़ गया है कि कोई भी यात्री अपनी मोटरसाइकिल कुछ मिनट के लिए भी खड़ी करता है तो उसे उठाकर स्टैंड में खड़ा कर दिया जाता है, और फिर वाहन वापस देने के लिए मनमाने ढंग से वसूली की जाती है। रेलवे के स्पष्ट नियमों के बावजूद यहां खुलेआम अवैध वसूली और दबंगई का खेल चल रहा है।

**10 मिनट तक चार्ज नहीं, फिर भी तुरंत उठा लेते हैं वाहन**

रेलवे के नियमों के अनुसार स्टेशन परिसर में वाहन खड़ा करने पर 10 मिनट तक कोई शुल्क नहीं लिया जा सकता। यह प्रावधान यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया है ताकि किसी को छोड़ने या लेने आने वाले परिजन बिना अतिरिक्त शुल्क के थोड़ी देर रुक सकें। लेकिन बस्ती रेलवे स्टेशन पर यह नियम बिल्कुल नकारा साबित हो रहा है। जैसे ही कोई वाहन दो-तीन मिनट के लिए भी खड़ा होता है, साइकिल स्टैंड के कर्मचारी भंडा लगाकर मोटरसाइकिल उठा ले जाते हैं। परिजनों को लौटने पर मिलता है झटकाकई मामलों में



ऐसा देखा गया है कि यात्री के परिजन उन्हें छोड़कर जैसे ही लौटते हैं, उनकी मोटरसाइकिल गायब होती है। जब वे स्टैंड पर जाकर वाहन मांगते हैं तो 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की रकम वसूली की जाती है। विरोध करने पर स्टैंड कर्मी मारपीट और झगड़े पर उतर आते हैं। कई बार यात्रियों के साथ अभद्रता और धमकाने के मामले भी सामने आए हैं।एक दिन में उठाई जाती हैं 100 से 200 मोटरसाइकिलें

स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 100 से 200 वाहनों को बिना अनुमति उठाकर स्टैंड में डाल दिया जाता है। इसके बाद मनमाना चार्ज वसूला जाता है। निर्धारित टिकट शुल्क से अधिक पैसे लेना यहां आम बात हो गई है। कई यात्रियों ने बताया कि बिना टिकट वाहन देने से इनकार कर दिया जाता है और नकद वसूली की जाती है।

**वीडियो में कैद हुई दबंगई**

कुछ यात्रियों ने इनकी करतूतों को मोबाइल में रिकॉर्ड किया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह स्टैंड के कर्मचारी रेलवे परिसर में खड़ी मोटरसाइकिलों को जबरन उठा रहे हैं और यात्रियों से बदसलूकी कर रहे हैं। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन की तरफ से अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।रेलवे प्रशासन की चुप्पी पर सवाल यह पूरा मामला रेलवे प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करता है। यात्रियों के मुताबिक कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मारपीट और झगड़े के डर से ज्यादातर लोग इन दबंग स्टैंडकर्मियों को पैसा देकर मामला निपटा लेते हैं।

**नियम क्या कहते हैं?**

रेल मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार 10 मिनट तक वाहन खड़ा करने पर कोई चार्ज नहीं लिया जा सकता। निर्धारित शुल्क केवल टिकट काटने के बाद ही वसूल किया जा सकता है। किसी वाहन को जबरन उठाना या बिना टिकट मनमाना शुल्क लेना पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में रेलवे को तुरंत कार्रवाई करते हुए ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त करने और पुलिस को सूचना देने का प्रावधान है।यात्रियों में आक्रोश, कार्रवाई की मांगस्थानीय नागरिकों और यात्रियों में इस पूरे प्रकरण को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में यह दबंगई और बढ़ जाएगी।

# पंचायत भवन सोनपुर धुतकहवा में मिट्टी पटाई बिना लाखों का भुगतान, जिम्मेदारी से भाग रहे अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** जनपद के विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में पंचायत भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पंचायत भवन के आसपास मिट्टी पटाई का कार्य किए बिना ही लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया है। इस वित्तीय गड़बड़ी से ग्रामवासियों में आक्रोश व्याप्त है, जबकि संबंधित अधिकारी मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन के निर्माण के बाद से ही परिसर के चारों ओर मिट्टी पटाई का कार्य अधूरा पड़ा है। बावजूद इसके संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिव ने बिना काम पूरा कराए ही भुगतान कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह खुला भ्रष्टाचार है और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से बात की



गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि "ग्राम पंचायत के कार्यों की जिम्मेदारी हमारी नहीं है, इस बारे में सचिव से बात करें।÷ वहीं, पंचायत सचिव से जब सवाल किया गया तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए कहा, "चुनाव आ रहा है, सब अपनी-अपनी देख रहे हैं।÷ सचिव के इस बयान ने पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों सोनू जायसवाल ने बताया की ग्राम पंचायत में व्यापक भ्रष्टाचार है बिना कर कराए ही या आधा अधूरा कर कर कर सचिव द्वारा भुगतान कर दिया जाता है इसकी शिकायत मैंने कई बार किया कुछ माह पूर्व खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर में जांच भी किया था किरण को कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं सोनू को कहना है कि हमारे ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत का पैसा धरले से प्रधान सचिव द्वारा बंदर बाट किया जा रहा है सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान एक रसूद दार व्यक्त है और सचिन की राजनीतिक पकड़ बहुत बड़ा है जिस कारण ग्राम पंचायत में आधा अधूरा काम या बिना काम कारये बिना किसी रोक-टोक के भुगतान हो रहा है अन्य ग्रामीण का कहना है कि पंचायत स्तर पर हो रहे ऐसे भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग रुक सके। वहीं, प्रशासनिक अमले की चुप्पी ने इस बात को और पुख्ता कर दिया है कि मामले में गहरी मिलीभगत है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस खुली लूट पर क्या कार्रवाई करता है या फिर ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में भ्रष्टाचार का यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। फिलहाल, ग्रामीण पारदर्शी जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की उड़ रही धज्जियां, ग्राम पंचायत महादेव जमुनी में लापरवाही का आलम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/**तुलसीपुर विकास खंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत महादेव जमुनी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरी तरह मज़ाक बनकर रह गया है। सरकार जहां संचारी रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चला रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई के नाम पर मात्र दिखावा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी राजमणि व जगदंबा की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन सफाई कर्मियों ने गांव में सफाई के बजाय केवल खानापूर्ति



की। नालियों की सफाई छोड़कर वे गांव के बाहर मुख्य सड़क पर पेड़ों के सूखे पत्ते बटोरते दिखाई दिए। सफाई में न तो झाड़ू का प्रयोग किया गया और न ही गंदगी उठाने की कोई वास्तविक कोशिश।

जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह कार्य एडीओ पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आता है, उनसे संपर्क करें। वहीं एडीओ पंचायत की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। गांव के लोगों का कहना है कि सफाई न होने से गंदगी फैल रही है और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सरकारी अभियान पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि संचारी रोगों की रोकथाम के प्रयास केवल कागज़ों तक सीमित न रहें।

# एक चांद ने दूसरे चांद का किया दीदार

**● चलनी में चांद देख सुहागिनियों ने अपने चांद का किया दीदार, हर्षोल्लास एवं विधि विधान पूर्वक मनाया गया करवा चौथ का व्रत**

**भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में महिलाओं को दी गई है देवी और लक्ष्मी, सरस्वती की संज्ञा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** अखंड सुहाग का प्रतीक सुहागिन स्त्रियों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ क्षेत्र में विधि विधान पूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया, चांद का दीदार किया फिर चलनी से अपने चांद को देखकर सुहागिनों ने पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। बताते चलें सुहागिन स्त्रियों में इस व्रत का विशेष महत्व है पूरी दुनिया में



भारत ही एक ऐसा देश है जहां महिलाओं को विशेष सम्मान प्राप्त है, महिला प्रधान देश होने के चलते भारत की सनातन संस्कृति और सभ्यता के अनुसार स्त्रियों को देवी, सरस्वती और लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जहां स्त्रियों को इतना सम्मान दिया गया है करवा चौथ महिलाओं का एक प्रमुख त्योहार है जो कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी कर्क चतुर्थी को मनाया जाता है। इस पर्व पर सुहागिन स्त्रियाँ पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं सौभाग्य की प्राप्ति के लिए निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं और शाम को चंद्रमा दर्शन के उपरांत भोजन करती हैं।पौराणिक काल से यह मान्?यता चली आ रही है कि पतिव्रता सती सावित्री के पति सत्?यवान को लेने जब यमराज धरती पर आए तो सत्?यवान की पत्?नी ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस मांगने की प्रार्थना की। उसने यमराज से कहा कि वह उसके सुहाग को वापस लौटा दें। मगर यमराज ने उसकी बात नहीं मानी। इस पर सावित्री अन्?न जल त्?यागकर अपने पति के मृत शरीर के पास बैठकर विलाप करने लगी। काफी समय तक सावित्री के हठ को देखकर यमराज को उस पर दया आ गई। यमराज ने उससे वर मांगने को कहा।इस पर सावित्री ने कई बच्चों की मां बनने का वर मांग लिया। सावित्री पतिव्रता नारी था और अपने पति के अलावा किसी के बारे में सोच भी नहीं सकती थी तो यमराज को भी उसके आगे झुकना पड़ा और सत्?यवान को जीवित कर दिया। तभी से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाएं सावित्री का अनुसरण करते हुए निर्जला व्रत करती हैं। पूरे विश्व में सिर्फ भारत देश व सनातन धर्म ही एक ऐसा है जिसमें स्त्रियों को देवी, सरस्वती, लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है, महिलाओं के मान स्वाभिमान को पुरुष से बड़ा माना गया है, महिला प्रधान देश माना गया है जहां भगवान श्री राम से पहले माता सीता का नाम व भगवान श्री कृष्ण से पहले राधा का नाम लिया जाता है यह हमारी सनातन संस्कृति और सभ्यता है जिसका कोई जोड़ नहीं, पूरे विश्व के लोग भारतीय संस्कृति और सभ्यता के कायल है, उदाहरण देते हैं और अनुसरण करते हैं।

# निर्धन बेसहारा बच्चों का पीडब्ल्यूएस शिक्षालय में पंजीकरण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विक्रम जोत विकासखंड अंतर्गत परमशक्ति धाम, अयोध्या विकास क्षेत्र। 1 राष्ट्र, 1 शिक्षा, 1 व्यवस्था के कार्य योजना पर आधारित व 1 ईंट 1 रूपये के जन सहयोग से निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय में आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 से औपचारिक शिक्षण व्यवस्था का शुभारंभ होने जा रहा है जिसके लिए 111 दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत समाज के निर्धन बेसहारा बच्चों का पंजीकरण शुरू किया जा रहा है जोकि 11 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। उपरोक्त की जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूएस प्रमुख आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि उपरोक्त 111 दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत भारत वर्ष का कोई भी निर्धन बेसहारा बच्चा स्वयं अथवा पीडब्ल्यूएस शिक्षालय परिवार के सदस्यों के माध्यम से संबंधित निर्धन बेसहारा बच्चे का नाम, जन्म तिथि, उसके माता व पिता का नाम, आधार कार्ड संख्या, पता तथा संपर्क सूत्र पीडब्ल्यूएस शिक्षालय के हेल्प लाइन नंबर



9450505025 पर मैसेज करके पंजीकरण करा सकता है। इस प्रकार सी प्रत्येक पंजीकृत बच्चे का पंजीकरण संख्या संबंधित बच्चे को उपलब्ध कराया जाएगा तथा शिक्षा प्राप्त करने हेतु उसके सूचना देकर बुलाया जाएगा। आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि निर्धारित अवधि में पंजीकृत बच्चों की संख्या के अनुसार आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 में सुव्यवस्थित तरीके से शिक्षालय का संचालन होगा। इस प्रश्न पर कि क्या पीडब्ल्यूएस शिक्षालय में आम जनमानस के बच्चों के शिक्षा की भी व्यवस्था होगी आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि इस शिक्षालय में आम जनमानस के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ समाज के सभी निर्धन बेसहारा बच्चों को पूर्णतया निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था बनाया गया है जिसमें प्रथम वरीयता निर्धन बेसहारा बच्चों को दी जाएगी तथा उसके बाद आम जनमानस के बच्चों की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूएस शिक्षालय एक ही छत के नीचे व एक ही कक्षा में समाज के सभी बच्चों को एक समान व्यवस्था के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने की व्यवस्था कर रहा हैं जहां सभी राष्ट्रभक्त हिन्दुस्तानी बच्चे एक समान होंगे। यहां पर कोई भी जातिवादी, वर्गवादी, धर्मवादी, क्षेत्रवादी व कोई वीवीआईपी, वीआईपी, आम व खास व्यवस्था में विभाजन न होकर सभी के लिए एक समान व्यवस्था पूर्णतया पारदर्शी, निष्पक्ष व लोकतांत्रिक लिखित कार्य योजना के अंतर्गत शिक्षा प्राप्त करने की सुव्यवस्थिति रणनीति बनाई गई है।बता दें कि पीडब्ल्यूएस शिक्षालय का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ समाज के सभी निर्धन बेसहारा बच्चों को पूर्णतया निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, समाज में शत प्रतिशत साक्षरता की व्यवस्था करना, सामाजिक सेवा कार्य को गति प्रदान करना, अयोध्या दर्शनार्थियों को निःशुल्क ठहराव की व्यवस्था करना व अपने राष्ट्र भारत वर्ष को एक शिक्षित, विकसित व आत्मनिर्भर विश्वगुरु राष्ट्र बनाना है।

# 2027 में जिले की सभी सीटों को जिता कर प्रदेश सपा सरकार बनाना ही नेता जी को होगी सच्ची श्रद्धांजलि- पूर्व मंत्री पवन पांडेय

**●दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीब, शोषित, वंचितों के उत्थान के लिए नेता जी ने किया अनेक ऐतिहासिक काम - पारसनाथ यादव**

**नेताजी के आदर्शों को अपनाकर 2027 में बनाएंगे सरकार- श्याम कृष्ण श्रीवास्तव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर जिला और महानगर कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव एक महान नेता थे जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम किया। नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी को एक नई दिशा दी। और समाज के सभी वर्ग के लोगों के हित में काम किया। उन्होंने कहा कि हम नेताजी के आदर्शों पर चलते हुए समाज की सेवा करेंगे और उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करेंगे। आने वाले 2027 के चुनाव में जिले की सभी विधानसभा सीटों को जिता कर प्रदेश समाजवादी पार्टी सरकार बनाना ही नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1967 में की, जब वह पहली बार विधानसभा के सदस्य चुने गए। इसके बाद, उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार राजनीति में सक्रिय रहे। 1992 में नेता जी ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की, जो आज लोकसभा में देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। नेता जी तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 1996 में नेता जी भारत के रक्षा मंत्री बने और सैनिकों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। दलित, पिछड़ों,अल्पसंख्यकों, गरीब, शोषित, वंचितों के उत्थान के लिए नेता जी ने अनेक ऐतिहासिक काम किए। नेता जी को को मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव एक सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने कहा कि हम नेताजी के आदर्शों को अपनाकर देश और समाज की सेवा करेंगे और उनके दिखाए मार्ग पर चलेंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीशम ने किया। कार्यक्रम को जिला महासचिव बख्तियार खान,पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव,पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, पूर्व मंत्री अमृत राजपाल, शावेज़ जाफरी, मो हलीम पप्पू, डॉ अवधेश यादव, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, आकिब खान, राम जी पाल, ओपी पासवान, ललित यादव,अपर्णा जायसवाल, श्रीचंद यादव, जय सिंह यादव, समरपाल सिंह यादव, आनंद सिंह मिंटू,प्रसिद्ध कवि अली सईद खान, शिवकुमार यादव, गोविंद विश्वकर्मा, प्रवीण राठौर, सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में दान बहादुर सिंह,अजय यादव, अवनीश प्रताप सिंह, ऋतुराज सिंह, डॉ घनश्याम यादव, रामवेवल पाल, विंध्याचल सिंह,ननकन यादव,, पूजा वर्मा, राजनाथ यादव, सुरेंद्र यादव, रंजीत विश्वकर्मा,सीताराम यादव, तुलसीराम यादव,वसी हैदर गुड्डू, श्रेया वर्मा,फैमीदा कुरैशी, राजित राम रावत, फरीद अहमद बाबा, पवन यादव,सीमा यादव, शोएब खान,शैलेंद्र यादव, मंजीत यादव, संजीत सिंह, कृष्ण गोपाल यादव, सर्वजीत यादव अखिलेश चतुर्वेदी, अभय द्विवेदी, प्रदीप यादव,महेश कुमार, राकेश यादव, राकेश चौरसिया, अभय अभय, हरी लाल वर्मा, राशिद सलीम, रितेश यादव, अनस खान, नीरज यादव, सहित बड़ी संख्या पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमेठी में स्वदेशी मेले का भव्य शुभारंभ -आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम

**●राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया उद्घाटन, स्थानीय उत्पादों के प्रयोग की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत अमेठी जनपद में स्वदेशी मेला का भव्य शुभारंभ आज पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज परिसर में किया गया। उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के माननीय राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मेले में कौशल विकास मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, उद्यान, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सेवायोजन, उद्योग, आईटीआई, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, बैंक आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं।इन स्टालों पर सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना के अंतर्गत निर्मित उत्पादों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। मेले में हस्तशिल्प, हर्बल उत्पाद, वस्त्र, खाद्य सामग्री, अगरबत्ती, मिट्टी के बर्तन, दीपावली सजावटी सामान और स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिससे न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार मिल रहा है बल्कि स्वरोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि ÷भारत तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब हर नागरिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेगा। हमें अपने स्थानीय उत्पादों को सम्मान देना होगा और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी होगी।" उन्होंने कहा कि अमेठी में निर्मित उत्पाद न केवल गुणवत्ता में उत्कृष्ट हैं बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं। दीपावली जैसे पर्व पर इन स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त करेगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं, कारीगरों और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पाद खरीदकर स्थानीय उद्यमियों की मेहनत को सम्मान दें और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान करें। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 7 लाभार्थियों को सिलाई मशीन टूल किट, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 3 लाभार्थियों को 5-5 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 1 लाभार्थी को 10 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयनित 11 शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि अमेठी के युवाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय स्तर पर अनेक उत्पाद बनाए जा रहे हैं, जो उत्कृष्ट गुणवत्ता के हैं। उन्होंने कहा, "जरूरत है कि इन उत्पादों को उचित बाजार और मंच मिले ताकि हमारे कारीगरों को आर्थिक सशक्तता मिल सके।"डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेला भ्रमण कर स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें और स्वदेशी अभियान को सफल बनाएं। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, "स्वदेशी मेला ऐसे ही प्रयासों का प्रतीक है, जो लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है। ग्रामीण स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा तो अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि यह मेला 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने जनपदवासियों से आग्रह किया कि वे दीपावली के शुभ अवसर पर अपने घरों को स्वदेशी उत्पादों से सजाएं और स्थानीय उत्पादों की खरीद कर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सफल बनाएं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, लाभार्थी व जनसामान्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान, 79 वाहनों का ई-चालान, 2 वाहन सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी खड़ी कर सवारी भरने वाले ऑटो व ई-रिक्शा, बिना हेलमेट, तीन सवारी बैठाने वाले तथा गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 79 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 2 वाहनों को सीज किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम, बिना हेलमेट के चला रहा था बाइक



**लहरपुर सीतापुर** में लहरपुर-भदफर मार्ग पर गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई ग्राम किशुनपुर के निकट किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार, पिंकू (33) पुत्र राम भूषण, निवासी चनवापुरवा मजरा किशुनपुर, बिना हेलमेट लगाए बाइक से बाजार से घर लौट रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पिंकू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। परिजन ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल पिंकू को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और घर मातम में डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है!!

### रेरा का सख्त आदेश- अज़ियागाया डेवेलपर्स को क्लब और साझा सुविधाएं एसोसिएशन को सौंपने का निर्देश, खरीदारों को बड़ी राहत

**......रेरा ने माना—प्रमोटर का क्लब को निजी स्वामित्व में रखना और व्यावसायिक उपयोग करना कानून विरुद्ध, अपार्टमेंट स्वामियों के अधिकार सर्वोपरि।**

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी-रेरा) ने राजधानी लखनऊ स्थित अज़ियागाया डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना से जुड़े एक अहम मामले में खरीदारों को बड़ी राहत दी है। रेरा की मुख्यालय खंड न्याय पीठ ने "अज़िया बोटेनिका अपार्टमेंट बायर्स एसोसिएशन बनाम अज़ियागाया डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड" प्रकरण में सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश दिया कि प्रमोटर परियोजना में निर्मित क्लब भवन और अन्य साझा सुविधाओं को अपने निजी स्वामित्व में नहीं रख सकता और न ही उन्हें व्यावसायिक रूप से उपयोग कर सकता है। मामले में अपार्टमेंट स्वामियों के संघ ने रेरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रमोटर ने बिना विधिपूर्ण सहमति के स्वीकृत लेआउट योजना में परिवर्तन कर क्लब भवन और साझा सुविधाओं को "स्वतंत्र क्षेत्र" घोषित करते हुए उन्हें अपने कब्जे में रखने और व्यावसायिक स्वरूप में इस्तेमाल करने का प्रयास किया। रेरा की पीठ ने विस्तृत सुनवाई और जांच के बाद माना कि प्रमोटर की यह कार्रवाई कानूनी प्रावधानों के विपरीत है और खरीदारों के अधिकारों का उल्लंघन करती है। पीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रमोटर अब क्लब भवन, साझा क्षेत्र और सुविधाओं पर किसी भी प्रकार का स्वामित्व या नियंत्रण नहीं रखेगा तथा उन्हें व्यावसायिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल नहीं करेगा। आदेश के अनुसार, प्रमोटर को तत्काल प्रभाव से क्लब भवन और उसमें निर्मित सभी सुविधाओं का भौतिक नियंत्रण एवं स्वामित्व अपार्टमेंट स्वामियों के एसोसिएशन को सौंपना होगा। इसके साथ ही, परियोजना से संबंधित मूल स्वीकृत योजनाएं, सामान्य क्षेत्र, साझा सुविधाओं के अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज भी स्थानीय कानूनों के तहत एसोसिएशन को उपलब्ध कराए जाएं।

रेरा ने यह भी कहा कि प्रमोटर को रेरा अधिनियम 2016, उत्तर प्रदेश रेरा नियमावली 2016 एवं 2018, यूपी अपार्टमेंट अधिनियम 2010 और अपार्टमेंट नियमावली 2011 सहित सभी प्रासंगिक विधिक प्रावधानों का पालन करना होगा। खरीदारों के साथ किए जाने वाले सभी विक्रय अनुबंध और विलेख भी इन प्रावधानों के अनुरूप होने चाहिए। इसके अतिरिक्त, रेरा ने यह पाया कि प्रमोटर द्वारा विधि उल्लंघन की पुष्टि होने पर उनके विरुद्ध धारा 61 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही भी प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। इस फैसले के बाद अब परियोजना में क्लब सहित सभी कॉमन एरिया और सुविधाओं का संचालन, रखरखाव और नियंत्रण पूरी तरह अपार्टमेंट स्वामियों के एसोसिएशन के हाथों में रहेगा।

यह निर्णय न केवल अज़िया बोटेनिका परियोजना के निवासियों के लिए बड़ी राहत है, बल्कि संपूर्ण रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक सशक्त संदेश भी है कि रेरा खरीदारों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रमोटर की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे डीपीआरओ

**● जांच टीम गठित करने कर रहे हीला हवाली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** ऐलिया ब्लाक मुख्यालय पर पसनैका के ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरनारत ग्रामीणों की सुनवाई करने की सुधि जनपद के किसी अधिकारी ने अब तक नहीं ली है। जिसको लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण आहत हैं। धरनारत ग्रामीणों ने तीसरे दिन निर्णय लेते हुये कहा कि पंचायत विभाग भ्रष्टाचार के अकंठ में डूबा चुका है। वह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कायाकल्प व एसबीएम धरातल तक नहीं पहुंचा सका है। फर्जी रिपोर्ट प्रेषित कर सरकार को जरूर गुमराह करने में सफल रहा है। परन्तु हकीकत छिपाकर सरकार की जो किरकिरी करा रहा है। वह आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पर विपरीत असर डाल सकता है।धरनारत ग्रामीणों ने रविवार से भूख हड़ताल करने का निर्णय लेते हुये बीडीओ कार्यालय में सूचना उपलब्ध कराने का प्रयास किया जिसे कार्यालय कर्मियों ने रिसीव करने से मना कर दिया। लेकिन उनके मना करने का हम लोगों पर कोई असर नहीं पड़ता है।

धरने की अगुवाई करने वाले वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह का कहना है कि ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय पसनैका में वर्श 2021-22 में दो मूत्रालय बनवाये गये जिनके मरम्मत पर भी वर्ष 2023-24 में हजारों रूपये व्यय दर्शाकर हड़पे गये, सामुदायिक शौंचालय में पानी व्यवस्था हेतु हैण्डपम्प न लगाकर धन हड़पा गया, पक्के काम पर रोंक के बावजूद बेंच खरीद हुई, स्ट्रीट लाइट लगी, परन्तु जरूरी कार्य शौंचालय पर ध्यान नहीं दिया। स्कूलो वॉटर कूलर तो लगे लेकिन कम समय में ही निष्क्रिय हो गये। सामुदायिक शौंचालय में विजली विल, साबुन, ब्लीचिंग पाउडर, हार्पिक आदि के नाम केयर टेकर को तीन हजार रूपये भुगतान न देकर फर्म को भुगतान किया गया। जो शासन के निर्देश विपरीत है। हर तरह से शासकीय धनराशि का दुरूपयोग होने के बावजूद जांच के नाम पर हीला हवाली सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर भारी पड़ता दिख रहा है। ऐसे में हम अपने अधिकार हेतु रविवार से अनिश्चित कालीन धरना भूंख हड़ताल में बदलेंगे। धरने पर कामता, सुनील, किशोरी लाल, संतराम, प्रमोद, परवन, प्यारेलाल , मनोज , जसवंत आदि दो दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पर सरकारी ज़मीन कब्ज़ाने का आरोप, पीड़िता ने एसडीएम और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ।** एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत सत्य साबित हो रही है। ग्राम पंचायत में दर्ज ऊसर की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करके उस जमीन पर कॉम्पलेक्स बना लिया, जब इससे भी जी नहीं भरा तो पड़ोस में विधवा की जमीन की तरफ दरवाजा लगा और बांस बल्ली गाड़कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत महिला ने अधिकारियों से की है। मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के अटौरा गांव की रहने वाली विधवा कृष्णावती पत्नी स्व0 कृष्णपाल ने उप जिलाधिकाकारी मलिहाबाद को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूमि गाटा संख्या 107 आबादी की जमीन है उसका मकान हुआ है, जिसकी घरौनी भी उसके पास है,बारिश की वजह से मकान गिर गया था। इसी गाटा संख्या से सटे गाटा संख्या 106ख जो उसर में दर्ज है जिसमें करीब आधा बिस्वा जमीन पर हमारा कब्जा 30 वर्षो से चला आ रहा है,जिस पर घूरा डालते हैं और जानवर बांध देते हैं। जिसका वाद एसडीएम न्यायालय मलिहाबाद में 167क के तहत विचाराधीन है। लेकिन गाटा संख्या 106ख पर समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य पार्वती के पति (प्रतिनिधि) विजय कुमार ने ऊसर में दर्ज भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर कॉम्पलेक्स बना लिया है। जिसकी शिकायत थाना व एसडीएम के साथ साथ मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 पर दर्ज कराई जा चुकी है हेल्प लाइन शिकायत संख्या 92515700070423 है। पीड़िता ने बताया कि शिकायत के बाद बुधवार को क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश चंद्र ओझा मौके पर जाकर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार को बुलाकर मौके की जांच की जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि ऊसर की ही जमीन पर विजय कुमार पुत्र भूपति द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध निर्माण कराया है। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्रीय दरोगा सैय्याद हुसैन खान मेरी जमीन पर कब्जा कराने में मेरे विपक्षी विजय कुमार को संरक्षण दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में तहसीलदार मलिहाबाद के सीयूजी नंबर पर बात करने के लिए फोन मिलाया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना मोहाना अंतर्गत कस्बा बर्डपुर स्थित स्वामी विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय सहजनवा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं से संवाद किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओ को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पावर लाइन-1090 , पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा- 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैडटच के बारे में घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन- 1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई । इस दौरान उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव, जयमाल, महिला आरक्षी अंकिता सिंह, सारिका सिंह शामिल रही।

## सुहाना जैन बनी सवर्ण युवा महासभा की हरदोई जिला अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** सवर्ण युवा महासभा, बिलग्राम चुंगी कार्यालय पर शुक्रवार को कमलेश अवस्थी राष्ट्रीय सचिव की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह की अनुमति से जनपद हरदोई की समाज सेविका सुहाना जैन को सवर्ण युवा महासभा का जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया। सुहाना जैन सवर्ण युवा महासभा की विचारधारा से प्रेरित होकर आज अपने तमाम समर्थकों के साथ सवर्ण युवा महासभा के बिलग्राम चुंगी स्थित कार्यालय पर पहुंची जहां जिला अध्यक्ष निशांत दीक्षित ने उनका स्वागत किया। कार्यालय पर उपस्थित तमाम कार्यकर्ताओं और सुहाना जैन के समर्थन में आए लोगों की उपस्थिति में सुहाना जैन को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बनाए जाने की घोषणा की गई। उपस्थित पदाधिकारी ने माला पहनकर उनका स्वागत किया। कमलेश अवस्थी राष्ट्रीय सचिव ने संगठन का पटका पहनकर एवं मनोनयन पत्र देकर उन्हें जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी।

कमलेश अवस्थी राष्ट्रीय सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला के निर्देश में संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है "गर्व से कहो हम हिंदू हैं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे" की दिशा में हम लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं जिससे प्रभावित होकर आज शहर की जानी-मानी हस्ती एवं समाजसेविका सुहाना जैन ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और उन्हें जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की बात कहीं।

सुहाना जैन ने जिला अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने के बाद महिलाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संगठन की जो विचारधारा है उससे मैं प्रभावित हूं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने , जातिगत आरक्षण और समाज को बांटने वाले एससी एसटी एक्ट के लिए हम समाज को जागरूक करेंगे उन्हें संगठन से जोड़ने का काम करेंगे हर एक वर्ग संगठन से जुड़े सामाजिक समरसता स्थापित हो यही मेरा निरंतर प्रयास होगा। मनोनयन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री निशांत दिक्षित,अमित द्विवेदी टीटू सिंह विक्रम सिंह राजेश अवस्थी रजनीश चंद्र पांडे शिवा, कमलेश गुप्ता अनुराग अवस्थी नीरज अवस्थी प्रमोद कश्यप, पंकज शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सोच विचार मंच इत्यादि एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## दूसरी पंचायत के लोगों को बुला कर संपन्न कराई सोशल ऑडिट बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद,लखनऊ।** ग्राम पंचायतों में पूरे वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यो को पारदर्शी तरीक़े से सरकार की योजनाओं का आमजन की जानकारी में लाने के लिए प्रतिवर्ष सोशल ऑडिट बैठक का आयोजन करने का प्रावधान पंचायत नियमावली में है। सोशल ऑडिट का उद्देश्य मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं में पारदर्शिता लाना है। इन दिनों ग्राम पंचायतों मे मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट चल रहा है। शुक्रवार को विकास खंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत टिकैत गंज में सोशल ऑडिट ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया। कहने को यह बैठकें थी पर मानकों को दर किनार करते हुए बस किसी तरह औपचारिकता पूरी कर दीं गई।

**किसी भी प्रधान ने नहीं कराई मुनादी जिससे ग्रामीणों को नही पता चला विकास कार्य**

दर्जनों ग्रामीणों के लोगों का आरोप है कि साल भर में प्रधानों/ सचिवों /तकनीकी सहायकों ने जमकर विकास के नाम पर पंचायत के धन की मलाई काटने के बाद भ्रष्टाचार छुपाने के लिए खुली बैठक अयोजित करने के लिए मुनादी इस लिए नही कराई कि उनके भ्रष्टाचार का खेल ग्रामीणों के सामने न खुल जाए इसलिए अपने कुछ चुनिंदा चहेतों को बुलाकर हस्ताक्षर करवा कर बैठक का कोरम पूरा कर लिया गया।

**ग्राम पंचायत टिकैतगंज**

यहां सोशल आडिट टीम के अलावा, रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक की मौजूदगी रही लेकिन वही सचिव नीरज गौतम अनुपस्थिति बैठक से नदारद रहे। फकीर की अध्यक्षता में महिला पुरूष सिर्फ 12 लोग ही बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्रतिभाग करने आए लक्ष्मन, चुकंदर सहित मात्र एक अन्य सहित मात्र तीन लोग टिकैतगंज ग्राम पंचायत के निवासी बैठक में थे और अन्य नौ लोग ग्राम पंचायत मंडौली के लोग बैठक में उपस्थिति दर्ज कराई ।मनरेगा श्रमिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोगों को बैठक में बुलाया गया था बैठक क्यों और किस लिए की जा रही हैं इसकी जानकारी नहीं दी गई थी और बैठक में सिर्फ दस से बारह लोग ही आए थे और एक सादे रजिस्टर पर सभी लोगों से हस्ताक्षर व अंगूठा लगवा लिया गया और न ही कुछ पूछा गया न कुछ पढ़कर कराए गए विकास कार्यो को सुनाया गया। बैठक में श्रमिक स्वश्र प्रकाश रावत की पत्नी ने मजदूरी का पैसा न आने की बात की तो उनकी बात पर बैठक में उपस्थित किसी जिम्मेदार ने भी ध्यान नहीं दिया। वहीं उपस्थित ग्रामीणों का कहना है कि जब किसी समस्या का समाधान करना ही नहीं है तो ऐसी सोशल आडिट बैठक का क्या मतलब। एक वर्ष में क्या विकास कार्य कराए गए उनकी जानकारी हम लोगों को नहीं है, और बैठक में इसका जिक्र भी नहीं किया गया। ग्राम प्रधान व सोशल आडिट टीम द्वारा गांव में प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया और बैठक से ग्राम प्रधान नदारद भी रहा। कुछ ग्राम पंचायत के लोगों को व अन्य पंचायत से बुलाकर बैठक की खानापूर्ति कर दी गई। वहीं बैठक में उपस्थित रोजगार सेवक लल्लू मौर्य सोशल आडिट टीम मॉनिटर बीआरपी शीला से वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कराए गए कार्यो व खर्च में पाई गई कमियों की जानकारी देने की बात की तो उन्होंने ऊपर से न देने की बात कहते हुए साफ मना कर दिया। बीआरपी शीला ने कहा कि सोशल आडिट कार्यालय से कहा गया है कि 12 से 01 बजे तक हर हाल में बैठक को समाप्त कर घर चले जाना।

### विस्फोटक सामग्री जप्त कर युवक को भेजा गया जेल



**बिसवां/सीतापुर** पुलिस अधीक्षक सीतापुर के निर्देश पर पटाखे की अवैध बिक्री के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक बिसवां के निर्देशन में नगर में कुछ विस्फोटक सामग्री पटाखे आदि का अवैध भंडारण पकड़ा गया है जो आर .के. ग्रैंड होटल के पीछे एक बंद पड़ी दुकान में रखा था। भंडारण का कोई भी लाइसेंस नहीं था तथा सुरक्षा संबंधी कोई भी उपकरण भी मौजूद नहीं थे। पुलिस ने मौके पर रईस अहमद पुत्र स्वर्गीय महंगू निवासी मिल्की टोला बिसवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा उनके खिलाफ मु0अ0स0 480/ 2025 धारा 5/9 ख विस्फोटक अधिनियम 1984 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। टीम में उप निरीक्षक सुधाकर सिंह उप निरीक्षक फूलचंद उप निरीक्षक आशुतोष मिश्रा व कांस्टेबल सौरभ आकाश सत्येंद्र कुमार सचिन नफीस प्रशांत कुमार शामिल है।

## सीतापुर के चंद्रशेखर प्रजापति को हरिद्वार उत्तराखंड में 'विद्यावाचस्पति'(Ph.D.) मानद उपाधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिधौली/ सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के सरौरा खुर्द निवासी युवा साहित्यकार एवं शिक्षाविद् चंद्रशेखर प्रजापति को उनकी साहित्यिक एवं शैक्षिक उपलब्धियों के लिए विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ, भागलपुर (बिहार) द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन-सह-सम्मान समारोह में "विद्यावाचस्पति (Ph.D.)" की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के ऑडिटोरियम में अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री श्याम वीर सैनी जी एवं संस्कृत अकादमी के शिक्षा निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज जी रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से यह विशिष्ट सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ. राम जन्म मिश्र सहित देशभर के अनेक वरेण्य विद्वान, शिक्षाविद् और साहित्य साधक उपस्थित रहे। डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति को यह विशेष मानद डॉक्टरेट उपाधि उनके बहुआयामी साहित्यिक योगदान, सामाजिक चेतना से युक्त रचनात्मक लेखन, तथा शैक्षिक प्रदेयों के लिए प्रदान की गई। इस सुखद समाचार से जनपद सीतापुर एवं समूचे साहित्यिक जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों, साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयाँ प्रेषित कीं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से सांसद राकेश राठौर, अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, विधायक मनीष रावत, डॉ गंगा प्रसाद शर्मा, शिक्षाविद् आर. डी. वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र प्रताप सिंह यादव, गुरुजी आचार्य नंदीलाल 'निराश', कवि एवं साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर', डॉ. अजय वर्मा, समाजसेवी डॉ. संदीप यादव, पिंकी प्रजापति, पूजा वर्मा, कवि रोहित विश्वकर्मा, नीतू वर्मा, सुरेंद्रकांत मौर्य, इमरान मंसूरी, आसमा खान, डायट प्रवक्ता अमित कुमार, तथा डॉ. राजवीर शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि "यह सम्मान न केवल डॉ. चंद्रशेखर की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सीतापुर की साहित्यिक और सांस्कृतिक धरती का गौरव बढ़ाने वाला क्षण है।"

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरनगर अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन भी संघर्ष जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुजफ्फरनगर।** आज दिनाँक 10.10.2025 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन भी संघर्ष जारी रहा। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ0 अमित कुमार जैन ने जनपद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी (माध्यमिक) के मनमाने ढंग सके कार्य करने की शैली के कारण आज धरने के चौथे दिन भी किसी समस्या के निराकरण का आश्वासन प्राप्त नही हुआ है आज तक की समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक शिवकुमार यादव ने बताया कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षको के आत्मसम्मान एवं अधिकारों के लिये कृतसंकल्पित हैं आज के बदलते युग में भी शिक्षक समुदाय अपने कर्त्तव्यों के प्रति तत्पर है परन्तु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय उनकी समस्याओं के निराकरण में असमर्थ है जो खेद का विषय है।

जिला मंत्री अरुण कुमार ने कहा कि एन0 पी0 एस0 की ग्रांट होने के बाद भी उक्त धनराशि को स्थानान्तरित नही किया जा रहा है। जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि जनपद के विभिन्न शिक्षक/शिक्षिकाओं के विभिन्न प्रकार के अवशेषो का भुगतान लम्बा समय बीत जाने के बाद भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं वित्त लेखाधिकारी के कार्यालय पर लम्बित है। धरने में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, डॉ सुरेन्द्र सिंह, समुन्दर सेन, विनोद कुमार,प्रीत वर्धन शर्मा, मानपाल सिंह, संजीव त्यागी, धर्मपाल, बिजेंद्र बहादुर, सुरेन्द्रपाल सिंह, सुभाषचंद्र, राजेश कुमार, हेमन्त बिश्नोई, अरूण कुमार कौशिक, सुनिता जैन, बबीता जैन, अलीशा आबिद, मोनी धीमान,रवि प्रकाश यादव, सनव्वर, सर्वेश कुमार, अरविन्द दुबे, रामसिंह यादव, प्रदीप कुमार, अब्दुल सत्तार, जय प्रकाश सरोज, डा0 अमित कुमार वर्मा, प्रशान्त आदि सैकडो शिक्षक उपस्थित रहे।

### सुरक्षा दल उतरा सड़कों पर



**लखनऊ।** माल क्षेत्र का वन सुरक्षा दल अवैध पेड़ कटान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत लकड़ी माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है। वन सुरक्षा बल प्रभारी सतीश वर्मा अपनी टीम के साथ इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। टीम में वन दरोगा मुकद्दर अली, वन रक्षक रोहित सिंह, श्याम बाबू गुप्ता और वाहन चालक दया राम शामिल हैं। यह दल इन दिनों माल, गौरैया, बरुआ, कसमंडी गोपरा मऊ, सैदापुर, मलिहाबाद और काकोरी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है। हरे पेड़ों की कटान रोकने के लिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वन सुरक्षा दल प्रभारी सतीश वर्मा द्वारा बताया गया कि डीएफओ लखनऊ के निर्देश पर गस्त कर प्रभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### ईंट से प्रहार कर युवक को उतारा मौत के घाट इलाक़े में फैली सनसनी, खेत में बकरी जाने पर हुआ था विवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के मानपुर थाना क्षेत्र के गुरुवार की देर शाम ग्राम डेढ़वापुर में बकरी के पड़ोसी के खेत में घुसने को लेकर हुए विवाद हो गया इस विवाद में एक युवक की ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, ग्राम डेढ़वापुर निवासी राजू (38) पुत्र रतनू की गुरुवार शाम गांव के ही एक व्यक्ति से कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि राजू की बकरी पड़ोसी शिवकुमार के खेत में घुस गई थी, इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी शिवकुमार ने गुस्से में आकर राजू पर ईंट फेंककर हमला कर दिया। हमले में राजू गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और घायल राजू को आनन-फानन में सीएचसी बिसवां लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर मानपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सीओ बिसवा अमन सिंह ने बताया कि आरोपी शिवकुमार के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है ग्रामीणों के मुताबिक, राजू मिलनसार स्वभाव का व्यक्ति था। उसकी अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर है!!

## हमारा गांव अब तकनीक से सुरक्षित रहेगा-ग्राम प्रधान सर्वेश रावत

**● ग्राम प्रधान ने गांव के मुख्य मार्गों पर लगवाए सीसीटीवी कैमरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के गांवों में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत महमूद नगर के प्रधान सर्वेश रावत ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने गांव की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नेजाभारी, खेड़ा, पाठकगंज व महमूद नगर के मुख्य मार्गों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि पूरी ग्राम पंचायत में अब तक डेढ़ दर्जन कैमरे लगाए जा चुके हैं, शेष जगहों पर अभी और कैमरे लगाएं जाएंगे। इस कदम को ग्रामीणों ने एक बेहतरीन और दूरदर्शी निर्णय बताते हुए ग्राम प्रधान की जमकर प्रशंसा की। हाल के महीनों में क्षेत्र के कई गांवों में चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। ऐसे में ग्राम प्रधान सर्वेश रावत ने बिना किसी देरी के गांव की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का बीड़ा उठाया। उनकी पहल पर गांवों में कई स्थानों पर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे गांव की हर गतिविधि अब कैमरों की निगरानी में रहेगी।

सर्वेश रावत ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल चोरी रोकना नहीं, बल्कि गांव में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा, हमारा गांव अब तकनीक से सुरक्षित रहेगा। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति गांव में आता है, तो उसकी गतिविधि कैमरे में रिकॉर्ड हो जाएगी, जिससे पुलिस को भी मदद मिलेगी। गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने प्रधान की इस पहल को बेहद सराहा। ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्य सिर्फ एक सुरक्षा कदम नहीं, बल्कि ग्राम विकास की दिशा में उठाया गया एक आधुनिक सोच का उदाहरण है। ग्रामवासी अनय पाठक, संतोष द्विवेदी, राजीव तिवारी (गोलू मामा), कार्तिक पाठक (कुक्की), रंजीत रावत, राकेश कुमार (छोटू टेलर), अंकित रावत, और शिवकुमार ने कहा कि सर्वेश रावत हमेशा गांव के विकास के लिए सक्रिय रहते हैं, चाहे वह स्वच्छता अभियान हो, सड़क निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था या अब सुरक्षा से जुड़ा यह बड़ा कदम।



गांव की गलियों में अब न केवल कैमरे लगे हैं, बल्कि लोगों में एक नया आत्मविश्वास भी पैदा हुआ है। वहीं महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रात के समय भयमुक्त माहौल मिला है। ग्रामीणों ने सर्वेश रावत को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसा जागरूक और कर्मठ प्रधान ही गांव की असली पहचान होता है। ग्रामीण अब गर्व से कह रहे हैं कि हमारे प्रधान सर्वेश रावत सिर्फ नेतृत्व नहीं करते, बल्कि गांव की हर समस्या को अपना कर्तव्य समझकर हल करते हैं। उनकी यह पहल न केवल अन्य ग्राम प्रधानों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह भी साबित करती है कि अगर इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो सीमित संसाधनों में भी गांव को सुरक्षित और विकसित बनाया जा सकता है।

# बसपा की रैली देख़, विपक्षी दलों के छूटे पसीने

उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले सभी राजनीतिक दल धीरे-धीरे अपनी जोर आजमाइश में जुटे है। जहां भाजपा के लोग सरकार की योजना का बखान लोगों के बीच करते हुए फिर सत्ता के तरफ निगाह बनाये है, वहीं सपा भी पीडीए के मायाजाल को फैलाकर वोट बैंक को मजबूत करने पर जुटी है, रही बात कांग्रेस की तो वह तो जानती है कि दिल्ली ही नहीं बल्कि लखनऊ भी बहुत दूर है। लेकिन इसी बीच बीते 12 वर्षो से राजनीतिक वनवास बीता रही बसपा की रैली ने एक बार फिर ठंडी शुरू होने के ठीक पहले राजनीतिक गालियारे में गर्मी पैदा कर दी है। साथ ही चुनाव बाद 5वीं बार यूपी में बसपा के सरकार की भविष्यवाणी ने सपा और भाजपा के कान खड़े कर दिये है जिसका प्रमाण लखनऊ में आयोजित बसपा की रैली में उमड़ी भारी भीड़ ने मुहर लगा दी। एक समय राष्?ट्रीय राजनीति मे बहुजन समाज पार्टी की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती थी, लेकिन गुजरते वक?त के साथ बसपा राष्?ट्रीय राजनीति से जैसे गायब ही हो गई। समय के साथ पार्टी का प्रभाव धीरे-धीरे सिमटता गया। लोकसभा और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में लगातार झटकों ने बसपा को हाशिए पर ला खड़ा किया। हालांकि बीते 9 अक्टूबर को लखनऊ में हुई मायावती की रैली में उमड़ी भारी भीड़ ने न सिर्फ पार्टी को नई ऊर्जा दी, बल्कि मायावती के आत्मविश्वास को भी फिर से जगा दिया है. यह भीड़ बताती है कि बसपा का जादू अब भी कायम है। अब यह देखना है कि यह भीड़ आगामी चुनावो में बसपा के राजनीतिक धारा में फिर से पुनरजीवित करेंगी? जिस तरह लख़नऊ की रैली में लोगों की ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली, इससे फिर से बसपा की उम्?मीद जगी है कि बसपा और मायावती पर दलितों का विश्?वास कम नहीं हुआ है। दलितों के लिए आज भी मायावती बड़ी नेता हैं। यही कारण है कि लखनऊ रैली में जिस उत्?साह से दलित सम्मिलित हुए हैं, उसने मायावती को भी लंबे वक?त बाद किसी राजनीतिक मंच पर खुश होने का मौका दे दिया है। इतनी भीड़ देखकर जहां बसपा में ख़ुशी है वहीं विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस में डर भी बन गया है। लखनऊ की रैली में बसपा सुप्रीमो मायावती ने खुद कहा कि ये जो लाखों-लाखों की संख्या में लोग आए हुए हैं तो इनको यहां दूसरी पार्टियों की तरह दिहाड़ी पर नहीं लाया गया है, बल्कि ये लोग अपने खून पसीने की कमाई के पैसों से ही खुद चलकर आये है। लखनऊ यह रैली बसपा के लिए सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश भी था कि दलित समाज का भरोसा मायावती पर कायम है. वोट बैंक बिखरा, पार्टी की राजनीतिक जमीन भी खिसकती गई. बावजूद इसके मायावती की लोकप्रियता में गिरावट नहीं आई है. लखनऊ रैली में दलित समुदाय की भारी भागीदारी ने यह साफ कर दिया कि मायावती अब भी उनके लिए एक बड़ी नेता हैं. लंबे समय बाद किसी मंच पर मायावती को इस तरह आत्मविश्वास से भरे और उत्साहित अंदाज में बोलते देखना बसपा कार्यकर्ताओं के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है। रैली में मायावती ने जहां योगी सरकार का आभार जताया वहीं समाजवादी पार्टी को दोगली बता कर राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज कर दी है। लेकिन अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए इसे सांठगांठ बता दिया। पिछली बार बसपा ने 2016 में बड़ी रैली की थी। उस रैली के बाद दो लोकसभा और दो विधानसभा हुए लेकिन बसपा को कोई फायदा नहीं हुआ। 2022 में मात्र एक सीट से बसपा को संतोष करना पड़ा। मायावती अपने संबोधन के दौरान अखिलेश यादव और सपा पर सीधे हमलावर नजर आई और योगी सरकार की तारीफ भी की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांशीराम पार्क और



अंबेडकर पार्क में आने वाले लोगों से मिले टिकटों का पैसा योगी सरकार ने सपा सरकार की तरह दबाकर नहीं रखा। मेरे आग्रह पर पार्क की मरम्मत पर पूरा खर्च किया गया। जबकि सपा सरकार ने पार्क के रखरखाव की बजाय दूसरे मदों पर पैसा खर्च कर दिया था। मायावती ने भीम आर्मी के प्रमुख और नगीना से सांसद चंद्रशेखर पर भी निशाना साधा और कहा कि हमें कमजोर करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों का इस्तेमाल करके कई संगठन बनवा दिए गए हैं। अब तो ये अंदर ही अंदर अपने वोट ट्रांसफर करवा कर इनके एक-दो उम्मीदवारों को जिता भी रहे हैं, जिससे दलित वोट बांटे जा सकें। मायावती ने मंच से अपने भतीजे आकाश आनन्द की तारीफ की और लोगों से आकाश का साथ देने की अपील भी की। मायावती ने सतीश चंद्र मिश्रा और उनके बेटे कपिल मिश्रा की भी तारीफ की। इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और जमील अख्तर की भी जमकर सराहना की। और लोगों को भ्रमित न होने की बात कहते हुए उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने और 5वीं बार सरकार बनाने की भी बात करके कार्यकर्ताओं और समर्थको में जोश भर दिया और सपा, भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों के षड्यंत्रों से सजग रहने की बात भी कही, इसके बाद सपा और भाजपा के अंदरखाने में भी चर्चा तेज हो गई है और लोग मायावती को सत्ता तक न पहुंचने के लिए हर जुगत में जुट गए है क्योंकि भीड़ को देखकर सभी राजनीतिक पंडित भी हैरान है जो बसपा के प्रति आज भी लोगो का प्रेम और सामर्थन दिखाता है।

रैली में मायावती के मंच पर लगी कुर्सियां और उसपर बैठे नेताओं ने सपा के पीडीए वाली राजनीति को समाप्त करने का बड़ा संकेत दे दिया। अभी तक इस तरह के मंच पर मायावती की ही कुर्सी विशेष होती थी लेकिन 9 अक्टूबर 2025 की रैली में मंच पर ब्राह्मण, ठाकुर, पिछड़ा, दलित और मुस्लिम चेहरे को एक साथ कुर्सी मिली जिसे बसपा की सोच में एक बड़ा बदलाव का संकेत माना जा रहा है। यह पहली बार था जब मायावती की किसी रैली में मंच पर दूसरे नेताओं को भी बैठने की जगह दी गई। विदित हो कि बसपा 2012 में यूपी की सत्ता से बाहर हुई थी। इसके बाद से पार्टी का ग्राफ लगातार गिरता गया। 2022 के चुनाव में सिर्फ एक विधानसभा सीट जीत पाई। वहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता नहीं खुला। राजनीतिक जानकार मानते हैं बसपा को इस कार्यक्रम से बड़ी संजीवनी मिल सकती है। हालांकि राजनीति में कब क्या हो जाये कोई कुछ नहीं कह सकता लेकिन बसपा की रैली में उमड़ी भीड़ ने तो राजनीतिक गालियारे में चर्चा तेज कर दी है।

**संतोष कुमार तिवारी**

# इजरायल हमास शांति समझौते के श्रेय के हकदार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

इजराइल और हमास के बीच शांतिवार्ता से से गाजा में शांति की राह खुली है।लोगो मे दहशतगर्दी और भय व्याप्त था।कब,किसी वक्त मौत के आगोश में दब जाए,यह किसी को पता नही था।ट्रम्प की पीसफुल वार्ता से हमास ही नही,दुनिया मे खुशी का माहौल है।हमास भी इस समझौते को लेकर राजी है।नोबल पुरुष्कार मिले,यह कौन नही चाहता है।नोबल पुरुस्कार की बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कही थी।तब से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक ही धुन सवार थी और वो किसी भी हालत में दो देशो के बीच शांति स्थापित करने की ठान ली ।मिस्त्र में लम्बी बातचीत के बाद इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम के बाद हमास कैदियों को छोड़ने के लिए राजी हो गया है।गाजा की तुमाखी भरी जिद्द के कारण 18 हजार बच्चो की चींख-पुकार मलबे में दफन हो गई।20 हजार अनाथ हुए लोगो का जीना दुश्वार हो चुका है।इस बीच इजराइल ने बहुत कुछ गवाया है।इजरायल का 3.8 लाख करोड़ का खर्च हुआ है।युद्ध विनाश को निमंत्रण देता है।युद्ध मे दोनो देशों को नुकसान हुआ है।गाजा में चार साल से चल रहे युद्ध को समझौता करार के बाद विराम लग गया है,लेकिन यह गारंटी के साथ नही कह सकते कि युद्ध खत्म हो ही जायेगा।दो सालों से इजराइल और हमास के बीच काफी तनाव चल रहा है।इसमे दोराय नही कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मध्यस्थता करके दोनो देशो के बीच शांति वार्ता की सिफारिश करते हुए युद्ध विराम की घोषणा की गई है।लिहाजा,ट्रम्प ने दोनों देशों पर दबाव डालकर युद्ध रुकवाने की कोशिश की है।इसके साथ ही ट्रम्प वास्तविक नोबल पुरस्कार के हकदार है।गाजा में जश्न मनाया गया।उधर,इजराइल में खुशी का माहौल था।युद्ध हमास ने शुरू किया था। दरअसल,2023 में हमास ने इजराइल पर हमला किया था।उसमे1,200 लोग मारे गए और 231 इजराइली को बंधक बना लिए गए थे।यह करतूत हमास की थी।इजरायल सभी मुस्लिम देशों के बीच अकेला यहूदी देश है।टेक्नोलॉजी से भरपूर मिसाइलों की मारक क्षमता बहुत अधिक है।अचानक होने वाले हमले का जवाब मिसाइलें देती है।इजराइली की एक करोड़ आबादी है।लेकिन वहां के कानून के हिसाब से घर के एक सदस्य को सेना में भर्ती होना पड़ता है।इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का भी परिवार क्यों नही हो,उनके लड़के को भी देशसेवा के लिए एक वर्ष तक सेवा प्रदान करना पड़ता है।इजराइल के हमलों से गाजा का अधिकांश भाग नष्ट कर दिया है।हमास की देश के विरुद्ध बहुत बड़ी भूल थी।वाइट हाउस में दोनो देशो के बीच सहमति बनने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेत्यांन्यू और डोनाल्ड ट्रम्प सहित ने एक कार्यक्रम आयोजित में हिस्सा लिया।डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव के बाद इजराइल को शांति वार्ता के लिए राजी होना पड़ा ।जबकि हमास को भी ट्रम्प की बात का समर्थन करना पड़ा।युद्ध की विभीषिका मानवीय गुणो को नष्ट कर देती है।युद्ध में निर्दोष लोगों की जानमाल की क्षति होती है।भारत ने पाकिस्तान के द्वारा किये गए युद्ध की संहार लीला से मोदी ने भूतकाल की याद ताजा की और उनका दिल पसीज गया । उन्होंने तब रूस और युक्रेन की जंग को खत्म करने का आग्रह कर कहा कि यह युद्ध का समय नही है।सभी देशो को मिलकर अपने अपने देश के विकास में ध्यान देने की आवश्यकता है। गाजा में मानवीय सहायता बढाई जाएगी।दोनो देशो मे खुशी है।यहां तक युद्ध विराम के बाद भारत ने स्वागत किया है।दुनिया मे पीस प्लान से खुशी व्याप्त है। दोनों देशों ने गंवाया ही गंवाया है।हासिल किसी को नही हुआ है।दो साल में 67 हजार लोगों की मौतते हुई है।दोनो देशो के बीच विश्वास बहाली का पहला कदम साबित हुआ है।जबकि शांतिवार्ता और युद्ध विराम का श्रेय डोनाल्ड ट्रम्प को जाता है।लम्बे समय से दोनो देशो के बीच युद्ध विराम को लेकर ट्रम्प आशावादी थे।युक्रेन और रूस के प्रधानमंत्री को ट्रंप ने शांति वार्ता के लिए निमंत्रण दिया और युद्ध विराम के लिए दोनो देशों के राष्ट्राध्यक्ष को नियमो के अधीन समझाइस की कोशिश की गई।शर्तो के मुताबिक दोनो के बंधक को रिहा किया जाएगा।गाजा से इजराइल के सैनिक अधिकांश हिस्से से लौट जाएंगे।युद्ध की विभीषिका जलते अंगारे की ज्वाला है।इसमें सबकुछ खाक हो जाता है।यह दुनिया के लिए भी विघटनकारी सिद्ध होता है।मानवता को झकझोर कर रख देता है।मिसाइल हमले विनाशकारी होते है।इससे जमीन की उर्वरक क्षमता नष्ट हो जाती है ।युद्ध से मिसाइलों की गंध और किरणों से रोगों की उत्तपत्ति होती है।इजराइली सेना से हवाई हमले किये और 30 लाख से ज्यादा लोग मारे गए।दरअसल, 17 लाख विस्थापित हो चुके है।यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। गाजा की एक भूल के कारण लम्बे युद्ध ने लाखों हताहत हुए।2023 से जंग में सबसे ज्यादा फिलिस्तिनियो की मौत हुई।इजराइली सेना ने गाजा के चरमपंथियों पर हमला किया गया।विनाश गाजा पट्टी में हुआ है।इमारते




जमीदोंज हो चुकी है। मिसाइलों के हमले से गाजा पट्टी का भौगोलिक वातावरण बदल गया है।यही विनाश है।डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच शांतिवार्ता में सहयोग कर दोनो देशो की खाई पाट दी है।नोबल पुरस्कार की चर्चा है और इसके लिए ट्रम्प हकदार है।गाजा पट्टी 1917 तक ओटोमन सामाज्य का हिस्सा था।प्राचीन व्यापारिक और समुद्री पट्टी पर स्थित एक तटीय पट्टी है।इजराइल और मिस्त्र से गाजा घिरा हुआ है।यहा ब्रिटिश हुकूमत का राज था और यह 1948 तक चला।इसके बाद मिस्त्र और इजराइल के कंट्रोल में रहा था। 1940 के दशक में यहां ब्रिटिश शासन का अंत हो गया। इसके बाद यहूदियों और अरबों के बीच जंग शुरू हो गई, जिसका नतीजा ये हुआ कि मई 1948 में इजरायल का जन्म हुआ। जंग के दौरान हजारों फिलिस्तीनियों ने जान बचाने के लिए गाजा में शरण ली। मिस्त्र की सेना ने युद्ध के समय गाजा पट्टी पर कंट्रोल कर लिया। उसका कंट्रोल काफी लंबे समय तक रहा और यहां आबादी भी बढ़ती चली गई।अब पीस प्लान के बाद दुनिया मे शांति का वातावरण बन रहा है।दुनिया मे उत्साह है।

**कांतिलाल मांडोत**

# आस्था,विश्वास और विकास का पर्याय भारत

**एक नई वैश्विक पहचान।**

भारत में विगत दो-तीन दशकों में भारत में कृषि,विज्ञान,टेक्नोलॉजी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है. भारत में विशेष तौर पर साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा सामरिक क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफलता पाई है। इन दिनों विश्व में जितने भी राजनीतिक और कूटनीतिक अहम फैसले किये जाते हैं उन में भारत की सलाह तथा उपस्थिति अनिवार्य मानी जा रही है यह भारत के गौरव की बात है। 1947 में भारत और पाकिस्तान ने स्वतंत्रता प्राप्त की, लेकिन दोनों देशों की दिशा भिन्न रही। पाकिस्तान ने मुस्लिम राष्ट्र की अवधारणा अपनाई और अलग राह चुनी, जिसके परिणामस्वरूप आज वह कई आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। भारत ने लोकतांत्रिक और जनतांत्रिक मूल्यों के आधार पर विकास के नए आयाम स्थापित किए, देश को सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर बनाया। पिछले दशक में भारत की राजनीतिक संरचना में उत्तरदायित्व आधारित शासन और प्रभावी प्रशासन ने लोकतंत्र को मजबूती दी। रिपोर्ट कार्ड राजनीति के उदय ने नेताओं और दलों का मूल्यांकन उनके कार्यों और परिणामों के आधार पर शुरू किया। संवैधानिक स्तर पर ऐतिहासिक कदम जैसे अनुच्छेद 370 का निरसन और जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन, तीन तलाक कानून और नागरिकता संशोधन अधिनियम ने न केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय नीति में नए दृष्टिकोण स्थापित किए। डिजिटल संसदीय पहलें, ई-संसद और डिजिटलीकरण ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया, वहीं विपक्ष, मीडिया और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक विमर्श को चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली बनाया। नई भारत की अवधारणा केवल राजनीति और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रही। योग, आयुर्वेद और प्राचीन भारतीय ज्ञान को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया गया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक आकांक्षाओं का प्रतीक बना। शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों में भारतीय इतिहास और आख्यानों को नवीन रूप दिया गया। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के विकास पर जोर दिया गया। सांस्कृतिक कूटनीति के माध्यम से भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत की, जबकि बहुलतावाद और परंपरा बनाम आधुनिकता जैसी सामाजिक चुनौतियाँ विचार विमर्श का विषय बनीं। भारत ने इस दशक में अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार किए। मेक इन इंडिया ने



विनिर्माण और रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दिया। जीएसटी ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया, 2025 के संशोधन से आम जनता को बड़ी राहत मिली। डिजिटल इंडिया, जनधन योजना और PI ने नकदी रहित लेन-देन और वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी। स्टार्टअप इंडिया ने नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा, जबकि बेरोजगारी, ग्रामीण-शहरी असमानता और कृषि सुधार अधूरे रहना अभी भी गंभीर चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने अपनी नई पहचान बनाई। G20 समिट और शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों में भारत ने संतुलित और निर्णायक नेतृत्व प्रस्तुत किया। रूस, चीन और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित कूटनीतिक संबंधों ने भारत की स्थिति को मजबूत किया। अमेरिकी टैरिफ और यूरोपीय दबावों का भारत ने स्पष्ट विरोध किया, जिससे वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका और प्रभाव बढ़ा। भविष्य की चुनौतियाँ और अवसर- पिछले दस वर्षों में राजनीतिक दृढ़ता, सांस्कृतिक आत्मगौरव और आर्थिक नवाचार ने भारत को वैश्विक परिदृश्य में निर्णायक शक्ति बना दिया।

इसके बावजूद असमानता, बेरोजगारी और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। सनातनी संस्कृति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामरिक शक्ति में वृद्धि ने भारतीय जनमानस की एकजुटता और नेतृत्व की कार्यकुशलता को बढ़ाया, जिससे भारत का सम्मान और कद विश्व स्तर पर ऊँचा हुआ।

**संजीव ठाकुर**

## संपादकीय

# मैं लड़की हूं — संकट नहीं, समाधान हूं!

**बेटी अब प्रतीक्षा नहीं करती — वह खुद इतिहास लिखती है**

**डिजिटल युग की बेटियां-तकनीक से बदलती दुनिया की दिशा**

जब एक बालिका जन्म लेती है, वह केवल एक जीवन नहीं लाती–वह एक नई दृष्टि, अनंत संभावनाओं का सूर्य, और समाज को बदलने की अटल शक्ति लाती है। उसकी मुस्कान में भविष्य की गूंज और आंखों में सपनों का सागर छिपा है। लेकिन यह कटु सत्य भी है कि आज भी दुनिया के कई हिस्सों में वह भेदभाव, असमानता और अन्याय के साये में अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, जो हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी उद्घोषणा है–"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव की अगुआ हूं।" यह दिन बालिकाओं की अदम्य शक्ति का उत्सव है और उनके अनदेखे संघर्षों को सम्मान देने का आह्वान। संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए इस दिवस का विषय चुना है–"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं- संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां", यह विषय आज की सच्चाई को उजागर करता है–बालिकाएं अब परिवर्तन की प्रतीक्षा नहीं करतीं; वे उसकी सशक्त वाहक हैं। चाहे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष हो, डिजिटल समानता की मांग हो, या सामाजिक न्याय की लड़ाई–हर मोर्चे पर बालिकाएं अपनी अमिट छाप छोड़ रही हैं। संकटों में, जब दुनिया ठहर जाती है, यही बालिकाएं आगे बढ़ती हैं। कोविड-19 महामारी इसका जीवंत उदाहरण है। यूनेस्को के आंकड़ों के अनुसार, उस दौरान लगभग 24 मिलियन बच्चे, विशेषकर लड़कियां, स्कूल छोड़ने के कगार पर थे। फिर भी, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों ने मास्क बनाए, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाई, और ऑनलाइन शिक्षा के लिए अपने समुदायों को प्रेरित किया। यह साबित करता है कि नेतृत्व उम्र या लिंग से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और संवेदना से परिभाषित होता है। इन प्रेरक कहानियों के बीच एक कड़वी सच्चाई भी है। यूनिसेफ की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से वंचित हैं। प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और गरीबी के कारण सबसे पहले इन्हीं की शिक्षा छिनती है। जलवायु परिवर्तन जैसे संकटों में, लड़कियां न केवल पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी शिकार बनती हैं। बांग्लादेश और भारत में बाढ़ व चक्रवातों के दौरान लड़कियों को अक्सर परिवार की जिम्मेदारियां उठानी पड़ती हैं, जिससे उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं। लेकिन यही लड़कियां समाधान की मशाल भी थाम रही हैं। मलावी और युगांडा में किशोरियां जलवायु कार्यकर्ता बनकर स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे रही हैं। यह दिखाता है कि संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां केवल पीड़ित नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त अगुआ हैं। डिजिटल असमानता एक और अनदेखा संकट है। आज डिजिटल पहुंच केवल सुविधा नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। फिर भी, इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, विकासशील देशों में केवल 37% महिलाएं और लड़कियां इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 43% है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लड़कियों को स्मार्टफोन और डिजिटल शिक्षा की कमी झेलनी पड़ती है। यह केवल तकनीकी संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का अभाव है। केन्या और नाइजीरिया में लड़कियां डिजिटल शिक्षा के लिए अभियान चला रही हैं, कोडिंग सीख रही हैं, स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, और तकनीकी क्षेत्र में अपनी जगह बना रही हैं। यह एक नई क्रांति की शुरुआत है, जो हमें यह सवाल पूछने को मजबूर करती है–क्या हम वाकई अपनी लड़कियों को डिजिटल युग में नेतृत्व के लिए सशक्त कर रहे हैं? लड़कियों की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास एक अनमोल शक्ति है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। हम उन्हें सशक्त बनाने की बात करते हैं, लेकिन क्या हम उन्हें ठोकर खाकर फिर उठने का हौसला देते हैं? समाज लड़कियों से हर कदम पर पूर्णता मांगता है, पर गलतियों से सीखने की आजादी उन्हें शायद ही मिलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सामाजिक दबाव और लैंगिक असमानता के कारण किशोरियों में तनाव और चिंता की दर लड़कों से कहीं अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हमें सिखाता है कि नेतृत्व का मतलब केवल जीत नहीं, बल्कि हर मुश्किल में खुद पर भरोसा कायम रखना है। हमें हर लड़की को यह यकीन दिलाना होगा कि उसकी आवाज अमूल्य है और उसकी





असफलताएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति का सबूत हैं। परिवर्तन की शुरुआत घर की चौखट से होती है। क्या हम अपनी बेटियों को निर्णय लेने की आजादी देते हैं? क्या उनकी राय को बेटों जितना सम्मान मिलता है? एक अध्ययन बताता है कि भारत में केवल 27% परिवार किशोरियों को घरेलू फैसलों में शामिल करते हैं। नेतृत्व की नींव घर में पड़ती है। जब एक बेटी को यह विश्वास मिलता है कि वह गलती कर सकती है, उससे सीख सकती है, और फिर दुनिया को चुनौती दे सकती है, तभी वह सच्चा नेतृत्व निभाती है। हमें एक ऐसा समाज रचना होगा जहां हर बालिका बिना डर के बोले, बिना बाधा के सीखे, और बेझिझक सपने सजाए। इसके लिए शिक्षा में समावेश, रोजगार में समानता और सामाजिक ढांचे में संवेदनशीलता अनिवार्य है। लड़कियां बदलाव की मांग नहीं करतीं–वे बदलाव का चेहरा हैं। वे ग्रेटा थनबर्ग की तरह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ दुनिया को झकझोर रही हैं। वे डिजिटल युग में तकनीकी क्रांति की नींव रख रही हैं। वे सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो अपने समुदायों में समानता की लौ जला रही हैं। "मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं" सिर्फ एक नारा नहीं, एक अटल विश्वास है। यह हमें सिखाता है कि जब हम एक लड़की को बोलने का मंच देते हैं, तो हम भविष्य को नया आकार देते हैं। जब हम उसकी प्रतिभा पर भरोसा करते हैं, तो हम समाज को अडिग बनाते हैं। 11 अक्टूबर 2025 का अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक क्रांति का आह्वान है। यह हर उस लड़की की आवाज को बुलंद करेगा, जो अपने भीतर दुनिया बदलने की ज्वाला रखती है। जिस दिन हर लड़की निर्भय होकर कह सके–"मैं डरती नहीं, मैं नेतृत्व करती हूं"–वही दिन इस उत्सव की सच्ची जीत होगा। क्योंकि एक ऐसा समाज, जहां लड़कियां संकटों में भी मुस्कराकर आगे बढ़ें, वही सच्चे अर्थों में प्रगतिशील है।

**प्रो. आरके जैन**

# विश्व को अशांत करने वाले मांग रहे शांति का नोबेल पुरस्कार

आज के दौर में युद्ध और शांति का फॉर्मूला कुछ यूँ बदल गया है-पहले आग लगाओ, फिर पानी छिड़कने का ढोंग करो, और अंत में "शांति दूत" की उपाधि खुद को दे दो। इस आधुनिक कूटनीति के सर्वश्रेष्ठ कलाकार नजर आते हैं वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रम्प।आप वही व्यक्ति जो दावा करते हैं कि उन्होंने दुनिया में छह से ज़्यादा युद्ध( भारत एवं पाकिस्तान; इजरायल और ईरान; आर्मेनिया और अज़रबैजान; कांगो और रवांडा; कंबोडिया और थाइलैंड; कोसावो और सर्बिया; हमाश और इजरायल; आदि)रुकवा कर शांति बहाल की हैं अतः उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। कुछ देशों ने तो बाकायदा उनके नाम का विधिवत चयन समिति को प्रस्ताव भी भेज दिया। इसे इन देशों का डर कहो,या रणनीति या माननीय ट्रम्प के टैरिफ प्रकोप से बचने का तरीका। वास्तव में ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में प्रवेश करते ही विश्व की राजनीति और समीकरण बड़ी तेजी से बदल रही है। सर्वप्रथम अवैधानिक रूप से कई वर्षों से रह रहे विदेशी नागरिकों को अपराधी की तरह अमेरिका से निकाला गया। उसके बाद रुस और यूक्रैन के मध्य लंबे समय से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए माननीय पुतिन से वन टू वन मीटिंग की।इस मीटिंग से युद्ध तो रूका नहीं,अलबत्ता दोनों ओर से आक्रमण और तेज हो गये।

युद्ध न रूकवा पाने का बदला या यूं कहें खीझ भारत और चीन जैसे राष्ट्रों पर निकली, बढ़े हुए टैरिफ रैट के रूप में।मजेदार बात यह है कि यूक्रैन-रूस युद्ध के लिए केवल जिम्मेदार माना गया भारत की रूस से कच्चा तेल खरीदने की नीति को। अन्य देश भी रूस से तेल खरीद रहे ?थे पर दण्ड का भागी बना भारत और इस तरह शुरू हुआ एक अलग प्रकार का वार,जिसे 'टैरिफ वार' नाम दिया गया। अफगानिस्तान का नाम सुनते ही सभ्यता सिहर उठती है। ओसामा बिन लादेन की खोज में अमेरिका ने पूरा देश उजाड़ डाला, प्रजातांत्रिक सरकार का गला घोट दिया। "आतंक के खिलाफ़ युद्ध" के नाम पर बीस साल तक बारूद बरसाया, और जब थक गया तो पीछे छोड़ गया अस्थिर लोकतंत्र, अविश्वास और अनगिनत लाशें। विडंबना यह है कि जिस पाकिस्तान ने ओसामा को पनाह दी, जहां से पकड़ा गया,उसे आर्थिक और सैन्य सहायता देकर पुरस्कृत किया गया। दुनिया को अब समझना होगा कि अमेरिका का



"आतंकवाद विरोध" और "आतंक पोषण" एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इराक़ की त्रासदी की कहानी भी कुछ कम नहीं है। "विनाशकारी हथियार" खोजने निकली अमेरिकी सेना को हथियार तो नहीं मिले, पर पूरे देश को खंडहर में बदल दिया। फिर आतंकवाद समाप्ति के नाम पर हमास-इज़राइल युद्ध का नया अध्याय शुरू हुआ। इसमें इजरायल को पूर्ण समर्थन और सहयोग मिला ट्रम्प की सरकार का।इस लड़ाई में हमास लगभग खंडहर में बदल गया। जान-माल का भी खुब नुकसान हुआ,बेकसूर नागरिक भी बेतहाशा मारे गये, पर्यावरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बहुत क्षति पहुंची, मानवता भी तार- तार हुई।अब ट्रम्प कह रहे हैं कि मैंने दोनों को युद्ध विराम के लिए राजी कर लिया है। अब मैं वहां विकास की नई कहानी लिखूंगा। ट्रम्प ने सक्ता प्राप्त करने के लिए आश्वासन दिया कि मैं राष्ट्रपति बनते ही चंद दिनों में यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करवा दूंगा, विश्व में अमन-चैन के लिए काम करुंगा। प्रयास के नाम पर अमेरिका ने यूक्रेन को न सिर्फ घातक हथियार दिए अपितु नाटो देशों को भी अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके साथ ही एक काम अनोखा किया, शांति प्रिय देश भारत, जिसका यूक्रेन-रूस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं था,जो दोनों देशों को युद्ध के नाम पर बातचीत से मसला हल करने की सलाह दे रहा था,उसे ही युद्ध का दोषी मानते हुए उस पर उच्च टैरिफ दरों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर करने का निर्णय लिया। जबकि चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश जो सीधे तौर पर रूस की मदद कर रहे हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाने से अमेरिका बचता दिखाई दिया। शायद ट्रम्प की विदेश नीति का चरित्र भी यही है।इस दृष्टि से ट्रम्प के युद्ध सिर्फ़ हथियारों की मदद नहीं, आर्थिक भी हैं। चीन, यूरोप और भारत पर उन्होंने टैरिफ़ वॉर छेड़ दी- कहा "अमेरिका आत्मनिर्भर बनेगा।" नतीजा, वैश्विक बाज़ारों में भूचाल, महंगाई की सुनामी और अमेरिकी शटडाउन की नौबत। यह भी एक तरह का "आर्थिक युद्ध" ही था- फर्क बस इतना कि इसमें बारूद की जगह डॉलर बरसे। भारत भी इस "दोहरी शांति नीति" का साक्षी है। आतंकवाद पर दोहरे मापदंड, पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष सहयोग और दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाना- सब "शांति" के नाम पर। जब भारत ने आतंक के खिलाफ़ ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तो पश्चिमी राष्ट्र "संयम और संवाद" का प्रवचन देने लगे, पाकिस्तान के परमाणु हथियार सम्पन्न होने की दुहाई देने लगे,संयम का पाठ पढ़ाने लगे।

और जब भारत ने आंतकी ठिकानों को नष्ट करने के उपरांत अभियान स्थगित किया, तो ट्रम्प ने घोषणा कर दी- "मैंने दो परमाणु शक्तियों के बीच युद्ध रुकवा दिया।" शायद कूटनीति का नया सिद्धांत यही है- दूसरों के कर्म का श्रेय लेना और कैमरे के सामने मुस्कुराना। अब सवाल यह है - क्या शांति का नोबेल पुरस्कार उसी को मिलना चाहिए जो पहले युद्ध भड़काए, फिर शांति स्थापित करने की दुहाई दे? ट्रम्प शायद इस नए युग के सबसे सफल "युद्ध-शांति उद्यमी" हैं। वे चिनगारी भी लगाते हैं और फिर राख के ऊपर खड़े होकर घोषणा भी करते हैं- "देखो, मैंने आग बुझा दी!" यदि यही शांति की परिभाषा है, तो इतिहास के हर युद्ध प्रिय शासक को मरणोपरांत नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए- क्योंकि हर युद्ध के बाद कोई न कोई "विराम" तो आता ही है। फर्क बस इतना है कि वह विराम बारूद की राख और लाशों के ढेर पर टिका होता है।

**डा मनमोहन प्रकाश**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## छठ महापर्व की व्रती महिलाओं पर नपं बरसायेगा फूल



**-प्रकाश,सजावट व सुरक्षा का होगा अद्भुत इंतजाम**

**रुद्रपुर,देवरिया।** आगामी छठ महापर्व को देखते हुए नगर पंचायत रुद्रपुर द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर के बहुचर्चित सेमरौना बथुआ नदी पर बने रिवर फ्रंट पर हर वर्ष की भांति इस बार भी हजारों महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचेंगी। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पानी तथा खोया-पाया केंद्र जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम, अधिशासी अधिकारी नितेश कुमार गौरव तथा वार्ड सभासदों ने छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर साफ़ सफाई ,समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और सुरक्षा प्रबंधन को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। छट्ठे लाल निगम ने कहा कि छठ पर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है, इसलिए नगर पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि घाट की साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था समय से पूरी कर ली जाए। घाट पर 20 लाख की लागत से नाला निर्माण भी कराया जायेगा।

## परिजनों ने आदर्श चौराहे पर शव रखकर किया प्रदर्शन



**-हल्का इंचार्ज पर लापरवाही का आरोप**

**रूद्रपुर, देवरिया।** बीते 2 अक्टूबर को मारपीट में घायल महिला की मौत के मामले में परिजनों ने उपनगर के आदर्श चौराहे पर शव रखकर जमकर प्रदर्शन किया व पुलिस के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने हलका इंचार्ज पर लापरवाही करने, मामले में लीपापोती करने और धाराओं का अल्पिकरण करने का जोरदार आरोप लगाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ हरिराम यादव नायब तहसीलदार अनिल तिवारी कोतवाल अनिल कुमार व गौरी बाजार के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्व विजय निषाद ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। प्रशासन ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने व मुकदमे में आवश्यक धाराओं को जोड़ने का आश्वासन दिया। 2 अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के मरकरी निवासी बबलू निषाद और रविंद्र सिंह के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें तेतरी देवी को गंभीर चोटे आयी थी। जिसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पारिवारिक विवाद में समझाने गई पुलिस पर टूटा महिला का गुस्सा, तीन गिरफ्तार

**गोलाबाजार- गोरखपुर-** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कतलही में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद के बीच पुलिस टीम पर महिला ने हमला कर दिया। मामला उस समय बढ़ गया जब विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस को समझाने की जगह खुद मारपीट का शिकार होना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कतलही निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र नितेश की शादी 2022 में नगर पंचायत बड़हलगंज के बाछेपार मोहल्ला निवासी निकिता यादव से हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया और निकिता मायके चली गई। इसी बीच निकिता की मां अनिता देवी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा भी दर्ज कराया था। शुक्रवार को निकिता अचानक अपने ससुराल पहुंची और जबरन घर में रहने का प्रयास करने लगी। विरोध करने पर उसने सास-ससुर से झगड़ा किया और सास की बेटी को दांत से काट लिया। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो निकिता ने पुलिसकर्मियों से भी हाथापाई कर दी। एसएसआई के.के. गुप्त ने बताया कि पीड़िता सरोजा देवी की तहरीर पर निकिता यादव, उसकी मां अनिता देवी और बहन काजल यादव को गिरफ्तार कर धारा 115(2), 352, 351(3) और 324(2) के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# गोरखपुर पुलिस की ईमानदारी और तत्परता- रातों-रात ढूंढ निकाला विदेशी यात्री का पासपोर्ट और रुपये से भरा बैग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर** - पुलिस ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और तत्परता का शानदार उदाहरण पेश किया है। शुक्रवार को कैंट थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक रिटायर्ड सॉफ्टवेयर इंजीनियर और विदेशी यात्री का खोया हुआ कीमती बैग रातों-रात ढूंढकर उसे वापस किया। इस बैग में न केवल पासपोर्ट, आधार कार्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे, बल्कि 15 हजार नेपाली रुपये, 8 हजार भारतीय रुपये, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान भी शामिल थे। इस कार्य से पुलिस ने न सिर्फ यात्री की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि "जनसेवा ही पुलिस का धर्म" की भावना को भी साकार किया। मामला 08-09 अक्टूबर की रात का है, जब महाराष्ट्र के पुणे निवासी रिटायर्ड सॉफ्टवेयर इंजीनियर नेपाल के अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला में ट्रैकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर गोरखपुर लौट रहे थे। वे नेपाल से गोरखपुर की ओर एक रोडवेज बस से यात्रा कर रहे थे, तभी उनका बैग बस में ही छूट गया। बैग में बस का टिकट भी था, जिसके कारण बस की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो गया। परेशान यात्री ने गोरखपुर कैंट पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कैंट के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी रेलवे, उपनिरीक्षक सुधांशु सिंह ने तुरंत एक टीम गठित की। इस टीम में उपनिरीक्षक अभय सिंह और कांस्टेबल संजीत यादव शामिल थे। पुलिस ने देर रात तक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, बस का नंबर ट्रेस किया और चालक-परिचालक से संपर्क स्थापित किया। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया। अगले दिन बैग यात्री को सौंप दिया गया, जिसमें सारा सामान सुरक्षित था। बैग वापस पाकर यात्री भावुक हो उठे और उन्होंने गोरखपुर पुलिस की तारीफ करते हुए कहा, "मैंने सोचा था कि सब कुछ खो गया, लेकिन गोरखपुर पुलिस ने मेरी उम्मीद लौटा दी। आपका यह प्रयास मेरे लिए जीवनभर याद रहेगा।" यह घटना गोरखपुर पुलिस की कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का जीवंत प्रमाण है। इस बरामदगी में शामिल पुलिस टीम—उपनिरीक्षक सुधांशु सिंह, अभय सिंह और कांस्टेबल संजीत यादव—की प्रशंसा पूरे क्षेत्र में हो रही है। गोरखपुर पुलिस की इस तत्परता ने न केवल एक यात्री को उसका कीमती सामान लौटाया, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया। यह घटना यह भी दर्शाती है कि गोरखपुर पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम है, बल्कि संकट की घड़ी में आम नागरिकों के लिए एक मजबूत सहारा भी है। इस तरह की घटनाएं पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु बनाती हैं।

## प्राकृतिक खेती में मिसाल बने राजकुमार धर को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना के मार्गदर्शन में कर रहे उत्कृष्ट कार्य**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिठवल ब्लॉक के प्रगतिशील किसान राजकुमार धर को प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में 9 अक्टूबर 2025 को प्रदान किया गया।राजकुमार धर पिछले कई वर्षों से कृषि विज्ञान केन्द्र, सोहना सिद्धार्थनगर के तकनीकी मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। उनकी मेहनत और नवाचार ने उन्हें क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बना दिया है। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजकुमार धर ने दिखाया है कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभदायक सिद्ध हो सकती है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और कृषि विज्ञान केन्द्र, सोहना ने भी उनके इस सम्मान पर गर्व व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देवरिया को मिला द्वितीय स्थान



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** विद्या भारती द्वारा आयोजित 36वीं राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितंबर को खुर्जा, जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतों से आई टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देवरिया खास के बाल वर्ग के भैयाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि जनपद देवरिया के लिए अत्यंत गर्व की बात है। टीम की सफलता में कोच संतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह, प्रबंधक मुन्नी लाल शर्मा, अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव तथा कोषाध्यक्ष गौरव गोयल ने खिलाड़ियों और कोच को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय में आयोजित वंदना सभा के दौरान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक और छात्र उत्साह से झूम उठे तथा करतल ध्वनि से विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए आशा व्यक्त किया कि छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करते रहेंगे।

# क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का प्रादेशिक महासम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोलाबाजार, गोरखपर-** क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का प्रादेशिक महासम्मेलन गुरुवार को जौनपुर के मंगलम लॉन में बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेशभर से सैकड़ों पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ आईपीएस अधिकारी गोल्डी गुप्ता ने महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। आरंभ में अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य लालमणि दुबे ने सहयोगियों संग गणेश वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि गोल्डी गुप्ता ने कहा कि "पत्रकार समाज का दर्पण हैं, जो अपनी लेखनी से बुराइयों को उजागर करते हैं।" उन्होंने पत्रकार व पुलिस के बीच समन्वय का यह आयोजन सराहनीय बताया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रसाक्षी अखबार के संपादक व परिषद के केंद्रीय प्रमुख अनिल दूबे आजाद का जन्मदिन भी मनाया गया। आईपीएस अधिकारी ने उन्हें केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी तरुण कुमार शुक्ल, श्रीधर तिवारी, बृजनाथ, दीप नारायण सिंह, मृत्युंजय चौधरी सहित कई जिलों के प्रतिनिधियों ने संबोधन दिया। डॉ. प्रमोद वाचस्पति (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ईजा) ने अपने काव्य पाठ से माहौल को जीवंत बना दिया। केंद्रीय प्रमुख अनिल दूबे आजाद ने पत्रकारों के हितों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के संचालन अजय कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विनय तिवारी, इरशाद खान राजू, चंद्रजीत यादव, अरुण यादव सहित परिषद के अनेक पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ब्रजेश उपाध्याय, सुभाष चंद्र यादव, हकीम सुल्तानपुरी, डॉ. अजीत मिश्रा, दीपक मिश्रा (एएनआई), अनामिका सिंह, सुषमा वर्मा समेत बड़ी संख्या में पत्रकार व गणमान्यजन उपस्थित रहे। सम्मेलन ने पत्रकारिता में एकता व संघर्ष का सशक्त संदेश दिया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जा रहे सफाईकर्मियों की बस हादसे का शिकार, आधा दर्जन कर्मी आंशिक चोटिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर-** शुक्रवार की सुबह गोरखपुर के तारामंडल रोड पर उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वदेशी मेला कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे सफाईकर्मियों से भरी बस एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और करीब आधा दर्जन सफाईकर्मियों को मामूली चोटें आईं। हालांकि, सौभाग्यवश कोई बड़ा हादसा टल गया, और सभी 50 सफाईकर्मी सुरक्षित बच गए। घायल कर्मियों को नजदीकी निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर वापस भेज दिया गया। हादसा जीडीए ऑफिस के सामने माधव लाल पार्क के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तारामंडल रोड से गुजर रही बस के सामने अचानक एक ट्रैक्टर ने बिना किसी संकेत के मोड़ काट लिया। ट्रैक्टर चालक के अनट्रेंड होने की बात सामने आई है, जिसके कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे जा टकराई। जोरदार टक्कर से बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, और कई सफाईकर्मी अपनी सीटों से गिर पड़े। हादसे में चोटिल होने वालों में ज्यादातर महिला सफाईकर्मी शामिल थीं, जो मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रही थीं।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तुरंत ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया और घायलों को अस्पताल भेज दिया ,आंशिक चोटिल कर्मी प्राथमिक उपचार उपरांत अपने कार्य पर लौट गए । पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है, और दोषी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि तारामंडल रोड पर बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली आए दिन बेरोकटोक दौड़ते रहते हैं। ये वाहन कृषि कार्य के नाम पर चलाए जाते हैं, लेकिन शहर की सड़कों पर अनट्रेंड चालकों द्वारा इन्हें चलाने से हादसे आम हो गए हैं। प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद इन वाहनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे स्थानीय लोग नाराज हैं। इस हादसे ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने के नियमों पर सवाल खड़े किए हैं। शहरवासियों ने मांग की है कि बिना नंबर और अनट्रेंड चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। यह हादसा प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि सड़क सुरक्षा को लेकर और सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान पर भाजपा अमेठी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## ●जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला एवं राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी, अमेठी द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को÷आत्मनिर्भर भारत÷ अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान की मूल भावना, उसके उद्देश्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिलाध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला ने की। मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने का एक सशक्त आंदोलन है।उन्होंने बताया कि यह अभियान देश के हर नागरिक को आर्थिक रूप से सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है।उन्होंने अमेठी में चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे कृषि, युवा, महिला और लघु उद्योगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नई दिशा और गति मिल रही है।जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह आत्मनिर्भर भारत अभियान को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाए और जनता को इससे जोड़ने का कार्य करे।उन्होंने यह भी कहा कि वर्षों तक अमेठी की उपेक्षा करने वाले दल अब भाजपा सरकार के विकास कार्यों से विचलित हैं, लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है और विकास को ही प्राथमिकता दे रही है।भारतीय जनता पार्टी, अमेठी ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए संगठन का हर कार्यकर्ता निरंतर कार्य करेगा। पार्टी ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# प्रसव कराने आई महिला से वसूला सुविधा शुल्क, शिकायत पर प्रभारी ने कराया रुपये वापस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोण्डा।** एक बार फिर संवेदनाओं को शून्य कर सुविधा शुल्क लिए जाने का प्रकरण प्रकाश में आया है मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह से जुड़ा हुआ है जहां पर एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठ खड़े हुआ । केंद्र पर प्रसव कराने आई महिला के तीमारदार से तैनात एएनएम द्वारा एक हजार रुपये सुविधा शुल्क के रूप में वसूले जाने का मामला प्रकाश में सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे परनाबगुलहा निवासी अनोखा पत्नी ताज मोहम्मद प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह पहुंचीं। प्रसव के बाद तैनात एएनएम ने कथित रूप से एक हजार रुपये सुविधा शुल्क की मांग की। आर्थिक तंगी के बावजूद तीमारदार ने रुपये दे दिए, परंतु बाद में उन्होंने इसकी शिकायत केंद्र प्रभारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा से की।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्सक ने तत्काल कार्रवाई की और संबंधित एएनएम से एक हजार रुपये वापस कराए। रुपये वापस मिलने पर तीमारदार ने राहत की सांस ली और केंद्र प्रभारी का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लंबे समय से केंद्र पर सुविधा शुल्क वसूले जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। आरोप है कि प्रसव कक्ष से लेकर दवा वितरण तक, मरीजों को निःशुल्क सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। फार्मासिस्ट पर भी मुफ्त दवाएं न देने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब सरकारी अस्पतालों में सभी सुविधाएं निःशुल्क घोषित हैं, तब कर्मचारियों द्वारा शुल्क वसूली न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गरीब मरीजों के साथ अन्याय भी है।इस संबंध में एएनएम ने आरोपों को निराधार बताया, जबकि केंद्र प्रभारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि "शिकायत मिलते ही रुपये वापस करा दिए गए हैं। आगे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

# संस्कार भारती अयोध्या महानगर अध्यक्ष ऋचा उपाध्याय घोषित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अयोध्या-** संस्कार भारती अवध प्रान्त के कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संस्कार भारती के महानगर इकाई के अध्यक्ष की घोषणा की गई द्य विगत तीन वर्षों से संस्था के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रही श्रीमती ऋचा उपाध्याय को पुनः अध्यक्ष मनोनीत किया गया इस अवसर पर महानगर प्रचारक सुदीप जी प्रान्तीय महामंत्री अमित कुमार एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे द्य उक्त बैठक गुरुनानक एकेडमी में आयोजित हुई ऋचा उपाध्याय अयोध्या महोत्सव न्यास की महासचिव के साथ एक शिक्षिका हैं, अयोध्या रत्न के साथ राज्य ICT पुरस्कार, बेस्ट टीचिंग लर्निंग मटेरियल, उत्कृष्ट संस्कृति एवं कला सामग्री निर्माण जैसे जनपद एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हैं इनके मार्गदर्शन में छात्रों ने राज्य स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अयोध्या को प्रथम स्थान पर स्थापित किया। साहित्य के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिये सम्मानित की जा चुकी हैं द्यऋचा उपाध्याय ने अपनी कार्यकारणी की घोषणा भी की जिसमे महामंत्री जनार्दन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष स्वाति सिंह, उपाध्यक्ष आनंद मोटवानी, शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ विभा तिवारी ,अर्चना गोस्वामी एवं अभिषेक सिंह मंत्री दीपिका निगम, राजेश्वरी मौर्य लोककला संयोजक विजय यादव कला धरोहर संयोजक श्रीमती स्वदेश मल्होत्रा साहित्य कला संयोजक ज्योति मिश्रा मंचीय कला संयोजक - राजेश कुमार गौड़ दृश्य कला संयोजक - डॉ अंबरीष श्रीवास्तव समाहित हैं ऋचा उपाध्याय ने अध्यक्ष पद के दायित्व के लिये सभी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अयोध्या महानगर के कलाकारों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर उनके उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगी कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तदोपरांत संस्कार भारती के ध्येय गीत की प्रस्तुति की गई द्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया कार्यक्रम का परिचय एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रान्तीय उपाध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्कार भारती की स्थापना पद्मश्री बाबा योगेन्द्र ने की थी आज यह संस्था विश्व पटल पर कलाकारों के लिए समर्पित है अध्यक्ष की घोषणा प्रांतीय महामंत्री अमित ने की द्य नवीन कार्यकारणी को संबोधित करते हुए महानगर प्रचारक सुदीप ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

# आस्था और व्यापार के संगम से समृद्ध होगा सीमांत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर।** सीमा पर अब विकास और आस्था की नई धारा भी प्रवाहित हो रही है। भारत-नेपाल के प्रगाढ़ रिश्तों ने सीमांत क्षेत्रों में मैत्री की नई मिसाल कायम की है। पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए नए द्वार भी खोल दिए हैं। सीमा पर मैत्री द्वार के निर्माण और सड़कों के विकास से नई उम्मीद जगी है। अब इंतजार है तो बस भंसार की सीमावृद्धि की। इसके बाद कोयलाबास बॉर्डर से व्यापार बढ़ेगा। देवीपाटन धाम से लेकर नेपालगंज स्थित बाघेश्वरी देवी मंदिर और प्रभूनाथ धाम तक आस्था की यह अनोखी श्रृंखला दोनों देशों के श्रद्धालुओं को जोड़ती है। इस संबंध को और सशक्त करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिससे सीमा पर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

नेपाल के चौखड़ा धाम स्थित मां पाटेश्वरी के अनन्य भक्त बाबा रतननाथ का प्रभुनाथ मंदिर आस्था का केंद्र है। हर वर्ष पंचमी से दशमी तक यहां से लगभग 500 श्रद्धालु देवीपाटन मंदिर तक की पैदल यात्रा करते हैं। यह यात्रा केवल भक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत-नेपाल के आध्यात्मिक संबंधों की जीवंत मिसाल है। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथिलेश नाथ योगी कहते हैं कि नेपाल के अनेक मंदिरों में मां पाटेश्वरी की अखंड ज्योति से ही दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं। यह दोनों देशों की आस्था और आत्मीयता का अद्भुत संगम है। नेपालगंज के बाघेश्वरी मंदिर प्रबंधक शंकर दयाल खनान बताते हैं कि देवीपाटन से बाघेश्वरी तक की धार्मिक कड़ी वर्षों पुरानी है। अब सीमा पर हो रहे विकास कार्यों और नवनिर्मित मार्गों से श्रद्धालुओं का आवागमन सहज होगा। इससे सीमांत व्यापार, परिवहन और पर्यटन सेवाओं को फिर से गति मिलेगी।

**बदलेगी सीमांत की सूरत, खुलेगा रोजगार का मार्ग**

देवीपाटन मंदिर के साथ ही सीमांत क्षेत्र में कई ऐसे प्राचीन मंदिर और स्थल हैं, जिनका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व नेपाल में भी गहराई से जुड़ा है। बालापुर स्थित बालेश्वरी देवी मंदिर, जनकपुर का मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और सोहेलवा जंगल के बीच अवस्थित रोहिया माता मंदिर इस सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। कोयलाबास के निवासी रामजी कहते हैं कि सीमा पर हो रहे बदलाव से अब विकास की उम्मीद बढ़ी है। यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ेगी, तो बाजारों में रौनक लौटेगी। होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी। पर्यटन विभाग के अनुसार सीमा से सटे धार्मिक स्थलों को आपस में जोड़ने वाले मार्गों का विकास किया जाएगा। इन स्थलों को धार्मिक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की योजना है, ताकि श्रद्धालु एक ही यात्रा में भारत और नेपाल के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर सकें।

**आस्था की रोशनी से जगमगाएगा सीमांत**

स्थानीय साधु-संतों का कहना है कि देवीपाटन धाम की आध्यात्मिक शक्ति पूरे तराई क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां की अखंड ज्योति नेपाल के अनेक मंदिरों में प्रज्ज्वलित होती है, जो दोनों देशों के धार्मिक एकत्व का प्रतीक है। रोहिया माता मंदिर के पुजारी सुखदेव प्रसाद कहते हैं कि सीमा पर बन रहे मैत्री द्वार, चौकी और व्यापारिक ढांचे इस पवित्र धारा को और सशक्त करेंगे।

दीक्षांत आयोजन स्थल का कुलपति ने किया निरीक्षण

## संक्षिप्त खबरें

### कस्ता कस्बे में पटाखा दुकानों का निरीक्षण

**उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता और सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने लाइसेंस जांचे**

**खीरी।** कस्ता कस्बे में आगामी करवा चौथ और दीपावली त्योहारों के मद्देनजर पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता और मितौली सीओ जितेंद्र सिंह परिहार की मौजूदगी में हुई। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने दुकानों के लाइसेंसों की गहनता से जांच की। इस टीम में मितौली थाना प्रभारी रविंद्र सोनकर और कस्ता चौकी इंचार्ज जय कृष्ण तिवारी भी शामिल थे, जो पुलिस बल के साथ मौजूद थे। यह निरीक्षण मितौली थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अवैध पटाखा बिक्री को रोकने के उद्देश्य से किया गया। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करना भी इसका एक प्रमुख लक्ष्य था।

### सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई



**टूण्डला-** समाजवादी पार्टी के संस्थापक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि,चंद्रवीर सिंह यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष टूण्डला के कार्यालय मेन रोड टूण्डला पर मनाई गई। इस दौरान सपा कार्यालय पर हुई विचार गोष्ठी में कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता अशोक यादव ने की एवं संचालन मोहम्मद फहीम नगर अध्यक्ष ने किया। विचार गोष्ठी में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में अशोक यादव, चंद्रवीर यादव, अजब सिंह यादव,अलकेश सविता, भोले शंकर निषाद, उदयवीर पूनिया, मोहम्मद फहीम नगर अध्यक्ष, मोहम्मद सनी, डॉ.राजू यादव, ओमप्रकाश दिवाकर, वीरेश यादव प्रधान, प्रकाश चंद्र यादव, अभिषेक यादव, मिट्ठू यादव, संजीव मेवाती, शंकर लाल दिवाकर, गिरीश चंद्र यादव, एम डी रशीद, देशराज यादव,अमन यादव, लोकेश निषाद, बी पी यादव,अंशु वाल्मीकि, दीपक निषाद, योगेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दीपावली पर प्रशासन सतर्क, टाउन पॉलिटेक्निक मैदान में लगेगा पटाखा बाजार



**बलिया।** दीपावली पर्व को शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शहर में पटाखों की अस्थायी दुकानों के लिए संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने पहले रामलीला मैदान और आईटीआई मैदान का जायजा लिया, लेकिन सुरक्षा मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर दोनों स्थानों को अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद टीम ने टाउन पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान का निरीक्षण किया, जिसे सभी सुरक्षा और सुविधागत मानकों पर उपयुक्त पाते हुए पटाखा बाजार के लिए चुना गया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिकारी सुभाष कुमार को निर्देश दिया कि बाजार स्थल पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और सुरक्षा बैरिकेडिंग जैसी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुरक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने बताया कि पटाखा बाजार को निर्धारित सुरक्षा मानकों और नियमों के तहत संचालित किया जाएगा ताकि विक्रेताओं और खरीदारों दोनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दस्यु ठोकिया के भाई और चाचा समेत चार आरोपियों को सजा-प्रत्येक आरोपी को 10 वर्ष की कैद और दो लाख रुपये का अर्थदण्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके दस्यु ठोकिया के भाई और चाचा समेत चार लोगों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों को दो-दो लाख रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा और वरिष्ठ लोक अभियोजक संगीता सिंह ने बताया कि बीती 12 अगस्त 2005 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी हरिनाथ शर्मा ने उस समय के दुर्दांत इनामी दस्यु सरगना कर्वी कोतवाली क्षेत्र के लोखरिया घुरेटनपुर निवासी अम्बिका उर्फ ठोकिया उर्फ डॉक्टर, दस्यु सुदेश पटेल उर्फ बलखडिया, ठोकिया के भाई कलेश पटेल, ठोकिया के सगे चाचा नत्थू उर्फ भाऊ, राममिलन, कमलेश, चुन्नीलाल, हीरालाल व रामरूचि के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार बीती 17 मार्च 2003 को दस्यु ठोकिया अपने गिरोह के साथियों के साथ बगैहा गांव पहुंचा था। यहां उसने राजू पटेल के घर को चारों तरफसे घेरकर बदमाशों के साथ गोलिया बरसानी शुरू कर दी। जिससे तीन लोग मौके पर मारे गए और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर घुस गए। जिसके बाद बदमाशों ने घर में चारों तरफसे आग लगा दी और बाहर से फायरिंग करते रहे। जिसके चलते आग और धुएं से घुटकर दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत घर के अंदर हो गई। इस नरसंहार में कुल छह लोग मारे गए थे, जिसकी रिपोर्ट राजू प्रसाद पटेल ने दर्ज कराई थी। इसके अलावा 29 अक्टूबर 2004 को ठोकिया गिरोह ने सरकारी कार्य से वापस आ रहे पुलिस के सिपाही रामलाल पाल और रामसजीवन पाल की गोली मारकर हत्या करने के बाद सरकारी राइफलें और 100 कारतूस लूट लिए थे। इसके अलावा ठोकिया गिरोह के विरुद्ध हत्या, अपहरण समेत तमाम गंभीर अपराधों के 50 से अधिक मुकदमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में दर्ज थे। साथ ही एसटीएफद्वारा बीती 22 जुलाई 2007 को दस्यु ददुआ को मार गिराने के बाद दस्यु ठोकिया गिरोह ने पुलिस से बदला लेने के मकसद से उसी दिन रास्ते में घात लगाकर पुलिस टीम पर हमला किया था। जिसमें एसटीएफ के छह कमाण्डों



शहीद हो गए थे और एक मुखबिर की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा तमाम गंभीर अपराधों में इस दस्यु गिरोह के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हुए थे। साथ पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए थे। बाद में पुलिस मुठभेड़ में दस्यु सरगना ठोकिया और दस्यु बलखडिया समेत कई लोग मारे गए। शेष बचे आरोपियों के मामले में बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर दस्यु ठोकिया के भाई कलेश, उसके चाचा नत्थू के साथ भानपुर निवासी राममिलन व सिलखोरी निवासी हीरालाल को 10-10 वर्ष कठोर कारावास के साथ दो-दो लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## दहेज के 3 आरोपी गिरफ्तार

**नीमगांव खीरी** नीमगांव थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति, ससुर और सास शामिल हैं। यह कार्रवाई प्रतापपुर गांव में की गई पुलिस ने सचिन कुमार (पति, उम्र 20 वर्ष), सुरेश चंद्र (ससुर, उम्र 65 वर्ष) और सरोजनी देवी (सास, उम्र 55 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। ये सभी प्रतापपुर गांव, थाना नीमगांव, जनपद खीरी के निवासी हैं। उन्हें संबंधित धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है यह मामला मृतका अंजलि की आत्महत्या से जुड़ा है। तीन दिन पहले अंजलि ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतका के पिता ने नीमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटी को दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किया गया और उसकी हत्या की गई।यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी के निर्देश पर, क्षेत्राधिकारी मितौली जितेंद्र सिंह परिहार के पर्यवेक्षण में और थानाध्यक्ष नीमगांव के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सिद्धांत पंवार, कांस्टेबल विकास कुमार और महिला कांस्टेबल रुचि शामिल थीं।

## प्रेमिका से मिलने रायबरेली से बलिया पहुंचा युवक, पुलिस थाने में बनी शादी की सहमति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को प्रेम कहानी का दिलचस्प मामला सामने आया, जब रायबरेली निवासी एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने बलिया पहुंच गया। छात्र जीवन से शुरू हुआ यह रिश्ता उस समय चर्चा में आ गया, जब दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर विवाद की नौबत आ गई और मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया। अंततः दोनों पक्षों की समझदारी से प्रेम कहानी शादी के मुकाम तक पहुंचती नजर आई। जानकारी के अनुसार, बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती करीब पांच साल पहले आईटीआई प्रशिक्षण के बाद अमेठी की एक प्रतिष्ठित लिमिटेड कंपनी में अप्रेंटिसशिप के लिए गई थी। वहीं उसकी मुलाकात रायबरेली के युवक से हुई, जो उसी कंपनी में कार्यरत था। साथ काम करते हुए दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और रिश्ता प्रेम में बदल गया। इस बीच युवती का प्रशिक्षण पूरा होने पर वह बलिया लौट आई, लेकिन दोनों के बीच संपर्क लगातार बना




रहा। गुरुवार को युवक अचानक युवती के घर पहुंच गया। परिजनों ने स्थिति को देखते हुए डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कोतवाली ले आई। पूछताछ में पता चला कि युवक कंपनी में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है और युवती से लंबे समय से प्रेम संबंध में है। थाने में जब दोनों आमने-सामने हुए तो शादी करने की जिद पर अड़े रहे। काफी बातचीत के बाद दोनों परिवारों की आपसी सहमति बनी और उन्होंने शादी के लिए हाँ कर दी। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताओं के बाद दोनों को उनके परिजनों के साथ रवाना कर दिया।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत स्कूली छात्राओ को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा विद्यालय से घर जा रही बालिकाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 05 से जागरुक कर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नं0 के बारे में जानकारी दी गयी।आपको अवगत कराते चलें कि शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 05 को पुलिस अधीक्षक जनपद लखीमपुर खीरी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक व निरीक्षक अपराध थाना गोला जिला खीरी के दिशा निर्देशन में आपरेशन गरूड के तहत आज दिनांक 10.10.2025 को एंटी रोमियो टीम द्वारा विद्यालय से घर जा रही बालिकाओं को पुलिस टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाईन नं0 112,1090, 102, 108, 1076, 1098, 1930,101 व छेड़छाड से बचाव के संबंध में तथा राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा बालिकाओं, महिलाओं तथा बच्चों से सम्बंधित चलाई जा रही बहुपयोगी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा बेटी बचाओं, बेटी पढाओं आदि योजनाओं तथा पाक्सो एक्ट व साथ ही साइबर अपराध, मोबाइल गेम, फर्जी काल, लाटरी ठगी, सोशल मीडिया फ्राड व विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थो के सेवन से बचने के बारे में जागरुक कर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया। विद्यालय में मौजूद सभी बालिकाओं को मिशन शक्ति के पम्पलेट बांटी।मिशन शक्ति अभियान में प्रतिभाग करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा, बबीता पटवा.महिला कांस्टेबल अंजली आदि प्रमुख रूप से सामिल रही।

## इकरा कान्वेंट स्कूल में मिशन शक्ति फेज़ 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**● मिशन शक्ति फेज़ 5.0 - नारी सुरक्षा, नारीसम्मान, नारी स्वावलंबन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** शुक्रवार को इकरा कान्वेंट स्कूल थाना क्षेत्र रामगढ़ फिरोजाबाद में मिशन शक्ति फेज़ 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े ही उत्सुकता के साथ के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें म0उ0नि0 अलवीना पठान द्वारा बच्चों को टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112/ 181/ 1090/ 1098/ 102/ 108/ 1076/1930 आदि की जानकारी देने के साथ-साथ गुड टच-बैड टच और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बीसी सखी, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ साइबर क्राइम अर्थात् सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, व्हाट्सएप आदि को ध्यानपूर्वक हैंडल करने, अनजान व्यक्तियों से बात न करने, किसी को ओटीपी शेयर न करने व किसी भी लिंक पर क्लिक न करने के बारे में स्कूल में उपस्थित छात्र छात्राओं उनके परिजनों व शिक्षक शिक्षिकाओं को जागरुक करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं



व परिजनों से फीडबैक लिया गया तो उन्होंने बताया कि महिलाओं के की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा यह बहुत ही अच्छा उठाया गया एक कदम है। हम इसकी सराहना करते हैं। उक्त कार्यक्रम में निरीक्षक अपराध ओंकारनाथ, म0उ0नि0 अलवीना पठान, उ0नि0 अजय कुमार, मु0आ0 सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने मां बेटे पर किया धारदार हथियार से हमला पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी घायलों को मेडिकल को भेजा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**क्योलडिया।थाना क्षेत्र के गांव पुरैनिया मैंआज दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट घटना में मां बेटे हुए घायल पीड़ित कुलदीप कुमार ने पुलिस को नाम जद तहरीर दी उसमें में बताया है की आज दोपहर में गांव के ही दबंग रविंद्र स्वरूप पुत्र राजेंद्र स्वरूप व अनिकेत पुत्र रविंद्र स्वरूप शराब के नशे में उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे।

इसका विरोध करने पर गाली देने से मना किया तो दबंगों ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया उसको बचाने आई उसकी मां विद्या देवी को भी दबंगों ने नहीं बक्शा और उस पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए घायल हो गए दोनों मां बेटेपुलिस के पास पहुंचे और पुलिस को दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

पुलिस ने दोनों घायलो को मेडिकल उपचार के लिए भेज दिया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया है इसके बाद पुलिस को मौके पर भेज कर जांच कराई जाएगी और अग्रिम मेडीकल के आधार पर कार्रवाई होगी।

## त्योहारों से पहले डॉ. इरफान अंसारी का बड़ा ऐलान, गरीबों के थाली में लौटेगी मिठास

**रांची, झारखंडः-** खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि यह विभाग सीधे जनता की थाली से जुड़ा है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिवाली से पहले हर गरीब परिवार को चीनी, दाल और धोती-साड़ी मिलेगी। मंत्री ने बताया कि 9 लाख गरीब परिवारों को चीनी की आपूर्ति जल्द शुरू होगी और केंद्र की उदासीनता के बावजूद राज्य सरकार ने स्वयं दाल खरीदने का निर्णय लिया है। साथ ही हर अंत्योदय परिवार के घर धोती, साड़ी और लूंगी पहुँचाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लिए गए अन्य निर्णयों में E-POS मशीनों का 4G अपग्रेडेशन, 7.92 लाख नए लाभुकों का जोड़ा जाना, असाध्य रोगियों के लिए विशेष कोटा तथा त्योहार से पहले सभी जिलों में अनाज व चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल है। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि केंद्र की बेरुखी के बावजूद हमारी सरकार गरीबों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है।

## पीलीभीत धान भरी ट्राली रोकने पर भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष पर फायरिंग,घायल

**● तीन राउंड फायरिंग में बाल बाल बचे किसान ,भागकर बचाई जान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर, लखीमपुर ।** से आ रही धान भरी ट्राली को रोकने का प्रयास करने पर विवाद हो गया। आरोप है कि चालक ने किसानों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास किया। विफल होने के बाद किसानों पर तीन राउंड फायरिंग की। भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह काहलो के साथ में गोली लगने से वह घायल हो गए। मौके पर एकत्र किसानों ने पुलिस चौकी के सामने जमकर हंगामा किया। हालांकि पुलिस फायरिंग की घटना से इन्कार करती रही है। लखीमपुर और शाहजहांपुर से पूरनपुर की राइस मिलों पर आ रहे धान को लेकर गढ़वा खेड़ा पुलिस चौकी के सामने चेक पोस्ट बनाया गया है। मंडी समिति के कर्मचारी और किसान बाहर से आने वाले धान की ट्रालियों की निगरानी कर रहे थे। रंजीत सिंह काहलों का आरोप है कि नगर के राइस मिलर धरना से नाराज़ हैं। बुधवार रात लगभग आठ बजे लखीमपुर से धान लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक को किसानों ने रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने किसानों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या करने का प्रायस किया।? किसानों के विरोध करने पर ट्रैक्टर चालक ने फायरिंग शुरू कर दी। हाथ में गोली लगने से भाकियू चढूनी जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह काहलो लहूलुहान हो गए। आरोप है कि फायरिंग के बाद आरोपितों ने उन्हें दौड़ा लिया। बमुश्किल धान के खेतों में छिपकर जान बचाई। फायरिंग के बाद मौके पर एकत्र किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। ट्रैक्टर के पहियों की हवा निकाल दी। किसान संगठन के नेता बलजिन्दर सिंह ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और सेहरामऊ उत्तरी थानाध्यक्ष संजय कुमार को फायरिंग की सूचना दी। इधर घायल जिलाध्यक्ष पूरनपुर कोतवाली पंहुच गए। कार्यकर्ताओं ने गंभीर घायल जिलाध्यक्ष को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।गैर जनपदों से पीलीभीत जा रहे धान को बंद करने की मांग करते हुए भाकियू संगठनों के किसानों ने बुधवार को पूरनपुर-खुटार बॉर्डर पर धरना शुरू करते हुए धान लेकर जाने वाले वाहनों को रोक दिया। जानकारी पाकर पूरनपुर के एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, पूरनपुर मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला, सेहरामऊ उत्तरी थाना प्रभारी संजय कुमार, खुटार थाना प्रभारी आरके रावत मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। तैयार नहीं हुए। किसानों का कहना था कि गैर जनपदों से धान पूरनपुर क्षेत्र में आता है। इससे यहां के किसानों को धान बिक्री करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब तक धान के आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा, वे लोग न तो धरना समास करेंगे और न ही खुटार की ओर से आने वाले धान भरे ट्रक और ट्रॉलियों को पूरनपुर जाने देंगे। कई घंटे तक चली वार्ता के बाद तय हुआ कि बाहर के किसानों के आने वाले धान पर रोक नहीं रहेगी। अगर कोई व्यापारी बाहर से भेजता है तो इसके लिए किसान यूनियन के छह सदस्यों के साथ मंडी की एक टीम जांच करेगी। इसके बाद खुटार-पूरनपुर आसाम हाईवे पर धान भरे वाहनों की लाइन को रवाना किया गया।

## बसिया में सजेगा फुटबॉल का मेला, लाखों की इनामी राशि पर होगी जंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गुमला/बसिया, झारखंडः-** बसिया इन दिनों उत्साह और उमंग से सराबोर है। खेल प्रेमियों के लिए यह अक्टूबर माह कुछ खास लेकर आया है, क्योंकि बसिया स्टेडियम में 11 और 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने जा रहा है बहुप्रतीक्षित फुटबॉल का महाकुंभ सीजन 10, जिसका जोशीला नारा है जीतेगा वही जिसमें है दम। यह प्रतियोगिता दिन-रात प्रारूप में खेली जाएगी, जो खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह को चरम पर ले जाने वाली है। इस दो दिवसीय आयोजन में कुल सोलह टीमें मैदान में उतरेंगी। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को पच्चीस हजार रुपये की प्रवेश शुल्क राशि जमा करनी होगी। खिलाड़ियों की मेहनत और प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि रखी गई है। विजेता टीम को तीन लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार, उपविजेता टीम को दो लाख रुपये, जबकि तीसरे और चौथे स्थान की टीमों को पचास-पचास हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इतनी बड़ी पुरस्कार राशि ने इस टूर्नामेंट को क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल आयोजन बना दिया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन क्लब ऑफ यूनिटी, बसिया द्वारा किया जा रहा है, जिसने वर्षों से इस क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्लब के सदस्यों का कहना है कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं में एकता, अनुशासन और भाईचारे की भावना को सशक्त करने का माध्यम है।

उनका मानना है कि खेल केवल जीत-हार का नहीं बल्कि आपसी सम्मान, जज़्बे और संघर्ष की भावना का प्रतीक है।? बसिया स्टेडियम को इस भव्य आयोजन के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है। मैदान की घास से लेकर दर्शक दीर्घा तक, हर कोना एक उत्सव स्थल में बदल चुका है। रात के मुकाबलों के लिए आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है ताकि खिलाड़ियों को बेहतर दृश्यता मिले और दर्शक रोमांचक खेल का पूरा आनंद उठा सकें। वहीं स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग भी सुरक्षा और यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने में जुटे हैं। आयोजन के प्रचार-प्रसार ने पूरे बसिया और आसपास के इलाकों को खेलमय बना दिया है। चौक-चौराहों से लेकर बाज़ारों तक, जगह-जगह बैनर और पोस्टर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। स्थानीय युवाओं में इस टूर्नामेंट को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। कई युवाओं ने तो इसे "बसिया का त्योहार" तक कहना शुरू कर दिया है। क्लब ऑफ यूनिटी के सदस्यों ने बताया कि पिछले नौ सीज़नों में इस टूर्नामेंट ने जो लोकप्रियता हासिल की उससे विदेशी खिलाड़ियों का झुकाव इस पर बढ़ा है, वह अब एक परंपरा का रूप ले चुकी है। इस बार का दसवां संस्करण उस परंपरा को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। उनका कहना है कि मैदान में हर गोल, हर पास और हर बचाव दर्शकों की धड़कनों को तेज करेगा और खेल भावना का नया अध्याय रचेगा।आयोजकों ने दर्शकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें। फुटबॉल का यह महाकुंभ बसिया को न केवल खेल की दृष्टि से बल्कि सामुदायिक एकता और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक के रूप में भी नई पहचान देगा।

## निजी वाहन से 16.50 लाख रुपये नकद बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**चौपारण, हज़ारीबाग, झारखंडः-** आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासनिक और पुलिस टीम की सख्ती के बीच चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट पर चल रहे वाहन जांच अभियान के दौरान भारी मात्रा में नकद रुपये बरामद किए गए हैं। जांच के दौरान एक निजी वाहन से ?16.50 लाख नगद राशि मिली, जिसे दिल्ली निवासी युवती आकृति कनौजिया लेकर जा रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान युवती किसी भी वैध दस्तावेज या राशि के स्रोत से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके बाद पुलिस ने पूरी राशि जब्त कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस और प्रशासनिक टीमें लगातार चेकपोस्ट पर सघन जांच अभियान चला रही हैं, ताकि अवैध धन, शराब या अन्य सामग्री का परिवहन रोका जा सके। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद रुपये की जानकारी संबंधित विभागों को दे दी गई है और जांच रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी जा रही है।

## PCS प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बैठक-12 अक्टूबर के एग्जाम के लिए परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसीएफ/आरएफओ) की प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्टूबर को बलिया में होगी। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी और दीवार घड़ी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि निगरानी व्यवस्था मजबूत रहे। मंगला प्रसाद सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही



बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता और जिम्मेदारी से करने को कहा। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि परीक्षा के दौरान शांति, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोपरि है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर कोई चूक या अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, एडीएम अनिल कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वर्षों बाद इस साल धान की फसल अच्छी होने पर हर्षित हैं प्रखण्ड के कृषक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** विगत कई वर्षों के उपरांत इस साल पाकुड़िया प्रखण्ड में समयानुकूल मानसूनी वर्षा होती रहने पर धान की फसल शत-प्रतिशत होने से किसानों में प्रसन्नता दिख रही है। वहीं भदई धान की कटाई प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया, चूनपाड़ा, तेतुलिया सहित कई ग्रामीण इलाकों में कृषकों द्वारा की जाने लगी है। ज्ञात हो, इस वर्ष पाकुड़िया प्रखण्ड में कुल 895.4 मिलीमीटर वर्षा से फसल अच्छी होती देखी गई। परंतु धान के अंकुरित होने के पूर्व वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ती देखी गई और खेत सुखने की स्थिति में दिखे। कहीं-कहीं सिंचाई होती भी देखी गई। इस बीच 18 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच हल्की बारिश होने से किसानों को



आशा बंधी और दशमी की पुण्य वेला में 3 अक्टूबर को 39 मिमी वर्षापात होने से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा कि अब धान शत-प्रतिशत होगा। पाकुड़िया में इस साल 8 अक्टूबर तक कुल 975 मिलीमीटर मौसमी वर्षा हुई है। 10 अक्टूबर को भदई धान की कटाई कर रही महिलाओं ने पूछने पर हर्ष भरे शब्दों में कहा - "बहुत सालों के बाद इस वर्ष बढ़िया धान लगा है।" उन्होंने बताया कि रबी एवं सब्जियों की फसलें भी अच्छी होने की संभावना दिख रही है।

## जंगली सब्जी खाने से एक ही परिवार के पांच लोग हुये फूड प्वाइजनिंग का शिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर घुंघचाई-**में एक परिवार के पांच सदस्य जंगली सब्जी खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग ने अज्ञात जंगली सब्जियों के सेवन के खिलाफ चेतावनी जारी की है, क्योंकि वे जहरीली हो सकती हैं। लोगों को केवल विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त सब्जियों का ही उपयोग करने की सलाह दी गई है।जिले के थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव चंदोखा में जंगली सब्जी खाने से एक ही परिवार के पांच लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। हालत बिगड़ने पर रात में ही एंबुलेंस की मदद से सीएचसी ले जाया गया। चंदोखा निवासी बृजलाल गुरुवार को जंगल में जमीन से निकलने वाली टिहुना नाम की सब्जी लाए थे। सब्जी को बृजलाल की पत्नी राम श्री ने शाम को बनाया और शाम करीब साढ़े सात बजे खाना खाने के आधे घंटे बाद पांच लोगों की हालात बिगड़ने लगी सभी को उल्टियां और आंखों के सामने अंधेरा छाने लगा। इसको लेकर घर में खलबली मच गई। बृजलाल ने बताया कि शाम को वह खेत की रखवाली करने गए थे। उनकी पत्नी रामश्री, बेटी ममता, पुत्र आदेश, बेटी शिवानी, वर्षीय जीतू ने खाना खाया था। आधे घंटे बाद हालात बिगड़ गई। सभी की हालत गंभीर होने पर एंबुलेंस की मदद से सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज होने के बाद सुधार होने पर घर भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर सेल ने लोगों को किया जागरूक, बताया साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय



**भदोही।** साइबर जागरूकता माह के तहत पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही में साइबर अपराधों से बचाव हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को जनपदीय साइबर सेल द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) भदोही में उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई। साइबर टीम ने अनजान नंबरों से आने वाली कॉल, व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से पैसों की मांग, संदिग्ध लिंक के जरिए मोबाइल हैकिंग जैसी ठगी की आधुनिक तरीकों के बारे में बताया। लोगों को सतर्क रहने, किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या cyber.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। उपस्थित लोगों को पंपलेट वितरित कर विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों व उनसे बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनचौपाल लगाकर आम जनमानस को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल युग में सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के प्रति जागरूक करना है।

### सनक सनंदन लीला के साथ हुआ इक्कीस दिवसीय रामलीला का समापन



**चुनार मिर्जापुर।** राघवेंद्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही इक्कीस दिवसीय रामलीला का समापन बुधवार की रात सनक सनंदन लीला के साथ हुआ। सनक सनंदन की लीला में घोड़े पर सवार श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारो भाई व हनुमान जी नगरवासियों को दर्शन देते हुए अयोध्या पहुंचते है।नगर भ्रमण के दौरान कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय,उपाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता (मिट्ठू) महामंत्री संजय साहू, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता, पवन जायसवाल, करतार सिंह, बृजनंदन कुशवाहा, सौरभ पुजारी, पवन गुप्ता, प्रदीप साहू सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### भदोही में अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले की तैयारियां पूरी, पुलिस-प्रशासन ने संभाली कमान



**भदोही।** आगामी 04 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला (11 से 14 अक्टूबर 2025) एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। शुक्रवार को आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर एवं आईजी विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ने जिलाधिकारी भदोही व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के साथ एक्सपो मार्ट, कारपेट सिटी भदोही में पहुंचे और मेले व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान लगाई गई पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सभी तैनात पुलिस बल को ड्यूटी के संबंध में विस्तार से ब्रीफ किया गया। मेले की सुरक्षा को लेकर जनपद भदोही के साथ-साथ बाहरी जिलों से भी पर्याप्त पुलिस अधिकारी व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। स्मार्ट पुलिसिंग के तहत सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। वर्दीधारी पुलिसकर्मियों के साथ प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों को सादे वस्त्रों में भी तैनात किया गया है ताकि किसी भी परिस्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। विदेशी आयातकों, विशिष्ट अतिथियों व आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ब्रीफिंग के दौरान जनपद के राजस्व एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार एवं महिला हेल्प डेस्क की स्थापना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मे महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर से संबंधित जानकारी के साथ-साथ महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई, जहाँ छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु समुचित मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090,181,108,102 एवं 1098 का प्रचार-प्रसार किया गया ताकि छात्राओं एवं महिलाओं को आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में

समाजशास्त्र विभाग से डॉ दीप नारायण ने छात्राओं को संबोधित करते हुए हेल्पलाइन नंबर 102, 1090, 1076 और 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा बताया कि इनका उपयोग किन परिस्थितियों में किया जाना चाहिए और छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित इन सेवाओं के प्रयोग के प्रति जागरूक किया।प्राचार्य डॉ. माधवी शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है और मिशन शक्ति जैसे अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी,धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं , शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग 82 छात्राओं एवं 14 छात्रों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए चलाए जा रहे "मिशन शक्ति फेज-5.0" अभियान के अंतर्गत जनपद भदोही में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के तरीके, उनके अधिकारों और महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी सार्वजनिक स्थल पर छेड़खानी या उत्पीड़न की घटना होती है, तो महिलाएं डरने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन 1090 पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित उपयोग के प्रति भी महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्वयं नियमों का पालन करने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

**मिशन शक्ति टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी पंपलेट के माध्यम से दी—**

1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन,181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस सेवा, 108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन

इन जागरूकता गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त बनाना है ताकि वे किसी भी परिस्थिति में निर्भीक होकर अपनी सुरक्षा कर सकें।

### नशा मुक्त भारत अभियान रथ को उपजिलाधिकारी ने भगवान शंकर की आरती कर किया रवाना



**चुनार मिर्जापुर।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार में शुक्रवार को 90 दिवसीय मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान रथ को उपजिलाधिकारी राजेश वर्मा द्वारा भगवान शिव की आरती कर रवाना किया गया। रथ गोलहनपुर, तेंदुआ कला, मिसिरपुरा, अतरी इत्यादि गांवों में पहुंचा जहां लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान को अपना सहयोग और समर्थन प्रदान किया। रथ पर एल ई डी स्क्रीन पर लगे कुंभकर्ण की झांकी के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त अभियान से अवगत कराया गया।संस्था की बहनों ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान सुरेंद्र सिंह पटेल, सुभाष सिंह शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू, सह प्रभारी तारा, सुनीता दीपिका, शालिनी, विद्या, गूंजा, ब्रह्मकुमार दीपेंद्र, पंकज,जगदीश, सत्यनारायण, श्यामसुंदर, कैलाश, वैभव, बद्री, त्रिभुवन, आनन्द, राजेश, आदि उपस्थित रहे।

# अयोध्या में छायी उदासी युवराज राम का हुआ वनवास

● हरिपुर अभिया में रामलीला का तीसरा दिन

### राम, सीता, कौशल्या, उर्मिला, मंथरा, केवट और कैकई के संवाद ने दर्शकों का मोहामन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**भदोही 10 अक्टूबर।** आदर्श रामलीला समिति हरिपुर अभिया की तरफ से मंचित रामलीला में गुरुवार को राम वनगमन का मंचन किया गया। इस दौरान रामलीला का आनंद उठाने के लिए भारी संख्या में दर्शकों मौजूद रहे। अयोध्या के महाराज दशरथ चौथापन आने के बाद राज्य का कार्यभार किसे सौंपा जाय इस राय के लिए मंत्री सुमंत के साथ गुरु वशिष्ट के पास गए। गुरु वशिष्ठ ने उन्हें युवराज राम को अयोध्या का राजा बनाने का निर्देश दिया। गुरु के आदेश पर महाराज दशरथ ने सुमंत को सारी तैयारियां पूरी करने का आदेश दिया। इधर यह खबर दासी मंथरा को जब पता चली तो महारानी कैकई के पास पहुंचकर सारा राज खोल दिया। मंथरा की बात सुनकर महारानी कैकेई महाराज दशरथ के प्रति उद्वेलित कर दिया। मंथरा ने कहा कि भरत के होते राम कैसे युवराज बन सकता है। महारानी कैकई तो पहले उसकी बातों में नहीं आई, लेकिन बाद में उनकी मतिमारी गई और वह राम को बनवास और भरत की राजगद्दी के लिए तैयार हो गई। मंथरा ने कहा कि देवासुर संग्राम में जो आपने महाराज के वचन को थाती ज स्वरूप रखा है अब वक्त है उसे मांग लीजिए।

इधर जब यह मंगल सूचना लेकर महाराज दशरथ राजमहल पहुँचे तो वह कोपभवन में बैठी मिली। कैकई की बात जानकर महाराज दशरथ व्याकुल हो उठे। महारानी कैकई को महाराज ने बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह तैयार न हुई। राम को वनवास और भरत को राजगद्दी पर अडि रहती है। अंततः अयोध्या का राजा बनने के श्रीराम वनवासी हो जाते हैं।

बनवास के दौरान वलकल वस्त्र धारण कर वनवास के लिए चल देते हैं। अयोध्या के पूवरासी उन्हें बहुत मनाते हैं, लेकिन वह नहीं मानते। मंत्री सुमंत भी उनसे आग्रह करते हैं और सीता को लौटाने की जिद करते हैं लेकिन श्रीराम और सीता बन जाने को अडिग रहते हैं। उधर निषाद राज केवट उन्हें गंगा पार करता है और प्रभु अंगूठी प्रदान करती हैं लेकिन केवट नहीं लेता है। यहीं पर रामलीला का समापन होता है। महाराज श्रीराम, दशरथ, कैकई कैकई, मंथरा, उर्मिला, केवट संवाद दर्शकों का मनमोहन लेता है।

## कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां/सीतापुर** विद्यालय कृष्ण स्वरुप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में छात्राओं की कला प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक शैली की मेंहदी डिज़ाइनों से सभी का मन मोह लिया। सभी प्रतिभागियों की मेहनत और सृजनात्मकता सराहनीय रही। निर्णायक मंडल द्वारा सौंदर्य, रचनात्मकता और साज-सज्जा के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। जो कि निम्नवत है :- (नीलगिरी हाउस) से मुस्कान कक्षा 6 से (8 Point) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, (अरावली हाउस) से आकांक्षा कक्षा 7 से (7 Point) प्राप्त कर दितीय स्थान हासिल किया ।(नीलगिरी हाउस) से तान्या कक्षा 8 से (6 Point) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया । तथाः- (नीलगिरी हाउस) से मोनी मौर्या कक्षा 9 से (14 Point) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, (अरावली हाउस) से परी रस्तोगी कक्षा 9 से (9 Point) प्राप्त कर दितीय स्थान हासिल किया।(अरावली हाउस) से आराध्या कक्षा 7 से (7 Point) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही (नीलगिरी हाउस) से मालती मौर्या कक्षा 11B से (16 Point) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, (हिमाद्री हाउस) से लवली कक्षा 11 से (14 Point) प्राप्त कर दितीय स्थान हासिल किया ।(हिमाद्री हाउस) से ऐश्वर्या कक्षा 11B से (11 Point) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया । पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबन्धक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह जी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना जी ने कहा, कि "इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कला केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है।" उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह एकता गुप्ता तुलसी गुप्ता गुरमीत कौर गीता गुप्ता सहित समस्त गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों को बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

### महिला कल्याण विभाग द्वारा भदोही में व्यक्तिगत स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया



महिला/बाल देखरेख संस्थाओं में संवासियों की व्यक्तिगत स्वच्छता (च्मतेवदंसध् डमदेजतनंस भ्लहपमदम) हेतु विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से जागरूकता संवाद का आयोजन किया जायेगा। संवाद के दौरान उनकों विशेष रूप से सेनेटरी पैड के सुरक्षित निस्तारण जागरूक किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से राजकुमार गुप्ता आनन्द मौर्या गोपाल कृष्ण यादव एवं आंगनबाड़ी आदि तथा बाल कल्याण समिति भदोही सदस्य संगीत खन्ना मीना गुप्ता सोनी चैरसीया प्रिया शुक्ला आदि उपस्थित रही।

## असम के राज्यपाल ने पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य अपने उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। शुक्रवार को अपने राजनीतिक गुरु पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के मंगरहां स्थित आवास सरोज सदन पहुंचे और उनसे शिष्टाचार भेंट कर उनका हाल चाल जाना। इस अवसर पर वहां मौजूद पुलिस के जवानों ने सबसे पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तत्पश्चात उनके द्वारा पूर्व मंत्री को शाल और असम की प्रसिद्ध चाय भेंट किया गया। इस दौरान चुनार विधायक अनुराग सिंह ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए उनको अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट किया। सरोज सदन में हीं राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सभी के साथ दोपहर का भोजन भी ग्रहण किया। करीब एक घंटे के बाद उनका काफिला मंगरहां से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया। इस अवसर पर वहां भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल भी उपस्थित रहे।

उक्त अवसर पर एसडीएम चुनार राजेश कुमार वर्मा,सीओ मंजरी राव थाना प्रभारी विजय प्रकाश सिंह , हल्का इंचार्ज सरोज कुमार चौबे,के साथ विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, सुरजीत सिंह, बब्बल पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, शिवेंद्र सिंह,राजू सिंह, रिंकू सिंह,अतुल सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गांजा बिक्री के अवैध कारोबार में लिप्त 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

● कब्जे से स्विफ्ट डिजायर कार में 20 किलोग्राम नाजायज गांजा, गांजा क्रय व विक्रय से प्राप्त 2,51,500/- रुपये नगद बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री के पूर्णतया रोकथाम एवं अवैध कारोबार में लिप्त मादक कारोबारी/तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक-10.10.2025 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध कारोबार में लिप्त 03 शातिर अभियुक्तों को बहद ग्राम नरथुआ नहर मार्ग बफासला करीब 02 किमी0 उत्तर बमुदैयत से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से स्विफ्ट डिजायर कार में 20 किलोग्राम नाजायज गांजा, गांजा क्रय- विक्रय से प्राप्त 2,51,500/- रुपये नगद बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना औराई पर मु0अ0सं0-434/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

**गिरफ्तारी/बरामदगी का विवरणः-** थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत नरथुआ नहर मार्ग पर औराई पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र,अवैध वाहन/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान त्रिलोकपुर नहर मार्ग से एक संदिग्ध स्वीफ्ट डिजायर कार सफेद रंग को नजदीक आने पर रोकने का इशारा किया गया तो कार के चालक ने एका-एक गाड़ी को रोक दिया।

गाड़ी से तीन व्यक्ति कूदकर भाग गये। उनकी यह क्रियाकलाप संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा कार में बैठे अन्य तीन व्यक्तियों 1.इन्द्रभान पटेल उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 रमेश चन्द्र पटेल नि0 ननहका का पुरा थाना सराय इनायत जनपद प्रयागराज उम्र 32 वर्ष 2. ओमप्रकाश पटेल पुत्र प्रताप बहादुर पटेल निवासी बारी उमरी सहसो थाना सराय इनायत जनपद प्रयागराज उम्र 26 वर्ष 3. आलोक कुमार पटेल पुत्र रतन सिंह पटेल निवासी चकहौदा थाना सराय ममरेज जनपद प्रयागराज उम्र 22 वर्ष को कार सहित पकड़ लिया गया। पकड़े गए वाहन की तलाशी में कार की डिग्गी में 15 कि0ग्रा0 गांजा व दोनो सीट के मध्य 05 कि0ग्रा0 गांजा कुल 20 कि0ग्रा0 गांजा तथा कार के आगे डेस बोर्ड की डिग्गी खोल कर देखा गया तो कुल ?251500/ बरामद हुआ।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछने पर सभी पकड़ें गये व्यक्तियों ने बताया कि हम लोग जगह-जगह सड़क के किनारे पूर्व से तय शुदा स्थान पर भिन्न-2 जगहों से भिन्न भिन्न व्यक्तियों को बुलाकर गांजा की विक्री करते है। गांजा की बिक्री से जो पैसा प्राप्त हुआ था वह कार के डेस्क बोर्ड की डिग्गी में रखे थें जो आपको तलाशी में मिला है। वह गांजा बिक्री से प्राप्त हुआ रूपया है। जिसे बिहार प्रान्त से सस्ते दामो में खरीद कर इधर उधर मंहगे दामों में बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाते हैं। तथा हम सभी लोग मुनाफा के पैसों से आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी सुख सुविधा प्राप्त करते है। भागे हुये व्यक्तियों का नाम चालक सीट पर बैठा व्यक्ति ने क्रमशः 1. बाबा पटेल पुत्र रामबाबू पटेल नि0 कटहरा थाना सराय ममरेज जनपद प्रयागराज 2. श्याम भारती पुत्र सुरेश भारती नि0 सिया डीह थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज 3.आशीष पटेल पुत्र स्व0 विजय बहादुर पटेल निवासी कटहर थाना सराय ममरेज जनपद प्रयागराज बताया

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, योजनाओं की लोगों को दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत चौहट्टा व मस्जिदया में गाँव की समस्या गाँव में समाधान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में सचिव कुंवर कन्नौजिया व सन्दीप सरोज ने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। संतोष शुक्ला नें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या संबृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के साथ आर्थिक उन्नति, बैंकिंग बीमा और साइबर क्राइम के रोकथाम आदि को लेकर लोगों को जागरूक किया तथा चौपाल कार्यक्रम में राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय आदि योजनाओं की भी जानकारी दी गई इस दौरान अनीता देवी, कैलास प्रसाद, सचिव कुंवर कन्नौजिया, सन्दीप सरोज, राम रक्षा, नेहा, शुक्लावती जायसवाल, श्रवण जायसवाल, राजाराम जायसवाल भगौती, सुखदेव, राकेश, बसंत, शैलेश, गयादीन, बासदेव, रोहित, आनंद, गया प्रसाद, राम स्वारथ आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को वितरित किया गया निशुल्क खतौनी



**मीरजापुर** 10 अक्टूबर 2025- मिशन शक्ति 5.0 के तहत आज तहसील सदर में पांच महिलाओं को निशुल्क खतौनी का वितरण किया गया। जिसमें मालती देवी पत्नी घूरे निवासी धौरोपुर, लक्ष्मी देवी पत्नी गोपाल धौरोपुर, रामपति पत्नी दुखरन निवासी विजयपुर, कलुई पत्नी भुल्लन विजयपुर एवं सुनीता पत्नी मुनीब अघोरी को निशुल्क खतौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र, तहसीलदार सदर डॉ0 विशाल कुमार, क्षेत्राधिकार सदर अमर बहादुर उपस्थित रहे।

## एक दिन की डीएम बनी छात्रा गार्गी मिश्र, संभाली प्रशासन की बागडोर

● मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम, छात्राओं में दिखा उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में "एक दिन की जिलाधिकारी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की छात्रा गार्गी मिश्र ने एक दिन की जिलाधिकारी बन प्रशासनिक कार्यो की कमान संभाली। छात्रा गार्गी मिश्र ने डीएम की कुर्सी पर बैठकर जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को फोन पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उनके आत्मविश्वास और समझदारी ने उपस्थित अधिकारियों और छात्राओं को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवाद सत्र में छात्राओं ने जिलाधिकारी से टाइम मैनेजमेंट, कैरियर चयन, पढ़ाई में एकाग्रता, सोशल मीडिया का प्रभाव और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने छात्राओं के सभी प्रश्नों का विस्तृत व प्रेरक उत्तर देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डीएम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा– "हमेशा नया सीखने का प्रयास करें, बिना किसी भय के निरंतर परिश्रम करें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।"

कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने सभी छात्राओं को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का भ्रमण कराया और उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी, जिससे छात्राओं में शासन व्यवस्था को लेकर जिज्ञासा और समझ विकसित हुई। अंत में जिलाधिकारी ने छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एडीएम न्यायिक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन पांडे, प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी, सिटी मांटेसरी विद्यालय की छात्राएं एवं शिक्षकगण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए एक अनूठा अनुभव बना, बल्कि प्रशासनिक सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा का स्रोत भी साबित हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति केन्द्र थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद




**परिजनों को किया गया सुपुर्द ।**

मिशन शक्ति केन्द्र थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरों व अन्य तकनीकी माध्यमों का प्रयोग करके गुमशुदा युवती को आज दिनांक-09.10.2025 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत हनुमानगंज बाजार के पास से सकुशल बरामद किया गया । गुमशुदा युवती के सकुशल बरामदगी के उपरान्त नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गुमशुदा को काउन्सलिंग कर उसकी इच्छा के अनुसार उसके पति ललेश कुमार पुत्र लल्लन निवासी सुदनीपुर कला हनुमानगंज थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज के साथ रूखसत किया गया । इस दौरान गुमशुदा के माता-पिता व भाई( आवेदक) भी मौजूद रहे । परिजनों द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के सार्थक प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

### थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा 05 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर जोन के थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-09.10.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-06 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-2182ए/16 धारा-323/504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित 03 वारण्टी अभियुक्त 1. अमृत लाल पुत्र रघुनाथ 2. राजेश पुत्र श्याम बहादुर 3. सन्तोष पुत्र श्याम बहादुर निवासीगण नसीरापुर कोडरू थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज एवं मु0नं0-1066/2001 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 4. राजमणि पुत्र भल्लू पासी निवासी रिठैया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज व मु0नं0-27/15 धारा-323/ 504/ 506/ 406 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 5. मसूरिया दीन पुत्र सुब्बालाल निवासी रिठैया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम नसीरापुर कोडरू व रिठैया के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आवेदिका के खाते से फ्रॉड की गयी धनराशि 14,000/- रूपये कराया गया वापस

सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में थाना सरायइनायत के साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा श्रेया मौर्या पुत्री जय प्रकाश मौर्या निवासिनी कतवारूपुर हनुमानगंज थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज का साइबर फ्रॉड में कुल 14,000/- रूपये कटा था, जिस पर आवेदिका द्वारा एन0सी0आर0पी0 पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी, जिस पर थाना सरायइनायत साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदिका का साइबर फ्रॉड में कटा हुआ पूरा पैसा 14,000/- रूपये वापस कराया गया । आविदका द्वारा थाना सरायइनायत पुलिस व प्रयागराज पुलिस का आभार प्रकट किया गया।

### नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर जोन के थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-09.10.2025 को मा0 न्यायालय SC/ST P Atrocities special court इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र मु0नं0-200955/2011 धारा-376 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त राम सिंह यादव पुत्र राम खेलावन निवासी ग्राम कासिमपुर झरहा थाना नवाबंगज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम कासिमपुर झरहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# राजा कोलंदर की रिहाई से समाज में फैलेगा भय, पत्रकार के हत्यारोपी की रिहाई का हो रहा विरोध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज ।** राज्यपाल ने प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोविजन एक्ट 1938 की धारा 2 के तहत राजा कोलंदर की रिहाई के आदेश जारी किए हैं। उन्नाव जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा कोलंदर कई जघन्य अपराध में दोषी पाया गया था। उस पर एक पत्रकार की जघन्य हत्या करने का दोष सिद्ध हुआ था, जिनके परिजनों ने इस आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई है, और राज्यपाल से पुनर्विचार करने की मांग की गई है। राजा कोलंदर (63वर्ष)27 वर्ष तीन माह और तीन दिन की सजा काट चुका है। रिहाई की मंजूरी 9 शर्तों के साथ दी गई है, जैसे उसका बेटा नवीन कुमार अभिरक्षक रहेगा, और शर्तों का उल्लंघन करने पर कोलंदर को पुनः जेल भेजा जाएगा। यह आदेश 4 सितम्बर का है। जिन पत्रकार धीरेन्द्र सिंह की हत्या का आरोपी कोलंदर को बनाया गया था, उनके बड़े भाई वीरेन्द्र सिंह ने राज्यपाल को पत्र लिखकर आदेश को वापस लेने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि 4 महीने पहले ही हाईकोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अब इतनी जल्दी उसकी रिहाई समाज और न्याय के साथ ही अन्याय साबित होगा। परिवार वालों का कहना है कि उसकी रिहाई से समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनेगा। आपको बता दें कि राजा कोलंदर उर्फ राम निरंजन कोल का नाम वर्ष 2000 की शुरुआत में सामने आया था, जब उसने



पत्रकार धीरेन्द्र सिंह की हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में कोलंदर के फॉर्महाउस में मानव खोपड़ियां और हड्डियां बरामद हुई थीं। पुलिस की पूछताछ में उसने स्वीकार किया था कि वह इंसान का मांस खाता था, और हत्या को रोमांच की तरह देखता था। उसके अपराधों से पूरा प्रदेश हिल उठा था। बाद में हाईकोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## प्रह्लाद ने खंभे से सिद्ध कर दिया कि कण कण में भगवान हैं-पं निर्मल कुमार शुक्ल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** आज तीसरे दिन भगवान भगवत की कथा के कुछ संक्षेप सार इस प्रकार रहा -वेदों पुराणों गीता एवं सनातन धर्म संबंधित सभी ग्रंथ और पंथ ने परमात्मा के सर्वव्यापी होने में एक मत हैं। गीता में भगवान कृष्ण अर्जुन से बार बार कहते हैं ईश्वरः सर्व भूतानाम्। एक एक कण और परमाणु में ईश्वर की सत्ता विद्यमान है किन्तु प्रह्लाद ने तो इस सिद्धांत को समाज के सामने प्रत्यक्ष प्रकट कर दिया।नीबी लोहगरा में पं अमरनाथ दूबे के आवास पर तृतीय दिवस भागवत कथा प्रवक्ता मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने ध्रुव और प्रह्लाद चरित्र की व्याख्या करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। आपने कहा नारद बाबा के चार शिष्य हैं जिनमें दो बृद्ध और दो बालक हैं किन्तु ए चारों अद्वितीय हैं। वृद्ध शिष्यों में वाल्मीकि और व्यास हैं वैसे ही बालक शिष्यों में ध्रुव और प्रह्लाद जी हैं। ?ध्रुव ने सौतेली माता के अपमान से दुखी होकर इतनी कठिन तपस्या किया कि मात्र पांच महीने में ही भगवान प्रकट हो गए।नारद के दूसरे बालक शिष्य प्रह्लाद की कथा तो विश्व में एक कीर्तिमान स्थापित कर गई।ए हिरण्यकशिपु नामक दुर्दांत राक्षस के पुत्र थे। हिरण्यकशिपु स्वयं को भगवान मानता है किसी अन्य की सत्ता पर उसे विश्वास नहीं था। उसने तीनों लोकों को जीत लिया इन्द्र आदि देवता उसके शरणागत हो गये उसके राज्य में कोई देव मंदिर नहीं रह गया सब तोड़ दिए गए।यज्ञ हवन पूजन वेद पुराण दान तीर्थ सब पर प्रतिबंध लगा दिए चारों ओर अनीति अधर्म



का तांडव होने लगा।ऐसी विकट परिस्थिति में प्रह्लाद जी का जन्म हुआ ए जब गर्भ में थे तभी इनकी माता को नारद जी ने गुरु मंत्र दिया था और गर्भ में बैठे इस बालक ने भी वह मंत्र सुन लिया था पिता ने बहुत रोका किंतु इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा ज्यों ज्यों विरोध बढ़ता गया त्यों-त्यों इनका विश्वास भी बढता गया। अंत में हिरण्यकशिपु ने इन्हें मारने का विचार किया। पर्वत के उच्च शिखर से गिराया गया किन्तु भगवान ने अपनी विशाल भुजाएं फैला कर इन्हें गोद में उठा लिया गहरे समुद्र में फेंक दिया भगवान वहां भी नौका बनकर आ गये खीर में जहर मिला कर खिलाया गया वहां भी भगवान ने इनकी रक्षा किया।

प्रह्लाद की बुआ को शंकर जी ने एक शाल दिया था और कहा था कि इसे ओढ़ कर अगर तूं आग में प्रवेश कर जाएगी तो इसके प्रभाव से भस्म नहीं होगी। हिरण्यकशिपु ने उस होलिका की गोद में बैठाकर इन्हें जलती चिता में बैठा दिया भगवान की कृपा से हवा का ऐसा झोंका आया कि वह शाल उड़ कर इनके ऊपर आ गई इनका बाल भी बांका नहीं हुआ होलिका जल कर राख हो गई। तबसे होली का त्योहार मनाया जाने लगा।सारे उपाय करके हिरण्यकशिपु हार गया अंत में सभा में बुलाकर इनसे कहने लगा बोल तेरा परमात्मा कहां है प्रह्लाद ने कहा मेरे भगवान सब जगह हैं तो क्या इस खंभे में भी हैं बालक निर्भीक बोल उठा हां इस खंभे में भी मेरा परमात्मा है। हिरण्यकशिपु ने दौड़ कर खंभे में मुष्टिका प्रहार किया महान आश्चर्य भयंकर आवाज हुई दशो दिशाएं कांप उठीं समुद्र में सुनामी आ गई धरती पर भूकंप आ गया पर्वत शिखर टूटकर गिरने लगे और खंभे को फाड़कर भगवान नृसिंह प्रकट हो गए।घन गर्जना करते हुए अपने तीखे नखों से हिरण्यकशिपु का उदर विदीर्ण करके टुकड़े टुकड़े फाड़कर हिरण्यकशिपु को फेक दिया और प्रह्लाद को गोद में बैठाकर दुलार करने लगे।इस प्रकार प्रह्लाद ने सिद्ध कर दिया कि कण कण में भगवान भरे हुए हैं। इससे पूर्व विद्वान वक्ता ने जड भरत महाराज ऋषभदेव वृत्तासुर आदि पात्रों की विलक्षण कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।आज कथा में पं प्रभाकर शुक्ल डा दिवाकराचार्य त्रिपाठी भोला गर्ग राम कृष्ण मिश्र राम कीर्तन मिश्र राकेश चंद्र त्रिपाठी गणेश पाण्डेय कमला कांत त्रिपाठी प्रकाश चंद्र मिश्रा रामचंद्र पाल सुग्रीव शुक्ला जी मदन महाकाल इत्यादि गणमान्य श्रोताओं की उपस्थिति रही।

## सर्पदंश के मामलों में त्वरित निर्णय और शीघ्र इलाज जरूरी—डीएम प्रयागराज




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सर्पदंश न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 25-25 चिकित्सकों के बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच में जनपद के 30 चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने सर्पदंश के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सकों को वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्य स्तर पर प्रबंधक (कार्मिक) शांतनु द्विवेदी ने कार्यक्रम का समन्वय किया, जबकि सर्पदंश कंसल्टेंट काव्या शर्मा ने प्रशिक्षण की तकनीकी रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विनीता सिंह और उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि सर्पदंश के मामलों में वे त्वरित निर्णय लें और इलाज की दिशा में शीघ्र कदम उठाएं, ताकि जीवन रक्षा सुनिश्चित हो सके।मास्टर ट्रेनर्स डॉ. रवि कुमार, डॉ. माधव कुमार बरनवाल, डॉ. दीपक कुमार और डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने विषैले व गैर-विषैले सर्पो की पहचान, सर्पदंश के लक्षण, तथा प्राथमिक उपचार की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर सर्पदंश जानलेवा नहीं होता, परंतु पहचान में की गई लापरवाही घातक सिद्ध हो सकती है।विशेषज्ञों ने कहा कि रक्तस्राव, मांसपेशियों में कमजोरी, व सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षणों को पहचानकर चिकित्सक तत्काल इलाज प्रारंभ करें। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की भूमिका सिर्फ उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदाय में जागरूकता फैलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम द्वारा किया गया।

### कई दिनों से अंडरपास में जलभराव होने से बच्चों व राहगीरों को पार करना पड़ रहा है रेलवे ट्रैक



**प्रयागराज यमुनानगर।** बसरिया अंडरपास में जलभराव होने से स्कूली बच्चों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के नीचे कई दिनों से भरा पानी अभी तक सूखा नहीं है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्र प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करने पर बाध्य हैं। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरपास पुलिया निर्माण कार्य तो कई वर्षों पहले शुरू हुआ था, लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं थी। आसपास की नालियों और बारिश का पानी पुलिया के नीचे इकट्ठा हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। नतीजा यह होता है कि पैदल चलने वाले, साइकिल सवार और स्कूली बच्चे पानी भरे रास्ते में जाने के बजाय रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश करते हैं, जो बेहद खतरनाक है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय प्रशासन एवं रेलवे विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका। बारिश खत्म होने के बावजूद अब तक जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं हुई है। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों ने बताया कि यदि शीघ्र ही जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होती तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल ग्रामीणों, राहगीरों एवं बच्चों को प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है।

## मकान की मरम्मत के दौरान ढह जाने से युवक की मौत

**●अस्पताल ले जाने से पहले ही तोड़ा दम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज यमुनापार ।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अमिलिया गांव में एक मकान की मरम्मत के दौरान हादसा हो गया। मलबे में दबकर प्रदीप पटेल( 28वर्ष) की मौत हो गई। मृतक प्रदीप पटेल पुत्र स्व राजबहादुर निवासी ललसहिया, मोहनी का पूरा, सेमरा, कलबना, घूरपुर का निवासी था। वह गुरुवार शाम को अपनी ससुराल अमिलिया गांव आया हुआ था, जहां पुराने मकान की मरम्मत का काम चल रहा था। परिजनों के मुताबिक, परिवार वाले पुराने मकान को तोड़कर नया निर्माण कराना चाहते थे। ससुराल वाले जेसीबी मशीन से मकान गिराने की बात कह रहे थे, लेकिन प्रदीप ने खुद ही हथौड़े से दीवार गिराना शुरू कर दिया। इसी बीच अचानक मकान का एक बड़ा हिस्सा भडरभराकर गिर पड़ा, और प्रदीप उसके मलबे के नीचे दब गया। आसपास मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने उसे आनन-फानन में बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इस हादसे की सूचना मिलते ही उसके घर और ससुराल में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी घूरपुर दिनेश सिंह ने बताया कि मृतक प्रदीप पटेल के ससुर मानिकलाल ने बताया



कि जर्जर मकान की मरम्मत कराई जा रही थी, तभी मेरे दामाद प्रदीप पटेल पर दीवाल गिर गई। मलबे से बाहर निकलने तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। गांव वालों ने प्रदीप को मेहनती और मिलनसार बताया, जो मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता रहा। उसके आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और मरम्मत कार्य के दौरान हुई सम्भावित लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

### समय रहते खाद न मिलने पर किसानों ने समिति पर भेदभाव, भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

**प्रयागराज यमुनापार बारा।** तहसील क्षेत्र से सटे विकासखंड मऊ के अन्तर्गत बरगढ़ में खाद न मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। गाहुर स्थित साधन सहकारी समिति से खाद न मिलने के चलते अब बुवाई पिछड़ रही है। किसानों का आरोप है कि समिति द्वारा आधार कार्ड जमा कराने के बाद भी खाद नहीं दी जाती।रमेश,बालकृष्ण,अमित, सोनू और शिवाकांत आदि किसानों ने समिति संचालक पर भेदभाव के साथ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि खाद वितरण क्रम से नहीं किया जा रहा है। इस मामले में समिति के सचिव श्रीराम मिश्रा ने बताया कि खाद वितरण क्रम से ही किया जाता है। सभी किसानों के आधार कार्ड जमा कर क्रमानुसार ही सूची चस्पा कर खाद वितरण किया जाता है। प्रतिदिन करीब 150 से 200 किसानों को खाद वितरित की जा रही है, और अगले दिन भी इसी क्रम से वितरण किया जाता है। सचिव श्रीराम ने स्पष्ट किया कि खाद की कोई कमी नहीं है। केवल समिति के सदस्य या वे किसान जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें ही खाद वितरित की जा रही है। जो किसान समिति के सदस्य नहीं हैं, उन्हें खाद नहीं दी जाती। सचिव के अनुसार, खाद वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आधार कार्ड जमा करने और सूची में नाम होने के क्रम से ही खाद वितरण किया जा रहा है।

## फूलपुर पुलिस ने दबोचे दो कारोबारी, 53 बोरी अवैध पटाखे किए जब्त




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** दीपावली से पहले प्रयागराज पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। एसीपी विवेक यादव के नेतृत्व में फूलपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर अंतरजिला स्तर पर अवैध पटाखों की आपूर्ति करने वाले दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपितों के कब्जे से कुल 53 बोरी अवैध पटाखे बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गिरजा शंकर जायसवाल और अंश केसरवानी के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान बिना अनुमति पटाखों की खरीद- फरोख्त में सक्रिय थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि ये लोग शहर के बाहरी इलाकों में गोदाम बनाकर भारी मात्रा में पटाखे स्टोर कर रहे हैं। सूचना के आधार पर फूलपुर थाने की टीम ने छापेमारी कर दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीपी विवेक यादव ने बताया कि अवैध विस्फोटक सामग्री रखने और बेचने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। ऐसे कारोबारियों पर एक्शन लगातार जारी रहेगा। बरामद किए गए पटाखों को जब्त कर थाना फूलपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि इनके सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरामद पटाखे बिना किसी सुरक्षा मानक के रखे गए थे, जो किसी भी समय विस्फोट का कारण बन सकते थे। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

## स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में यूपी का ऐतिहासिक कदम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** गुरूवार को औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के तहत जनपद प्रयागराज में 10 दिवसीय स्वदेशी उत्पाद मेले का उद्घाटन किया। भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज में विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया, उत्पादों की जानकारी ली और कई वस्तुएं स्वयं क्रय कर लोगों से भी स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का आह्वान किया। मंत्री नंदी ने इस अवसर पर ओडीओपी योजना के तहत बेकरी ट्रेड की तीन महिलाओं—सुश्री ममता देवी, सुश्री अर्चना और सुश्री सीमा बानो—को टूलकिट प्रदान की। साथ ही मिशन शक्ति के तहत 30 बालिकाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए। स्थानीय से वैश्विक तक—'नया उत्तर प्रदेश' औद्योगिक विकास की नई ऊँचाइयों पर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले संस्करण का उद्घाटन राष्ट्रपति, दूसरे का उपराष्ट्रपति, और तीसरे का उद्घाटन प्रधानमंत्री के करकमलों से हुआ—यह अपने आप में ऐतिहासिक है। नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में ट्रेड शो आयोजित करने का निर्णय लेकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने की नई क्रांति शुरू की है। उन्होंने कहा—"किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने में उसके मौलिक उद्योगों और स्थानीय उत्पादों की अहम भूमिका होती है। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने 'लोकल से ग्लोबल' का जो रास्ता अपनाया है, उसने राज्य के औद्योगिक भविष्य की नींव मजबूत की है।" मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के लक्ष्य की ओर ठोस कदमों के साथ तेजी से अग्रसर है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के निर्यात में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों और एमएसएमई इकाइयों की अहम भूमिका रही है। मेला स्थल पर उद्योग, खादी बोर्ड, माटी कला, रेशम, हस्तकरघा और स्वयं सहायता समूहों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। सभी जनपदों ने अपने-अपने विशिष्ट उत्पादों का प्रदर्शन कर निर्यात की नई संभावनाओं का द्वार खोला है। प्रयागराज के प्रसिद्ध अमरूद और मूज उत्पादों को ओडीओपी और जीआई टैगिंग के तहत वैश्विक पहचान मिल चुकी है।नंदी ने कहा—"यह मेला छोटे उद्यमियों को ग्लोबल मार्केट तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के




सिद्धांत पर चल रहा नया उत्तर प्रदेश दिन-प्रतिदिन औद्योगिक प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।" जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का साझा आह्वान—स्वदेशी को अपनाएँ, देश को सशक्त बनाएं?इस अवसर पर विधायक डॉ. वाचस्पति (बारा) ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वहीं विधायक गुरु प्रसाद मौर्य (फाफामऊ) ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से ही भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि इस मेले में प्रयागराज सहित अन्य जिलों के उद्यमी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि "ओडीओपी और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर अच्छी आमदनी का अवसर पा रही हैं। यह आयोजन उनके लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है।"

## तस्करी कर लाया जा रहा 176 किग्रा अवैध गांजा बारा क्षेत्र में बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार


**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज यमुनापार।** उत्तर प्रदेश में आंध्रप्रदेश व उड़ीसा से गांजा तस्करी का कारोबार संचालित हो रहा है। यह गिरोह प्रयागराज के रास्ते न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि बिहार में भी सप्लाई करता है। शुक्रवार को इस अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ एसटीएफ लखनऊ की टीम ने बारा थाना क्षेत्र में किया। छापेमारी के दौरान दो तस्करों को दबोचा गया, जिनके कब्जे से करीब 44 लाख रुपए का 176 किग्रा गांजा बरामद हुआ। यह कार्रवाई बारा थाना क्षेत्र स्थित गौहानी रोड पर रात करीब एक बजे के आसपास हुई। मौके से दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें बदरूद्दीन पुत्र सैयदुद्दीन, निवासी ग्राम ज्ञानीपुर, थाना शिवगढ़, सुल्तानपुर और मिथिलेश यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव निवासी ग्राम आशापार, थाना खजनी, जिला गोरखपुर शामिल हैं। इनके पास से अवैध गांजे के अलावा दो मोबाइल फोन,2220 रुपए नकदी और एक डीसीएम ट्रक बरामद किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि उनका गिरोह लंबे समय से उड़ीसा और आंध्रप्रदेश से अवैध गांजे की तस्करी कर रहा है। गिरोह का संचालन राकेश यादव नामक सरगना करता है, जो दक्षिण भारत के क्षेत्रों में अच्छी क्वालिटी का गांजा कम दामों में मंगवाकर उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों में महंगे दामों में बेचता है। तस्करों ने बताया कि वे आंध्रप्रदेश व उड़ीसा से गांजे की खेप मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के रास्ते उत्तर प्रदेश में लाते थे। खेप को आम मालवाहक वाहनों में छिपाकर लाया जाता था,ताकि, चेकिंग के दौरान पुलिस को शक न हो, और प्रयागराज व आसपास के जिलों में इसे तमाम छोटे सप्लायरों को दिया जाता रहा। एसटीएफ को हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मादक पदार्थों की बढ़ती आपूर्ति को लेकर



सूचनाएं मिल रही थीं। जांच में पता चला कि एक संगठित गिरोह दक्षिण भारत से गांजा मंगवाकर यूपी, बिहार में सप्लाई करवा रहा है। इसी जानकारी के मुताबिक, प्रयागराज में यह जाल बिछाया गया, जिसमें दो तस्कर पकड़े गए। दोनों आरोपियों के खिलाफ बारा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों, खासकर सरगना राकेश यादव की तलाश में जुटी है। एसटीएफ के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। आंध्रप्रदेश व उड़ीसा से आने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### नवागंतुक जिला जज शेष मणि शुक्ला ने ग्रहण किया कार्यभार



**चित्रकूट:** नवागंतुक जनपद न्यायाधीश शेष मणि शुक्ला ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने बार और बेंच के सामंजस्य के साथ वादकारियों को न्याय दिलाने की बात कही। अब तक चित्रकूट में जिला जज के तौर पर काम कर रहे जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के लखनऊ स्थानांतरित होने के बाद शुक्रवार को नवागंतुक जिला जज शेष मणि शुक्ला ने कार्यभार संभाल लिया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के मूल निवासी शेष मणि शुक्ला 18 अप्रैल 2012 से 17 जून 2013 तक चित्रकूट में अपर जिला जज के रूप में जिम्मेदारी का निर्वाह कर चुके हैं। यहां आने पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश यादव ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने भी उनसे मुलाकात की।

## कुत्ते भी जानते हैं प्यार-अनुपमा की टाइमिंग का इंतजार कर जुटते हैं हर जगह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज ।** अनुपमा, प्रयागराज की वह महिला जो पिछले 15 वर्षों से सड़क पर रहने वाले करीब 100 कुत्तों की निस्वार्थ सेवा कर रही हैं। यह कुत्ते पालतू नहीं हैं, लेकिन अनुपमा की नियमितता और प्रेम ने उन्हें इतना आत्मीय बना दिया है कि वह उनके आने से एक-डेढ़ घंटे पहले ही स्थान पर पहुंच जाते हैं।अनुपमा हर दिन अपने हाथ से तैयार किया खाना स्कूटी पर रखकर कुत्तों को खिलाने निकलती हैं। उनकी स्कूटी की समय-सारणी और स्थान इतने निश्चित हैं कि कुत्तों को किसी प्रकार का इंतजार या भ्रम नहीं होता। जैसे ही अनुपमा वहां पहुँचती हैं, कुत्ते उनकी ओर दौड़ते हैं, उन्हें घेर लेते हैं और उनके साथ बैठकर खाना खाते हैं। सिर्फ भोजन ही नहीं, अनुपमा की स्कूटी में कुत्तों के लिए दवा और अन्य जरूरी सामान भी रहता है। अगर कोई कुत्ता बीमार दिखाई देता है तो तुरंत उसकी दवा देती हैं। उनका अगला लक्ष्य इन सभी कुत्तों को रेबीज का टीका लगवाना है, जिसके लिए वह सरकारी



अस्पतालों से संपर्क कर रही हैं। अनुपमा ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कुत्तों को पीने के लिए पर्याप्त पानी मिले। इसके लिए उन्होंने कई जगह पानी के डिब्बे रखवाए हैं, जिनमें अपार्टमेंट के सुरक्षा कर्मी नियमित रूप से पानी भरते हैं।अनुपमा कहती हैं, "जानवर भी प्रेम के भूखे होते हैं। उन्हें भी अपनेपन का आभास होता है। जैसे ही मैं पहुंचती हूं, वह मुझे चारों तरफ़ से घेर लेते हैं, लगता है जैसे वे मुझसे बातें करना चाहते हों। यह सेवा मुझे अपार शांति और सुकून देती है।"15 साल की लगातार सेवा ने अनुपमा को न केवल कुत्तों की रक्षक बना दिया है, बल्कि यह दिखाता है कि इंसान और जानवरों के बीच का संबंध भी गहरा और भावपूर्ण हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण के साथ गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवराज सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके खेत में मक्का एवं मूंगफली की फसल कटी हुई रखी थी, जिसकी रखवाली के लिए ग्राम बख्तर निवासी रामकिंकर पुत्र कैलाश प्रसाद के साथ भज्जू पुत्र दलसिंह निवासी ग्राम बारीद थाना जाखलौन खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान 8 अक्टूबर 2025 की रात्रि करीब 9ः30 बजे 4 से 5 अज्ञात लोग अपने मुंह पर कपड़ा बांधकर घुस आए और दोनों के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। इस दौरान जब उसे इस घटना का पता चला तो उसने तत्काल डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो सभी दबंग वहां से रपुचकर हो गए। इसके बाद दोनों को खेत से उठाकर अस्पताल लाये, जहां उनका इलाज चल रहा है। आरोप है कि उसका जमीनी विवाद वर्ष 2021 से कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिसनरी बाग निवासी राजेश साहू एवं राजेंद्र साहू पुत्रगण दीनदयाल साहू से चल रहा है, जिसके चलते दबंग विपक्षियों ने अज्ञात बदमाशों के बल पर उक्त घटना की अंजाम दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 61(2), 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### एक दिन की प्रधानाचार्या बनीं हिमांशी रिछारिया



**ललितपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत शहर के तालाबपुरा स्थित श्री दिगंबर जैन सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा बारहवीं की छात्रा कु0 हिमांशी रिछारिया को प्रधानाचार्या एवं कु0 मानवी साहू को उप प्रधानाचार्यो बनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कल्पना जैन ने प्रतीकात्मक रूप से कु0 हिमांशी रिछारिया को कार्यभार सौंपा। एक दिन की प्रधानाचार्या बनी हिमांशी रिछारिया ने उपस्थिति पंजिका एवं विद्यालय के अन्य अभिलेखों को भी देखा। कक्षा-कक्षों का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद किया।इस अवसर पर हिमांशी रिछारिया एवं मानवी साहू ने कहा कि मुझे अत्यंत गर्व है कि मुझे एक दिन का प्रधानाचार्या बनाया गया। मुझे प्रेरणा भी मिली है। मैं भविष्य में शिक्षिका बनकर बच्चों को शिक्षा एवं अनुशासन का पाठ पठाऊंगी। मिशन शक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत छात्राओं को हैल्पलाइन नंबरों, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं अन्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर कल्पना जैन, पुष्पा जैन, रजनी सक्सेना, मीना जैन, सोनम जैन, सुषमा जैन विद्यालय का समस्त स्टाफमौजूद रहे।

### मकान में लगी अज्ञात कारणों से भीषण आग

**लाखों के जेवरात, नगदी और धरेलू उपकरण खाक**



**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तेरई फाटक चौराहे पर गुरुवार की शाम अज्ञात कारणों से एक घर में अचानक आग लग गई। इस भीषण आग में गृहस्वामी धर्मेंद्र साहू का घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग इतनी तेज थी कि घर में रखे सोने-चांदी के लगभग चार से पांच लाख रुपये मूल्य के जेवरात और करीब एक से सवा लाख रुपये की नगदी पूरी तरह जलकर राख हो गई। साथ ही गृहस्थी का सारा सामान भी नष्ट हो गया। पीड़ित धर्मेंद्र साहू ने बताया कि वह अपनी छोटी सी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। आगजनी की इस घटना में उसके घर का सारा सामान, यहां तक कि खाने-पीने की वस्तुएं भी पूरी तरह जल गई हैं। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है ताकि वह दोबारा अपना जीवन यापन शुरू कर सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व और पुलिस कर्मियों ने सांत्वना देते हुए हर संभव शासन स्तर से मदद का भरोसा दिया।

# ‘आपत्तिजनक’ पोस्ट मामले में एक्टर एजाज खान को अग्रिम जमानत, कोर्ट ने कहा- पासपोर्ट जमा करें

**● दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता एजाज खान को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में अग्रिम जमानत दी है. कोर्ट ने अनुच्छेद 19 के तहत भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे और सीमाओं पर जोर दिया. जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा कि इंटरनेट पर सामग्री बहुत सावधानी से अपलोड करनी चाहिए**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता एजाज खान को अग्रिम जमानत दे दी. दिल्ली पुलिस के साइबर थाने ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर एक महिला और उसके बेटे, जो एक यूट्यूबर हैं, की शिकायत पर मुकदमा दायर किया था. इस मामले में जमानत देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान द्वारा अनुच्छेद 19 के तहत प्रदत्त ‘भाषण’ और ‘अभिव्यक्ति’ की स्वतंत्रता का इस्तेमाल उसके द्वारा लगाए गए उचित प्रतिबंधों के दायरे में ही किया जाना चाहिए. जब भाषण अपमान, अपमान या उकसावे की सीमा पार कर जाता है, तो यह गरिमा के अधिकार से टकराता है।

जस्टिस रविंदर डुडेजा ने एजाज खान को इस शर्त पर अग्रिम जमानत दे दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो वह 30,000 रुपये का जमानत बांड और एक जमानत राशि जमा करेंगे. दिल्ली हाई कोर्ट ने एजाज खान को अग्रिम ज़मानत देते हुए कहा कि डिजिटल उपकरण पहले से ही बॉम्बे पुलिस के पास थे और याचिकाकर्ता ने जांच में सहयोग करने और ख़्रस्को अपनी आवाज़ का नमूना देने का वादा किया था, जिससे मामला उसके पक्ष में गया।

जस्टिस रविंदर डुडेजा ने 9 अक्टूबर को आदेश दिया कि गिरफ्तारी की स्थिति में याचिकाकर्ता को 30,000 रुपये के निजी मुचलके और उतनी ही राशि की ज़मानत देने पर रिहा किया जाएगा, जो गिरफ्तारी अधिकारी या जांच अधिकारी या साह्व की संतुष्टि पर निर्भर करेगा. अग्रिम जमानत देते हुए कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाई, जिनमें यह भी शामिल है कि अभियुक्त को अपना पासपोर्ट जांच अधिकारी के समक्ष जमा करना होगा और निचली अदालत की पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ना होगा.

**जांच एजेंसी को सहयोग करना होगा**

निर्देश मिलने पर उसे जांच एजेंसी को अपनी आवाज़ के नमूने उपलब्ध कराने में सहयोग करना होगा. याचिका का निपटारा करते हुए कोर्ट ने सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करने की सलाह दी. जस्टिस डुडेजा ने कहा कि इंटरनेट ने अपने प्रसार को तीव्र करके ज्ञान को सहज सुलभ बना दिया है. इसके साथ ही इसने हर आयु वर्ग के एक बड़े दर्शक वर्ग को भी अपने साथ जोड़ लिया है।

इस प्रकार इंटरनेट पर कोई भी सामग्री पारदर्शी होती है और व्यापक दर्शक वर्ग के लिए सुलभ होती है. इंटरनेट पर प्रत्येक सामग्री को बहुत सावधानी से अपलोड किया जाना चाहिए, खासकर जब अपलोडर का दर्शक वर्ग बड़ा हो. कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता का बेटा दोनों ही सोशल मीडिया पर प्रभावशाली हैं और उनके पास एक बड़ा दर्शक वर्ग है।

**सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करना चाहिए**

दर्शक उनके द्वारा पोस्ट की गई सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं और इसलिए अगर उनके द्वारा पोस्ट करने के बाद सामग्री हटा भी दी जाती है, तो भी वह बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचेगी, जिससे उसी सामग्री को पुनः प्रकाशित किया जाएगा/उनके अनुयायियों के बीच उस सामग्री पर बहस छिड़ जाएगी, जिसका असर अंततः पीड़ित पर पड़ेगा।

जस्टिस डुडेजा ने कहा कि इसलिए, किसी भी सामग्री को पोस्ट करने से पहले सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल उस व्यक्ति विशेष पर, बल्कि उसके संबंधित प्रशंसकों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. बता दें कि अभिनेता एजाज़ खान की अग्रिम ज़मानत याचिका वकील खालिद अख्तर और मोहम्मद शादान के माध्यम से दायर की गई थी. उनकी याचिका इससे पहले 5 अगस्त को निचली अदालत ने खारिज कर दी थी।

यह मामला याचिकाकर्ता द्वारा इंस्टाग्राम पर एक वीडियो को दोबारा पोस्ट करने के बाद सामने आया था, जिसे मूल रूप से शिकायतकर्ता के बेटे ने "ए डे विद नजयाज़ खान" शीर्षक से बनाया और यूट्यूब पर अपलोड किया था। यह कहा गया था कि उक्त वीडियो में याचिकाकर्ता के लिए कई आपत्तिजनक, मानहानिकारक और अश्लील संदर्भ हैं, जिनमें अपमानजनक टिप्पणियां, अश्लील इशारे और झूठे आरोप शामिल हैं।

**खान को नोटिस जारी होने की जानकारी नहीं थी**

याचिकाकर्ता ने न तो वीडियो बनाया, न ही उसकी स्क्रिप्ट लिखी और न ही उसका समर्थन किया, और यह दोबारा पोस्ट किए जाने से पहले ही सार्वजनिक डोमेन में था. याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता ने दोबारा पोस्ट की गई सामग्री को तुरंत हटा दिया. पुलिस ने एजाज खान को कई बार जांच में शामिल होने के लिए बुलाया, लेकिन वह नहीं आए।

यह भी कहा गया कि खान को पहले नोटिस जारी होने की जानकारी नहीं थी. उन्हें ट्रायल कोर्ट में बहस के दौरान ही इसकी जानकारी हुई. यह भी कहा गया कि दूसरे नोटिस के बाद खान ने ईमेल भेजकर पेश होने के लिए कुछ समय मांगा और वह ठाणे, महाराष्ट्र में दर्ज एक अन्य मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार जांच में शामिल हुए हैं।

# त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस ने किया गश्त

**● भीड़भाड़ में घूम रहे संदिग्धों से की पूछताछ**

**करवाचौथ पर बाजारों में जमकर उमड़ी भीड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






करवाचौथ पर बाजार में गश्त करते पुलिस अधिकारी एवं जैम में फंसे वाहन।

**मड़ावरा।** त्यौहारों पर बाजारों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये शुक्रवार को कस्बे में पुलिस क्षेत्राधिकारी केके मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस द्वारा पैदल गश्त किया गया। बीते दिनों कानपुर में भीड़भाड़ भरे इलाके में हुये विस्फोट को लेकर भी पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर अत्तिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

शुक्रवार को कस्बे में साप्ताहिक हाट-बाजार एवं करवाचौथ का पर्व होने के चलते काफी भीड़ भाड़ रही। मदनपुर बसस्टैंड से लेकर गिरार तिराहे तक काफी भीड़- भाड़ रही और वाहनों की आवाजाही से कई बार रोडजेम की स्थिति रही।

कस्बे के मुख्य बाजार में पुलिस द्वारा गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई साथ ही संदेहास्पद सामग्री की जांच-पड़ताल की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बिरधा बाईपास पर तेज रफ्तार का तांडवः छाबड़ा बस ने बाइक सवारों को रौंदा

**● डेढ़ किलोमीटर तक घसीटती गई बस, दो की मौके पर मौत, एक जिंदगी के लिए जंग में**

**हादसे के बाद गुस्से में ग्रामीण, परिवहन विभाग पर लापरवाही का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिले के सागर नेशनल हाईवे पर उस वक्त कोहराम मच गया जब छाबड़ा कंपनी की एक तेज रफ्तार बस ने बिरधा बाईपास पर सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना खौफनाक था कि बस में फंसी बाइक को चालक करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटता ले गया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा व्यक्ति गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान बिरधा कस्बा निवासी 30 वर्षीय राजेश पुत्र कंछेदी कुशवाहा और गंगाराम पुत्र विहारी साहू 40 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों किसी कार्य से बाइक (यूपी 94 एजे 2064) से कस्बे की ओर जा रहे थे, जब सागर की ओर से आ रही छाबड़ा कंपनी की बस (यूपी 93 बीटी 1737) ने उन्हें बेरहमी से कुचल दिया। हादसे के बाद यात्रियों की चीख-पुकार के बीच जब बस रुकी, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चालक मौके से फरार हो गया और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और घायल को इलाज के लिए रेफर किया। ग्रामीणों में आक्रोश है और वे जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**लापरवाह परिवहन व्यवस्था बना मौत का कारण**

बिरधा बाईपास पर हुआ यह हादसा कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि बीते कुछ वर्षों में छाबड़ा और बेतवा बस कंपनियों की बसों ने दर्जनों लोगों की जान ली है। इन कंपनियों की बसें हाईवे पर बेलगाम रफ्तार से दौड़ती हैं, लेकिन न तो कोई गति नियंत्रण व्यवस्था है और न ही चालकों पर निगरानी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन रूट्स पर यातायात पुलिस की उपस्थिति न के बराबर है और परिवहन विभाग आंखें मूंदे बैठा है। हादसे होते हैं, जांच होती है, और फिर सबकुछ शांत हो जाता है कृ पर सिस्टम नहीं बदलता। अगर समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो यह हाईवे आगे भी कई घरों को उजाड़ता रहेगा।

**मृतकों के घरों में मातम, आंखों में सवाल**

राजेश और गंगाराम की मौत ने दो परिवारों को बर्बादी के कगार पर ला दिया है। घरों में मातम पसरा है, बच्चों की आंखों में आंसू हैं और सवाल सिर्फएक कु क्या उनके पिता की मौत का कोई जिम्मेदार नहीं ? ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद प्रशासन हर बार की तरह कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला रपा-दफा कर देता है, लेकिन न तो बस ऑपरेटरों पर सख्ती होती है और न ही कोई नजर रखने की व्यवस्था की जाती है। पीड़ित परिवारों को न्याय तभी मिलेगा जब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और ऐस लापरवाही के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए।

### घर में घुसकर महिला से गाली गलौज मारपीट, मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजरा में रहने वाली महिला का विवाद गांव के ही विपक्षी से हो गया था। जिसके चलते दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी ने महिला को उसके ही घर में घुसकर दबोच लिया और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने दबंग विपक्षी के खिलाफमामला दर्ज किया है। ग्राम खजरा निवासी श्रीमती सुमितरानी पत्नी राजपाल ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को सुबह 9ः00 बजे उसका विवाद उसकी ही गांव में रहने वाले विपक्षी तीरथ यादव पुत्र रामनाथ से हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षी तीरथ यादव उसके घर में घुस आया और उसके साथ जमकर गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया, तो वह मारपीट पर आमादा हो गया। इसी बीच चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके बचाव में जब उसके परिजन आए, तो दबंग ने उन्हें भी नहीं बक्शा। उनके साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना बार पुलिस ने मामले की संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ 333 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## दलित IPS की मौत पर चिराग पासवान का हरियाणा के सीएम को पत्र, उच्च जाँच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की कथित आत्महत्या की उच्चस्तरीय जाँच की माँग की। X पर एक पोस्ट में, लोक जनशक्ति पार्टी के आधिकारिक हैंडल से कहा गया, "राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक पत्र लिखकर हरियाणा के वरिष्ठ दलित आईपीएस अधिकारी, एडीजीपी वाई. पूरन कुमार की जबरन आत्महत्या की उच्चस्तरीय जाँच का अनुरोध किया है।

आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत से व्यापक आक्रोश फैल गया है और सभी राजनीतिक दलों ने निष्पक्ष जाँच की माँग की है। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया और इसे एक दुखद क्षति बताया। बेदी ने कहा, ÷यह दुखद है। उनकी आत्महत्या से मौत हो गई... पूरा मामला बेहद पेचीदा है... चंडीगढ़ पुलिस उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जिनकी ज़रूरत है। हरियाणा की इसमें कोई अहम भूमिका नहीं है... वह मेरे समुदाय से थे... ऐसे सफल अधिकारी का जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।"

इस बीच, पंजाब के वित्त मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने कथित आत्महत्या की स्वतंत्र न्यायिक जाँच की माँग करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार में दलितों पर अत्याचार खतरनाक स्तर पर पहुँच गए हैं। चीमा ने एक्स पर लिखा, "भाजपा शासन में दलितों पर अत्याचार हर हद पार कर गया है - भारत के मुख्य न्यायाधीश पर हमले से लेकर अब एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने तक। यह उत्पीड़न है। हम एक स्वतंत्र न्यायिक जाँच की माँग करते हैं। भाजपा इस अन्याय की कीमत चुकाएगी।"

इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के दिवंगत अधिकारी वाई पूरन कुमार की कथित आत्महत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि जाति आधारित उत्पीड़न के कारण अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने दोषियों के लिए कड़ी सजा की भी माँग की। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा, "हरियाणा के दलित आईपीएस अधिकारी, पूरन कुमार जी को अपनी जाति के कारण इतना उत्पीड़न सहना पड़ा कि उन्होंने अपनी जान ले ली।"

# खांसी की शीशियों पर औषधि विभाग का शिकंजा

**● मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण, सिरप के सैंपल भरे नार्कोटिक्स दवाओं पर भी निगरानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** छिंदवाड़ा में जहरीले डाय एथिलीन ग्लाइकोल वाले खांसी के सिरप से बच्चों की मौत के बाद प्रदेशभर में औषधि विभाग अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान 10 से अधिक मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया और खांसी के सिरप की शीशियों के सैंपल जांच हेतु भरे गए। जिन सिरपों के नमूने लिए गए, उनमें मैकबेरी डीएक्स, कोडीस्टार डीएस, एक्सपेक्ट डी, कपलिफ्ट जूनियर, क्रिटिकोल्ड प्लस, अम्ब्रोक्स-ए एलएस, कुपडिल, कफसिल, सीमोल, सी कोफडीएम, और एरिन-सी सिरप शामिल हैं। सभी सैंपल प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनमें डाय एथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसी जहरीली मिलावट तो नहीं है। निरीक्षण के दौरान नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाओं के खरीद-विक्रय अभिलेख भी मांगे गए। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देश दिया कि नार्कोटिक्स दवाओं की बिक्री केवल रजिस्टर्ड चिकित्सक के पर्चे पर ही करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। विनय मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए औषधि विभाग लगातार सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर बिना पर्चे के नशीली दवाओं की बिक्री या संदिग्ध दवाओं का भंडारण पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन सहित का निरीक्षण किया गया और खांसी के सिरप की शीशियों के सैंपल जांच हेतु भरे गए।

जिन सिरपों के नमूने लिए गए, उनमें मैकबेरी डीएक्स, कोडीस्टार डीएस, एक्सपेक्ट डी, कलिफ्ट जूनियर, क्रिटिकोल्ड प्लस, अम्ब्रोक्स-ए एलएस, कुपडिल, कपसिल, सीमोल, सी कोफडीएम, और एरिन- सी सिरप शामिल हैं। सभी सैंपल प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनमें डाय एथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसी जहरीली मिलावट तो नहीं है। निरीक्षण के दौरान नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाओं के खरीद-विक्रय अभिलेख भी मांगे गए। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देश दिया कि नार्कोटिक्स दवाओं की बिक्री केवल रजिस्टर्ड चिकित्सक के पर्चे पर ही करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। विनय मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए औषधि विभाग लगातार सतर्कता बरत रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर बिना पर्चे के नशीली दवाओं की बिक्री या संदिग्ध दवाओं का भंडारण पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। औषधि विभाग की इस कार्रवाई से जिलेभर के मेडिकल बाजारों में हड़कंप मच गया है। औषधि विभाग का यह सघन निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि किसी भी रूप में मिलावटी या असुरक्षित दवाएं जनता तक न पहुंच सकें।

## अखिलेश यादव का 80 लाख समर्थक वाला पेज सस्पेंड, फेसबुक ने लगाया ‘ताला’

**● समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव का आधिकारिक फेसबुक पेज संस्पेंड कर दिया गया है. इस पर उनसे 80 लाख से ज्यादा लोग जुड़े थे. इस मामले को लेकर अभी तक सपा की ओर से कोई बयान नहीं आया है. हालांकि, अचानक पार्टी अध्यक्ष का पेज सस्पेंड होने से उनके समर्थकों में निराशा जरूर है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



फेसबुक ने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के आधिकारिक पेज को सस्पेंड कर दिया है. इस पेज पर उनसे 80 लाख से ज्यादा लोग जुड़े थे. सपा मुखिया अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ ही फेसबुक पर भी लगातार सक्रिय रहते हैं. उनकी ओर से फेसबुक पर सियासी और जनसरोकार के मुद्दे उठाए जाते रहे हैं. अचानक उनका अकाउंट सस्पेंड होने से उनके समर्थकों में निराशा देखने को मिल रही है.

पार्टी अध्यक्ष का फेसबुक पेज सस्पेंड होने पर मेरठ की सरधना विधानसभा सीट से विधायक अतुल प्रधान ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट बंद करवाकर सरकार उनको जनता के दिलों से दूर नहीं कर सकती।

**फेसबुक के एक्शन से आक्रोश में समर्थक**

फेसबुक के इस एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के समर्थकों की प्रतिक्रियाएं भी आना शुरू हो गई हैं. कई समर्थकों ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है तो सरकार पर भी आरोप लगाया है. एक समर्थक ने कहा कि जनता का नेता बोलता है तो सत्ता बौखला जाती है. आज फेसबुक की ओर से अखिलेश का आधिकारिक पेज सस्पेंड किया गया है, जिस पर8 मिलियन से अधिक लोग जुड़े थे. ये महज एक एक पेज नहीं बल्कि जनता की आवाज थी।

**सरकार की कठपुतली बन गए सोशल मीडिया प्लेटफार्म**

सपा के एक नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फेसबुक पेज का डिएक्टिवेट किया जाना स्पष्ट संकेत है कि सरकार स्वतंत्र अभिव्यक्ति को दबाना चाहती है. सोशल मीडिया प्लेटफार्म अब उसकी कठपुतली बन गए हैं.उन्होंने कहा, मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और मांग करता हूं कि अखिलेश यादव का आधिकारिक फेसबुक पेज तत्काल बहाल किया जाए।

इसी तरह की प्रतिक्रियाएं अन्य नेताओं और समर्थकों की ओर से आ रही हैं. एक सपा नेता ने लिखा, बीजेपी सरकार तानाशाही की सारी सीमाएं लांघ चुकी है. आज समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश का फेसबुक पेज बंद कराया जाना सिर्फ लोकतंत्र पर हमला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की आज़ादी का गला घोंटने वाला कृत्य है. बीजेपी भूल रही है कि फेसबुक पेज बंद कराने से समाजवादियों की आवाज को नहीं दबाया जा सकता।

### उप्र- पटाखों की चिंगारी से लगी आग में दो कारें जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की एक कॉलोनी में एक पार्क के पास पटाखे की चिंगारी से आग लगने के कारण एक सीएनजी वाहन सहित दो कारें जलकर खाक हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार, बच्चे बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे पार्क के पास पटाखे जला रहे थे कि तभी एक जलता हुआ पटाखा पार्किंग क्षेत्र में जा गिरा, जिससे एक पुरानी कार में आग लग गई और आग जल्द ही पास में खड़ी एक अन्य गाड़ी तक फैल गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों ने पानी से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। अधिकारियों ने बताया कि घने धुएं और लपटों के उठने से इलाके में दहशत फैल गई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और लगभग 20 मिनट की मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि सीएनजी कार का ईंधन टैंक जरूरत से ज़्यादा गर्म हो गया था लेकिन दमकल विभाग की समय पर प्रतिक्रिया के कारण बड़ा विस्फोट टल गया।अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पहली गाड़ी शिव नारायण राम नाम के व्यक्ति की पत्नी वीणा आनंद की थी और सड़क निर्माण कार्य की वजह से उसे पार्किंग में खड़ा किया गया था जबकि दूसरी कार लगभग दो साल से उसी जगह पर लावारिस खड़ी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### 1.5 करोड़ से नगर में बनेगा एक किलोमीटर लंबा नाला




**बलरामपुर/तुलसीपुर।** बरसात के मौसम में नगर में जलभराव की समस्या से जल्द ही राहत मिलने वाली है। नगर पंचायत की तरफ से करीब डेढ़ करोड़ रुपये से एक किलोमीटर लंबे नाले के निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए बजट मिल गया है। शीघ्र ही काम शुरू कराया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने बताया कि नाले का निर्माण गंधेली पुलिया से पुरवा चौराहा होते हुए नकटी नाले तक किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने से नई बाजार, बैरागी पुरवा और पुरवा मोहल्ले में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। उन्होंने कहा कि गंधेली पुलिया के आगे नाला न होने से बरसात का पानी लोगों की निजी भूमि में भर जाता था। अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे ने बताया कि लगभग 1.50 करोड़ रुपये से नाले का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा। इसके अलावा तहसील तिराहे से कलश चौराहे तक एक और नाले का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि नगर के सभी प्रमुख नालों को तीनों दिशाओं में बहने वाले पहाड़ी नालों से जोड़ा जाएगा। इससे पूरे नगर की जलनिकासी व्यवस्था सुव्यवस्थित होगी और बरसात के दौरान किसी भी इलाके में पानी भरने की समस्या नहीं रहेगी।

### अचानक नीलगाय सामने आ जाने से बाइक सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल



**महदेइया बाजार/बलरामपुर।** शुक्रवार की सुबह कोतवाली उतरौला क्षेत्र अंतर्गत उतरौला-गोंडा मार्ग पर शेरपुर गांव के पास अचानक वनरोज के सामने आ जाने से बाइक सवार चाचा-भतीजा दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उतरौला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चाचा की हालत गंभीर होने पर उन्हें गोण्डा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के चमरूपुर बाजार निवासी अहमद अली (58) पुत्र कोदई अपने भतीजे हैदर अली (28) पुत्र गूंगे के साथ किसी कार्य से महदेईया बाजार गए थे। लौटते समय शेरपुर गांव के पास अचानक वनरोज सड़क पर आ गया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उतरौला के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अहमद अली की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोण्डा रेफर कर दिया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।दुर्घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि घायल हैदर अली की कुछ माह बाद शादी होने वाली थी। लेकिन खुशी का घर अब मातम में बदल गया।

### ग्राम चौपाल में उठे जनसमस्याओं के मुद्दे, सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभारिया में जन समस्याओं के समाधान एवं जागरूकता के उद्देश्य से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क, जलनिकासी, शुद्ध पेयजल, आवास तथा रोजगार जैसी प्रमुख समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव प्रसून श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अफसर हुसैन, ग्राम पंचायत अधिकारी राधे रमण सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए।चौपाल में उपस्थित अधिकारियों द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह योजना आदि की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसके लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है।

## नेताजी के बताए रास्ते पर चल 2027 में PDA की अपनी सरकार बनाएंगे:-राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री भारत सरकार, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पद्म विभूषण, रफीकुल मुल्क धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव जी की तीसरी पुण्यतिथि सादगी के साथ सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज स्थित समाजवादी पार्टी जौनपुर के ज़िला कार्यालय पर दिन में 11 बजे मनाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित सपाजनों ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके संघर्षों, विचारों से प्रेरणा लेते हुए 2027 PDA सरकार बनाने का संकल्प लिया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने एवं संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब एवं ज़िला उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी संघर्षों, विचारों के रूप में आज भी हमारे बीच है।

आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम उनके बताए रास्ते पर चलकर धर्म जाति से ऊपर उठकर शोषितों, वंचितों, पीड़ितों, दमितों, अपमानित (पीडीए) की लड़ाई मुखरता से मिलकर लड़ते हुए 2027 में PDA की अपनी सरकार बनाने का संकल्प लेते हैं। हम आज जनपद की तरफ से उनके चरणों में प्रणाम करते हुए नमन करते हैं, श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। विचार गोष्ठी को पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर विधायक गण क्रमशः राजनरायन बिंद, लालबहादुर यादव, मोहम्मद अरशद खान, प्रदेश सचिव गण क्रमशः हिसामुद्दीन शाह, सुशील दुबे, जयहिंद यादव, राजेश यादव, दीपचंद राम, राजनाथ यादव, राजकुमार बिंद, शकील अहमद, रुखसार अहमद, ज़िला उपाध्यक्ष गण क्रमशः उमाशंकर पाल, राजेंद्र यादव टाइगर, नैपाल यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, डॉ जीतेन्द्र यादव, ज़िला सचिव गण क्रमशः अजय त्रिपाठी, कमलेश यादव, सोचनराम विश्वकर्मा, ऊषा जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, राकेश अहीर, डॉ शबनम नाज़, श्यामनारायण बिंद, डॉ जंगबहादुर यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गण क्रमशः वीरेंद्र यादव, रामू मौर्य, दिनेश यादव फौजी, आलोक कुमार यादव, डॉ दशरथ, रामकेश बिंद, दीपक विश्वकर्मा, राजेश यादव, रमेश मौर्य, आनंद गुप्ता, रजनीश मिश्र आदि ने संबोधित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से लालचंद यादव लाले, श्रवण जायसवाल इरशाद मंसूरी, अनवारूल हक गुड्डू, अजय मौर्य, मनोज मौर्य, जयप्रकाश प्रिंसू, डॉ अमित यादव, भानु प्रताप मौर्य, अफ़रोज़ हुसैनी, गोविन्दा, रवि यादव, धीरज बिंद, रविन्द्र यादव, रमेश साहनी, पंकज यादव, कोमल यादव, सुशील श्रीवास्तव, धर्मेंद्र यादव, धर्मेंद्र सोनकर, अरविंद सोनकर, अनिल यादव, दीपक जायसवाल, संतोष गौड़, शैलेश यादव, अनुज दुबे, उमेशचंद यादव, दिलीप प्रजापति, गुड्डू सोनकर, रुद्र प्रकाश एडवोकेट, आलोक यादव, विशाल कन्नौजिया, कमाल आज़मी, बाबा पटेल, घनश्याम गौतम, संदीप बिंद, मो. ज़की अंसारी, अमजद अंसारी सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

## पीयू में जिंदल सॉ लिमिटेड ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर कंपनी की ओर से सुरेन्द्र कुमार, मैनेजर एचआर,दिग्विजय तिवारी, मैनेजर (ईएचएस) उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय तिवारी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के पूर्व छात्र हैं, जिन्होंने वर्ष 2005 में इस परिसर से अध्ययन पूर्ण किया था। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय की ओर से अंगवस्त्रम एवं बुके प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें बी.एससी. (पीसीएम) वर्ग के योग्य छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिंदल सॉ लिमिटेड की भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में सम्पन्न हुई। पहले चरण में अभ्यर्थियों का एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया, जिसमें रसायन, अंग्रेज़ी, तर्कशक्ति एवं मात्रात्मक योग्यता से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे। दूसरे चरण में चयनित अभ्यर्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार (इंटरव्यू) हुआ, जिसमें विषय ज्ञान, संप्रेषण कौशल और तकनीकी समझ का मूल्यांकन किया गया।

कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में मुंद्रा (गुजरात) स्थित निर्माण इकाई में नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि एक वर्ष की होगी, जिसमें चयनित उम्मीदवारों को 29,167 मासिक वजीफा, निःशुल्क आवास एवं कैंटीन में रियायती भोजन सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पूर्णता के पश्चात विद्यार्थियों को असिस्टेंट अथवा शिफ्ट सुपरवाइजर के पद पर 4,00,000 वार्षिक वेतनमान के साथ अन्य भत्ते एवं बीमा लाभ प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि जिंदल सॉ लिमिटेड, भारत की अग्रणी स्टील और आयरन पाइप निर्माता कंपनी है। कंपनी की इस पहल ने न केवल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के लिए नए करियर अवसर खोले, बल्कि भविष्य में निरंतर ऐसे आयोजन करने की कंपनी की गहरी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। इससे दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाएं और अधिक सुदृढ़ हुई हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग और शिक्षा जगत के बीच ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि इसके पूर्व छात्र आज प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत होकर पुनः अपने विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थियों के लिए अवसर लेकर आ रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. दीप प्रकाश, श्याम त्रिपाठी तथा दिव्यांशु संजय, आयुष गुप्ता, श्रेया मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## 41 डिग्री कॉलेजों की शुरू हुई जांच, मिलीं खामियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जिले में संचालित डिग्री कॉलेजों और निजी शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक टीम की जांच से खलबली मच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर जांच शुरू हुई है। 41 कॉलेज जांच के दायरे में हैं। जांच का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। हाल ही में बाराबंकी में फर्जी डिग्री के प्रकरण के बाद शासन ने कॉलेजों की जांच का फरमान जारी किया था। जांच के दायरे में कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रबंधन वाला शक्ति स्मारक संस्थान भी शामिल है। जिले में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) हेमंत गुप्ता, क्षेत्राधिकारी (सीओ) ज्योतिश्री और खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अशोक पाठक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने शहर के प्रमुख कॉलेजों में औचक निरीक्षण किया। टीम ने शक्ति स्मारक संस्थान, सीएमएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, एमएलके पीजी कॉलेज, ग्रामीण भारत महिला महाविद्यालय और स्वामी विवेकानंद डिग्री कॉलेज पहुंचकर सभी अभिलेखों, नामांकन रजिस्टर, मान्यता पत्र और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन से संचालित कोर्स की मान्यता से संबंधित सवाल भी पूछे गए। टीम ने संस्थान में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या और अभिलेखों का मिलान भी किया। एसडीएम हेमंत गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान कई संस्थानों में अभिलेखों में विसंगतियां पाई गई हैं, जिनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि किसी भी कॉलेज में बिना मान्यता के कोर्स संचालित पाए जाने पर संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही छात्रों की जमा की गई फीस ब्याज सहित वापस कराई जाएगी। जांच के दौरान हर संस्थान से शपथ पत्र लिया जा रहा है कि वह केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। साथ ही सभी कोर्सों की सूची और मान्यता पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

**जांच के बाद अभिलेख सही करने में जुटे संस्थान**

जिले के शिक्षण संस्थानों में जांच के बाद अभिलेखों को दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कुछ संस्थानों में प्रारंभिक जांच में दस्तावेज अधूरे मिले हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए यह सख्त कदम है। किसी भी कॉलेज में मान्यता संबंधी या प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी पाई जाती है, तो न केवल संस्थान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी बल्कि जिम्मेदार प्रबंधक और संचालकों पर भी कार्रवाई तय होगी।

## मंत्री उत्तर प्रदेश (मत्स्य डाक्टर) संजय निषाद ने वैचारिक संगोष्ठी गौरा विधानसभा मे का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा –** (निषाद पार्टी) के नेता उत्तर प्रदेश के कैविनेट मंत्री( मत्स्य )डॉक्टर संजय निषाद का निषाद अपने जिला भ्रमण के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ गौरा विधानसभा के चार कोल मैरज हाल गौरा चौकी बाजार मे वैचारिक संगोष्ठी मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर अपने निषाद जाति के राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा करते हूए कहा कि हमारा समाज मछवारा समाज से आता है और हम निषाद राज के वंशज है हम अपने सभी लोगो को एकता सूत्र मे बाधने आया हूँ अपने समाज के लोगो को उनके अधिकार के बारे मे बताने आया हूँ उन्होंने द्वापर से लेकर अग्रेजो के समय तक के बारे निषाद जातियों की देश के प्रति भूमिका के बारे मे चर्चा किया और कहा आप लोग निषाद पार्टी का झंडा लगाकर राजनीति मे सक्रिय होने का अपील किया।समाज वादी पार्टी के पीडीए पर निशाना साधते हूए कहा कि ज़ब उनकी सरकार थी तब उन्होंने अपने कार्यकाल मे कितना पिछडो एवं शोषितो पर ध्यान दिया था असली पीडीए तो संजय निषाद पार्टी के पास है उन्होंने आये हूए निषाद समाज से बढ़ चढ़ कर राजनीति मे संगठित होकर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया और प्रधान मंत्री मोदी जी एवं मुख्य मंत्री योगी जी के कार्यो की प्रशंसा किया। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ता सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमले के खिलाफ आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन

### ● मुख्य न्यायाधीश के अपमान पर आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी न्याय की हुंकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में आज मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुए कथित हमले के खिलाफ आम आदमी पार्टी जौनपुर (AAP) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। भारी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की तथा प्रशासनिक अधिकारी को जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने किया। संचालन जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुए काशी प्रांत उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्रा, निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश अस्थाना, सोम वर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बंटी अग्रहरी, जफर मसूद, obc प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष विनय यादव, obc प्रकोष्ठ सचिव विशाल यादव, आशीष यादव, राज बहादुर पाल, दिनेश कुमार, सुरेंद्र यादव, आफताब, अनिल यादव, कमलेश, अभिषेक कुमार, मो इस्लाम, यादवेंद्र इत्यादि लोग शामिल हुए।

पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने कहा जिन्होंने भाजपा-आरएसएस पर सीधा प्रहार करते हुए इसे "संविधान पर सुनियोजित साजिश" करार दिया।प्रदर्शन सुबह 11 बजे पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से शुरू हुआ, जहाँ कार्यकर्ता ट्राइकलर, बैनर और पोस्टरों के साथ सड़कों पर उतर पड़े। कलेक्ट्रेट पहुँचते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने "जय भीम", "संविधान जिंदाबाद" और "भाजपा-आरएसएस मुर्दाबाद" के नारे लगाते हुए धरना दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्य न्यायाधीश पर हमले की साजिश का पूरा खुलासा हो, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए। पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा, "मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर जूता फेंकने की यह घटना महज एक हमला नहीं, बल्कि डॉ. आंबेडकर के संविधान पर सीधा प्रहार है। भाजपा-आरएसएस की गुंडागर्दी अब न्यायपालिका तक पहुँच गई है। एक दलित बेटे का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! अगर सरकार ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो हम पूरे पूर्वांचल में आंदोलन तेज करेंगे। यह संघर्ष आम आदमी के हक के लिए चलेगा, जब तक न्याय न मिले। जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा, "जौनपुर की धरती से हम स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि ऐसी गुंडागर्दी के खिलाफ हम चुप नहीं बैठेंगे। मुख्य न्यायाधीश पर हमला दलित समाज और वंचित वर्गों पर हमला है। AAP संविधान की रक्षा के लिए सदैव खड़ी रहेगी। हम सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए, अन्यथा जनता सड़कों पर उतरेगी। आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इसका प्रमाण है कि जौनपुर AAP के साथ है। उक्त कार्यक्रम की सूचना निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया।

## पिक-अप ने खेतासराय क्रॉसिंग गेट का बूम तोड़ा

### ●गेटमैन ने स्लाइडिंग बूम गिराकर स्टेशन से गुज़ारी ताप्तीगंगा

### प्राथमिकी दर्ज कर ड्राइवर को आरपीएफ़ ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खेतासराय(जौनपुर)।** उत्तर रेलवे लखनऊ वाया वाराणसी- अयोध्या रेल प्रखण्ड के खेतासराय रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार की दोपहर एक पिकअप वाहन ने क्रॉसिंग गेट को धक्का देकर क्षतिग्रस्त कर आगे बढ़ गया । आननफानन में गेट मैन ने स्लाइडिंग बूम गिराकर जौनपुर से आ रही ताप्ती गंगा को गुज़ारा । आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को हिरासत में ले लिया । बताया जाता है कि स्टेशन मास्टर सुरेश यादव ने 12= 37 मिनट पर 19045 ताप्तीगंगा के गुज़रने की जानकारी गेट मैन 55 एसपीएल को दी । जिस पर उसने उक्त क्रॉसिंग को बंद कर दिया ।अचानक दीदारगंज मार्ग (उत्तरी) की तरफ़ से एक मिनी पिकअप बूम को धक्का देते हुए पूर्वी बूम को क्षतिग्रस्त कर आगे निकल गई । जिससे मौक़े पर हड़क़म्प मच गया । वाराणसी रुट से जौनपुर होकर शाहगंज जा रही ताप्ती गंगा के सिग्नल होने के चलते गेटमैन ने तुरंत स्लाइडिंग बूम गिराकर गेट बंद कर दिया । यहाँ से उक्त एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने के बाद महकमा ने राहत की सांस ली । सूचना पाकर पहुँची आरपीएफ़ पुलिस टीम ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है ।आरपीएफ़ प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है । आरोपी मझौरा निवासी मो फैज़ान को गिरफ़्तार कर आवशयक कार्यवाही की जा रही है।

## रामपुर का ऐतिहासिक दशहरा मेला- तैयारियों का प्रशासनिक जायजा, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रामपुर जौनपुर –**नगर पंचायत रामपुर में सदियों पुरानी परंपरा को संजोए हुए ऐतिहासिक दशहरा मेला इस वर्ष 11 अक्टूबर को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा, जबकि 12 अक्टूबर को भव्य भरत मिलाप कार्यक्रम संपन्न होगा। यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है। हर साल की तरह इस बार भी मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शकों के उमड़ने की संभावना है। मेले की विशालता और भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के लिए कमर कस ली है।

**एसडीएम व सीओ ने लिया तैयारियों का जायजा**

गुरुवार शाम मड़ियाहूं के उपजिलाधिकारी नवीन कुमार, क्षेत्राधिकारी गिरेन्द्र सिंह, रामपुर नगर पंचायत चेयरमैन विनोद जायसवाल, तथा रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने मेले स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंच, आगंतुकों की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

**दशहरा और भरत मिलाप की परंपरा**

इस ऐतिहासिक मेले की शुरुआत कार्तिक पंचमी के पावन अवसर पर होती है। पहले दिन भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध की भव्य मंचीय प्रस्तुति की जाती है, जिसके उपरांत रावण के विशालकाय पुतले का दहन होता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आस्था और रोमांच का संगम होता है। 12 अक्टूबर को भरत मिलाप का आयोजन होता है, जिसमें रंग-बिरंगी झांकियों और चौकियों की शोभायात्रा निकाली जाती है। यह शोभायात्रा पूरी रात नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती है, जिसमें रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जाता है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा**

मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय व बाहरी कलाकार रामलीला, भजन, लोक नृत्य और नाटकों की प्रस्तुति देंगे, जो दर्शकों को रातभर मनोरंजन और भक्ति रस में डुबोए रखेंगे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम**

प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए हैं। स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ जनपद से पीएसी की तैनाती भी की जाएगी। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण क्षेत्र की निगरानी की जा सके। साथ ही, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार केंद्र आदि की भी व्यवस्था की जा रही है। नगर पंचायत चेयरमैन विनोद जायसवाल ने बताया कि नगरवासी और पंचायत प्रशासन इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात लगे हुए हैं।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में 13 से 17 अक्टूबर तक स्थापना सप्ताह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर अपने गौरवशाली स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक "स्थापना सप्ताह"का आयोजन उत्सवपूर्वक करने जा रहा है। विश्वविद्यालय की स्थापना कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी को हुई थी। कुलपति प्रो. कविता शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का स्थापना सप्ताह कार्यक्रम न केवल भव्यता का परिचायक होगा, बल्कि यह विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहचान को भी रेखांकित करेगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का स्थापना दिवस केवल औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि संस्थान की गरिमा, परंपरा और मूल्यों के प्रति निष्ठा का प्रतीक होता है। महात्मा बुद्ध की पावन धरती पर स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का यह आयोजन उनके शांति, समरसता और बौद्धिक जागरण के संदेश को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। कुलपति ने यह भी कहा कि कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है कि विद्यार्थी न केवल ज्ञान के क्षेत्र में, बल्कि रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल, सामूहिकता और सामाजिक समरसता की भावना में भी निखर सकें।

13 अक्टूबर से आरंभ हो रहे इस स्थापना सप्ताह में विविध विषयों पर अकादमिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

13 अक्टूबर- प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, कविता पाठ, डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुति, कबीर संगीतमय कार्यक्रम, वन्यजीव फोटोग्राफी, "स्व से स्व तक" विषय पर व्याख्यान, टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी, पुस्तक मेला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, खेल प्रतियोगिताएं एवं पोस्टर मेकिंग।

14 अक्टूबर- व्यंग्य नाटिका, परिचर्चा, कवि सम्मेलन, फेस पेंटिंग, ट्रेड मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, "इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस" पर वर्कशॉप, व्यापार विचार प्रतियोगिता।

15 अक्टूबर- वाद-विवाद प्रतियोगिता, "संस्कार" विषय पर व्याख्यान, ए.आई. टूल्स पर कार्यशाला, साहित्यिक परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक, "कुटुंब प्रबोधन"कार्यक्रम, मुशायरा एवं ग़ज़ल संध्या, "स्वस्थ जीवन का आधार- मानसिक स्वास्थ्य" पर व्याख्यान एवं स्वास्थ्य परीक्षण, टाई एंड डाई वर्कशॉप, पोषण पोटली वितरण।

16 अक्टूबर- प्रेरणात्मक संवाद, पुरातन छात्र सम्मेलन, एड-मेड शो, "विकसित भारत 2047"पर व्याख्यान, नृत्य नाटिका एवं कार्यशाला।

17 अक्टूबर (स्थापना दिवस)पुरस्कार वितरण समारोह, सांस्कृतिक संध्या और मुख्य महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। संपूर्ण सप्ताह के दौरान फूड फेयर, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरणात्मक सत्र प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों – आयोजन समिति, कार्यक्रम समिति, संयोजक एवं सह-समन्वयकों की टीमें गठित कर दी गई हैं। सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 10.10.2025 को जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र बेकनगंज व चमनगंज क्षेत्र अंतर्गत स्थित मुख्य बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जुम्मे की नमाज के दौरान भीड़ नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम एवं नियंत्रित रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर लगे CCTV कैमरों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल द्वारा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित थाना प्रभारी तथा क्षेत्रीय पुलिस बल भी उपस्थित रहे।

### कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर किया दुष्कर्म, चकेरी पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**कानपुर।** वादिनी से कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म करने व उसका विरोध करने पर उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक चकेरी के नेतृत्व में थाना पर दिनांक 9.10.25 को मुकदमा वादिनी की तहरीरी सूचना कि अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर वादिनी के साथ गलत काम करना, विरोध करने पर गाली गलौज करना व वादिनी व वादिनी की बेटियो को जान से मारने की धमकी देने के संबंध में 651/2025 धारा 69/123/352/351 (2) बीएनएस-2023 बनाम सूर्यभान सिंह उर्फ मोनू के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसमे थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियुक्त सूर्यभान सिंह उर्फ मोनू पुत्र धर्मराज यादव निवासी दुर्जा का पुरवा पनई इनायतपुर थाना मलवां फतेहपुर उ0प्र0 उम्र 30 वर्ष को मथुरापुर रोड़ पास से आज दिनाँक 10.10.2025 को समय 01:55 बजे गिरफ्तार किया गया है।

### जुम्मा नमाज के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना रावतपुर क्षेत्रान्तर्गत शारदा नगर में जुम्मा नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर मौजूद रहे।

### कसागी प्राइवेट लिमिटेड सराय नाहरराय में रोजगार मेले का आयोजन 14 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 14 अक्टूबर मंगलवार को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन कसागी प्राइवेट लिमिटेड प्लाट नम्बर 50 सराय नाहरराय मानधाता परिसर में किया गया है,जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी के द्वारा वेल्डर के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सीवी एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है।

# कानपुर में 80 कुंटल पटाखों का अवैध भण्डारण पकड़ा, कइयों को लिया हिरासत में

**● कानपुर में विस्फोट के बाद अवैध पटाखा भंडारण पर बड़ी कार्रवाई**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कमिश्नरेट कानपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम ने पटाखों के अवैध भण्डारण को लेकर छापेमारी की गई और आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई। यह कार्रवाई परसों मूलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिश्री बाजार में हुए पटाखों में विस्फोट के बाद अमल में लाई गई है।

मूलगंज क्षेत्र- थाना मूलगंज क्षेत्र से बिसाती बाजार इकराम पुत्र रहमत रफी की दुकान से 14 कार्टन 1.5 कुण्टल पटाखे जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए है। बिसाती बाजार अब्दुल बिलाल की दुकान से 6 कार्टन 50 किलो0 जिसकी अनुमानित कीमत 40 हजार बरामद किए है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मूलगंज पर 02 अभियोग पंजीकृत किए गए है। अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

फजलगंज क्षेत्र- सेन्ट्रल क्राइम ब्रांच और फजलगंज पुलिस ने मील एरिया क्षेत्र में पटाखों के अवैध भण्डारण की छापेमारी में थाना फजलगंज क्षेत्र स्थित गुरू नानक ऑटो मार्केट गड़रियनपुरवा के शॉप नं0 86, 87 से अवैध पटाखों के गोदाम से पटाखों के कुल 150 गत्ते बरामद हुए हैं उक्त शॉप हिमान्शु उर्फ काकू द्वारा किराये पर लिया जाना पाया जा रहा है तथा बरामद पटाखें राजा पासवान नाम के व्यक्ति के हैं जिसके बारे में जांच पड़ताल की जा रही है। बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत 15 लाख रूपये के लगभग है तथा बरामद पटाखों का कुल वजन 60 से 65 कुंटल है। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फजलगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गोविन्द नगर (दादानगर ):- गोविन्दनगर क्षेत्र के दादानगर में क्राइम ब्रांच और गोविंदनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई में लगभग 30 कार्टन (9.35 क्विंटल) जिसकी कीमत लगभग 09 लाख रुपए बरामद किए गए है तथा मौके से 3 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फजलगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

नौबस्ता (मधुबन लॉन):- पुलिस उपायुक्त दक्षिण के पर्यवेक्षण में पटाखों के अवैध भण्डारण की छापेमारी में चौकी क्षेत्र यशोदा नगर के मधुबन लॉन में अवैध पटाखों का भंडारण पाया गया, लॉन के मालिक महेंद्र सिंह यादव हैं। मौके पर उपनिरीक्षक नदीम अहमद सिद्दीकी, चौकी प्रभारी बसंत विहार एवं आवास विकास सहित स्थानीय पुलिस फोर्स ने जांच की दो कमरों में अनुज श्रीवास्तव के पटाखों का भंडारण मिला, जिनके पास कोई लाइसेंस नहीं था। कुल अनुमानित वजन 5 क्विंटल, कीमत लगभग 18 लाख है। 03 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं। अवैध पटाखों के निस्तारण हेतु CFO द्वारा टीम गठित की गई है और विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों की कुल बरामदगी कानपुर नगर पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में लगभग 80 कुंटल अवैध पटाखे, 50 लाख मूल्य के बरामद हुए हैं। पुलिस ने 5 अभियोग पंजीकृत कर 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार / हिरासत में लिया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। कानपुर नगर पुलिस जनहित और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत कार्रवाई कर रही है और किसी भी अवैध गतिविधि के खिलाफ सख्त कदम उठाने में संकोच नहीं करेगी।

## कानपुर धमाके की वजह बारूद का अवैध भंडारण, पटाखा वालों की तलाश में छापे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यहां मूलगंज के मिश्री बिसाती बाजार में बुधवार को हुए धमाके का सच सामने आया है। जिसके मुताबिक इस भीषण विस्फोट की वजह पटाखों का भंडारण था। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी आतंकी साजिश से भी इनकार किया है। वहीं घटना के लिए दोषी मानते हुए मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह, चौकी प्रभारी एसआइ रोहित तोमर सहित जेबरा मोबाइल कांस्टेबल चेतन कुमार, अमित कुमार, बीट कांस्टेबल ब्रह्मानंद, हेड कांस्टेबल इमामुल हक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही ए सीपी को भी हटाया गया है। अबतक तक चले सर्च आपरेशन में पुलिस ने 12 दुकानदारों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस जिन दुकानदारों के यहां अवैध पटाखों का भंडारण मिला है। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराने की तैयारी कर रही है।

मिश्री बाजार में मरकज मस्जिद से 100 मीटर दूर खड़ी चोरी की स्कूटी में बुधवार शाम भीषण विस्फोट हुआ था। इसकी चपेट में महिला समेत 12 लोग घायल हो गए थे, जिसमें आठ लोगों को उर्सुला में भर्ती कराया गया था। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि बगल में खड़ी लालबंगला निवासी अश्वनी कुमार की स्कूटी क्षतिग्रस्त और आसपास के कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। इस घटना को हादसा, शरारत और साजिश के बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई। एटीएस समेत एजेंसियों ने जांच पड़ताल की। देर रात सर्च आपरेशन चला गया तो कई दुकानों में अवैध पटाखों का भंडारण मिला। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था आशुतोष कुमार ने बताया कि जहां धमाका हुआ, वहां कई दुकानों में तैयार पटाखे और पटाखे बनाने का बारूद भारी मात्रा में था। एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला, जिसमें दुकान में रखे एक ढेर में हुआ विस्फोट दिखा है। जिससे विस्फोट की वजह स्पष्ट हो गई है। वहीं पुलिस बिना अनुमति रिहायशी इलाके में बारूद भंडारण व बिक्री करने वालों को गिरफ्तारी के लिए लगातार छापे भी मार रही।

## सेवा संस्थान द्वारा सैनिकों के सहायतार्थ 11,000 रुपये का योगदान

**●पूर्व कर्मचारियों द्वारा संचालित सेवा संस्थान विगत वर्षों से समाज में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य कर रहा है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द शंकर गुप्ता के नेतृत्व में इस वर्ष भी सेवा संस्थान, रानीगंज, काकादेव, कानपुर द्वारा सैनिकों के सहायतार्थ आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। संस्थान की ओर से डिस्ट्रिक्ट सोल्जर्स फ्लैग डे फण्ड, कानपुर के नाम 11,000 रुपये की राशि का बैंक ड्राफ्ट जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को भेंट किया गया। सेवा संस्थान पिछले 24 वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। इसके अंतर्गत मेधावी छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता, निशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन, ऊनी कम्बलों का वितरण, छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा स्वामी विवेकानन्द जयंती पर कर्मयोगी समाचार पत्र विक्रेताओं का सम्मान जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आनन्द शंकर गुप्ता ने कहा कि हम अपने सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा हेतु अपना जीवन समर्पित किया है। गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्थान किसी भी सरकारी अनुदान या एन.जी.ओ. से सम्बद्ध नहीं है तथा आयकर अधिनियम की धारा 12 एवं 80त्र के अंतर्गत पंजीकृत है। इस संस्था में सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी पेंशन से सेवा भावपूर्वक समाजसेवा का कार्य निरंतर कर रहे हैं।

**जिलाधिकारी का संदेश**

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। सेवा निवृत्ति के बाद भी समाज को सही दिशा देने और जनहित में योगदान करना प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य सामाजिक संगठनों को भी इस दिशा में आगे आकर इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि एक सशक्त, जागरूक और सहयोगी समाज का निर्माण हो सके।

# मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक आवश्यकताओं का समर्थन करने की तत्काल आवश्यकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 25 का विषय "सेवाओं तक पहुँच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य"है। इस विषय की घोषणा विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (WFMH) द्वारा की गई थी, जिसने 1992 में इस दिवस की शुरुआत की थी। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और उसमें निवेश करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एक सशक्त अनुस्मारक है कि मानसिक स्वास्थ्य के बिना स्वास्थ्य अधूरा है। इस वर्ष का अभियान मानवीय आपात स्थितियों से प्रभावित लोगों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक आवश्यकताओं का समर्थन करने की तत्काल आवश्यकता पर केंद्रित है। 2025 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय ÷सेवाओं तक पहुँच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य÷ है, जो प्राकृतिक आपदाओं, संघर्षों, महामारियों और अन्य आपात स्थितियों जैसे संकट के समय में मानसिक स्वास्थ्य सहायता की उपलब्धता में सुधार और उसे सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह विषय वैश्विक अस्थिरता के समय में लोगों के लिए अपने मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (WFMH) द्वारा घोषित यह वैश्विक विषय, सरकारों और संगठनों से व्यक्तियों और समुदायों की सुरक्षा के लिए आपात स्थितियों के दौरान शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को भी प्राथमिकता देने का आह्वान करता है। भारतीय चिकित्सा संघ के माननीय सचिव प्रोफेसर डॉ. विकास मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, हम संकटों और संघर्षों की खबरों के बार-बार सामने आने के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह विषय वर्तमान वैश्विक स्थिति के लिए अत्यंत उपयुक्त प्रतीत होता है।

# पिकप चालक पर दुर्घटना करने का केस दर्ज हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पिकप की टक्कर से युवक घायल हो गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे गोविन्दराम लक्ष्मणपुर गांव निवासी रामसुख वर्मा पुत्र रामलाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार को उसका पन्द्रह वर्षीय पुत्र शिवम वर्मा अपनी बुआ के यहां से घर लौट रहा था। रास्ते में लखरांव गांव के पास पिकप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता रामसुख ने पिकप चालक टेकनियापुर निवासी हरकेश वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा के खिलाफ तहरीर दी। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना करने का केस दर्ज किया गया है।

# मुलायम सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर पीडीए महासम्मेलन

**● सपा की बढ़ती लोकप्रियता देख भाजपा आरोप प्रत्यारोप का जाल बिछा रही है**

**2027 में पीडीए टीम भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर कर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी**

**मुलायम सिंह यादव ने चेन्नई से लेकर कन्याकुमारी तक युवाओं में शिक्षा का बिगुल बजाया**

**भाजपा सरकार बेरोजगारी महंगाई पर नियंत्रण करने में फेल रही- हाजी फजल महमूद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक धरतीपुत्र पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर सपा हाल में आर्य नगर, कैंट, सीसामऊ, गोविंद नगर,किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र सहित 1607 बूथों पर तथा महानगर सपा नवीन मार्केट में दिन में पीडीए महासम्मेलन, परेड पर तहरी वितरण, सभी विधानसभा क्षेत्र में नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण तथा नेता जी के कार्यो पर चर्चा की गई। सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में पीडीए महासम्मेलन 11:00 बजे आरंभ हुआ महासम्मेलन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी ने पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यको,पिछड़ो, दलितों,गरीबों के स्वाभिमान सहित उनकी रक्षा की और 27% आरक्षण देकर प्रदेश में एक मिसाल कायम की। आगे संबोधन ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने लड़कियों की शिक्षा फ्री की प्रदेश में व्यापारियों के लिए उगाही समाप्त की उन्होंने वी पी सिंह जी से मिलकर मंडल लागू कराया जिससे पूरे प्रदेश में नेताजी की सरहाना की गई क्योंकि निर्भीकता कथनी और करनी को महत्व देकर छात्रों को पुलिस तथा सरकारी विभाग में नौकरियों में महत्व देकर कर प्रदेश खुशहाली लाये

अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि उन्होंने प्रदेश मे जनता की आवाज उठाकर हजारों आंदोलन कर प्रदेश की जेले भरी नारायण दत्त तिवारी सरकार को घेरकर अन्य और जुल्म से राहत दिलाई तथा बुनकरों कुम्हारो को सुविधाये दी लेकिन आज भाजपा सरकार लघु उद्योगों को बंद करने में जुटी चीन से माल आयात कर यहा के उद्योग धंधों को बर्बाद करने पर उतारू घूम रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, विरेन्द्र शर्मा, कुतुबुद्दीन मंसूरी,नंदलाल जयसवाल, सत्यनारायण गहरवार, आंनद शुक्ला, फखरे आलम, महेन्द्र सिह,शबाब अबरार,रजत मिश्रा, दीपक खोटे, शादाब आलम, अर्पित त्रिवेदी, के के मिश्रा, शिवकुमार बाल्मिक, महेश कन्नौजिया, सोनू वर्मा, मुमताज मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

**● अपात्र राशन कार्डो का यथाशीघ्र सत्यापन कर छुटे हुए पात्र लाभार्थियों का राशनकार्ड निर्गत करायें-डीएम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता कैम्प कार्यालय के सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपात्र राशनकार्डो का यथाशीघ्र सत्यापन पूर्ण कराते हुए छुटे हुए पात्र लाभार्थियों का राशनकार्ड निर्गत करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारीगण को निर्देशित किया गया है कि रिक्त उचित दर दुकानों के सम्बन्ध में ग्रामसभा में खुली बैठक कराते हुए यथाशीघ्र नये उचित दर विक्रेता का चयन करें। पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत वितरण तिथि में भ्रमणशील रहते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा परिवहन ठेकेदारों के प्रतिनिधि एवं उचित दर विक्रेताओं के उपस्थित प्रतिनिधिगण को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में तत्काल सक्षम स्तर पर अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं का निस्तारण यथा सम्भव सुनिश्चित किया जा सकें। बैठक में समिति के सदस्य अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षक सहित संतोष पाण्डेय अध्यक्ष लायन्स क्लब प्रतापगढ़ अवध, आकाश सिंह संचालक जन सामर्थ सेवा संस्थान उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समिति बी-पैक्स बेती का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड कुण्डा अन्तर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स बेंती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समिति के सचिव निर्भय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय समिति सचिव द्वारा एनपीके की विक्री की जा रही थी। जिलाधिकारी द्वारा समिति पर उपस्थित किसानों से उर्वरक की दर व उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा उर्वरक गोदाम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा समिति के बिक्री एवं स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समिति सचिव से सदस्यता महाअभियान 2025 की प्रगति रिपोर्ट ली गयी, जिस पर सचिव द्वारा बताया गया कि समिति को प्राप्त लक्ष्य 200 के सापेक्ष 141 सदस्य बनाये गये हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सचिव को तीन दिवस के अन्दर लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने समिति सचिव को निर्देशित किया गया कि समिति कार्य क्षेत्र के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने हौदेश्वरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन कर मन्दिर परिसर एवं घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कुण्डा को निर्देशित किया कि मन्दिर परिसर की साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को और बेहतर किया जाय।

## संदीप बरुण ने कबड्डी में रचा इतिहास, गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का किया नाम रोशन

**●आल इंडिया यूनिवर्सिटी कबड्डी टूर्नामेंट के लिए हुआ चयन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भनवापुर ब्लॉक के ग्राम सिकटा निवासी संदीप कुमार बरुण पुत्र रामलखन ने कबड्डी खेल में शानदार उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है। महादेव पीजी कॉलेज, बनारस के छात्र संदीप का चयन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की टीम से ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ था। यह प्रतियोगिता डॉ. सी. वी. रमन यूनिवर्सिटी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित हुई, जिसमें देशभर की 56 यूनिवर्सिटियों की टीमें प्रतिभाग की थी। 9 अक्टूबर, बृहस्पतिवार को हुए फाइनल मुकाबले में संदीप की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर संदीप बरुण का चयन आल इंडिया यूनिवर्सिटी कबड्डी टूर्नामेंट के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 13 से 17 अक्टूबर तक गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएगी। संदीप की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्राम सिकटा सहित पूरे भनवापुर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रवासियों ने संदीप को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर सभागार में किया गया, जिसका शुभारम्भ परियोजना निदेशक नगेंद्र मोहन राम त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त स्वत-रोजगार,नेशनल रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक नगेंद्र मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के आर्थिक उत्थान में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय समावेशन बढ़ा है, जो जीडीपी में बढ़े योगदान के रूप में परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की आर्थिक आवश्यकता अत्यंत छोटी-छोटी होती है, जिसे माइक्रो फाइनेंस के माध्यम से सरलता पूर्वक पूरा किया जा सकता है। माइक्रोफाइनेंस आर्थिक उन्नति का वाहक है।

बैंकर्स स्वयं सहायता समूहों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लोन दें। लोगों को की गई छोटी-छोटी मदद बड़े बदलाव का वाहक बनती हैं। स्वयं सहायता समूह को अपने उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर करने तथा मार्केटिंग के गुर सिखाने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2025-26 का रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के द्वारा जारी मास्टर सरकुलर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की बैंक से सम्बन्धित प्रक्रियाओं पर विस्तार से, जानकारी दी गयी एवं उसके आधार पर स्वयं सहायता सदस्यों एवं बैंक शाखा प्रबन्धक के आने वाले समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीबरगांव के पास गाई नदी तट में एक युवती का शव उद्धार

इलाके में तनाव का माहौल है



**असम धेमाजी।** आज सुबह सीसीबर गांव से लगभग 4 किलोमीटर दूर गाई नदी के किनारे रेलवे पुल के पास एक 20 वर्षीय एक युवती का शव लावारिस हालत में मिला। पीड़िता की पहचान धेमाजी के



बिष्णुपुर के शीलआली माजगांव निवासी ज्योतिका कलिता के रूप में हुई है। पीड़िता का चेहरा काला पड़ा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। शव के पास से एक हीरो स्कूटर (ए-22-च-2117) बरामद किया गया। शव के पास से एक हैंड बैग, कुछ नीली वस्तुएं और एक पानी की बोतल भी बरामद की गई। घटना स्थल से सीसीबरगांव पुलिस ने शव को उद्धार कर पोस्टमॉर्टम के लिए धेमाजी सिविल हॉस्पिटल भेज दिया गया। अब असली रहस्य पुलिस जाँच के बाद ही सामने आएगा इए हत्याकांड है या और कुछ।

### 57.44 लाख की धोखाधड़ी में शामिल दो आरोपी खुद थाने पहुंचे

दोनों ने पुलिस को 11 लाख रुपये सरेंडर किये

**मथुरा।** थाना फरह पुलिस द्वारा पार्सल शिपमेन्ट कम्पनी से षडयंत्र कर धोखाधडी कर चोरी करने वाले दो वाछिंत अभियुक्तों को किया गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 11 लाख रुपये बरामद किये गये हैं। नितिन पुत्र स्व. वेदप्रकाश निवासी जाण्डवाली पतरामगेट नियर सुनारों की गौशाला भिवानी थाना भिवानी जिला भिवानी हरियाणा एवं विकास पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी खुशखेडा रोड प्रधान कालोनी नियर महाराजा पैलेस टपोखरा थाना टपोखरा जिला खैरतल तिजारा राजस्थान को थाना परिसर से षडयंत्र कर धोखाधडी कर चोरी के 11 लाख रूपयो के साथ किया गिरफ्तार। विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। 22 सितम्बर को अरुण, संजय सिंह व अन्य साथी नाम पता अज्ञात द्वारा षडयन्त्र कर धोखाधडी से शिकायतकर्ता शिपमेन्ट कम्पनी के 134 (इंटेल प्रोसेसर) वास्तविक शिपमेंट्स (कीमत 57.44 लाख) को चोरी कर जाली नकली शिपमेंट्स से बदल देने के सम्बन्ध में थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। 23 अक्टूबर को संजय सिंह पुत्र रेशमपाल सिंह व गोविन्द पुत्र डालचन्द को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा विवेचना के दौरान सीडीआर अवलोकन, सीसीटीवी फुजेट, पूछताछ व अन्य साक्ष्य संलकन से नितिन व विकास अनुज, सोनू के नाम प्रकाश में आने पर थाना फरह पुलिस द्वारा उनके घरों का पता लगाकर तलाश किये जाने पर और न मिलने पर परिजनों को थाने पर प्रस्तुत करने के लिये बताये जाने पर नितिन व विकास अपने परिजनों के साथ थाने पर पहुंचे।

### घाटमपुर सर्किल के 06 थाने प्रदेश में अव्वल

**कानपुर नगर/**घाटमपुर सर्किल के 06 थानों में जनसुनवाई,आईजीआरएस/पोर्टल में आई विभिन्न शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने में घाटमपुर सर्किल के 06 थाने प्रदेश में अव्वल रहे, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने के निर्देश देने के साथ उनकी टीम को बधाई दी है, उन्होंने कहा कि आप सभी शिकायतों का समय से निस्तारण करें, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि बीतें सितंबर महीने के जनसुनवाई पोर्टल में आई विभिन्न शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के थाना सजेती, थाना घाटमपुर, थाना रेउना, थाना बिधनू, थाना साढ़, थाना सेन पश्चिम पारा को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है, कानपुर के घाटमपुर सर्किल क्षेत्र के सभी 06 थानों ने जनसुनवाई पोर्टल में मिलने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया है,, जिसके चलते सजेती, घाटमपुर,रेउना, बिधनू, साढ़,सेन पश्चिम पारा, थानों को 100 में 100अन्क प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं, प्रदेश में आंकड़ा जारी होने के बाद घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं, इसके साथ उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है, आपको बताते चलें कि अगस्त महीने में जनसुनवाई आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में में घाटमपुर सर्किल के सजेगी,रेउना, बिधनू, साढ़ ,100मे 100 अंक लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है, वहीं सर्किल क्षेत्र के घाटमपुर और सेन पश्चिम पारा दूसरे स्थान पर रहे।

## वाइट हाउस कमेटी को कोसता रह गया, इधर जीत के बाद मारिया कोरिना ने नोबेल प्राइज ट्रंप को ही किया समर्पित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने शुक्रवार को नोबेल शांति पुरस्कार जीतने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को समर्पित किया। मचाडो ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा सभी वेनेजुएलावासियों के संघर्ष को यह मान्यता हमारे कार्य को पूरा करने के लिए एक प्रोत्साहन है। उन्होंने उस समर्थन पर ज़ोर दिया जिसकी उन्हें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से उन्हें आगे भी समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि हम जीत की दहलीज़ पर हैं और आज, पहले से कहीं ज़्यादा, हम राष्ट्रपति ट्रंप, संयुक्त राज्य अमेरिका की जनता, लैटिन अमेरिका की जनता और दुनिया के लोकतांत्रिक देशों पर भरोसा करते हैं, क्योंकि ये स्वतंत्रता और लोकतंत्र हासिल करने के हमारे प्रमुख सहयोगी हैं।

मचाडो ने यह पुरस्कार अपने साथी नागरिकों को समर्पित किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं यह पुरस्कार वेनेजुएला के पीड़ित लोगों और हमारे मुद्दे के प्रति उनके निर्णायक समर्थन के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प को समर्पित करती हूँ! नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने घोषणा की कि वह 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार डोनाल्ड ट्रम्प के बजाय मारिया कोरिना मचाडो को देगी, तो व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति शांति समझौते करना, युद्ध समाप्त करना और जीवन बचाना जारी रखेंगे। व्हाइट हाउस के संचार निदेशक ने एक्स पर लिखा राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और लोगों की जान बचाते रहेंगे। उनका दिल मानवतावादी है, और उनके जैसा कोई नहीं होगा जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से पहाड़ों को हिला सके। हालाँकि, व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने शांति के स्थान पर राजनीति को चुना। डोनाल्ड ट्रम्प ने अभी तक मारिया कोरिना मचाडो की नोबेल जीत पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालाँकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने अतीत में मचाडो और उनके सहयोगियों के लोकतंत्र आंदोलन का समर्थन किया है। इस वर्ष जनवरी में, जब वेनेजुएला के कराकस में निकोलस मादुरो के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान मचाडो को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था, तो ट्रम्प ने उनकी सुरक्षा की मांग की थी। वेनेजुएला के विपक्ष के साथ-साथ अमेरिका ने भी कथित तौर पर कहा था कि मादुरो ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव को चुरा लिया है, और तर्क दिया था कि मचाडो द्वारा समर्थित एडुमुंडो गोंजालेज ही असली विजेता थे।

## घाटमपुर के श्रीनगर में खुले नाले से खतरा, जिम्मेदार मौन



**कानपुर नगर/घाटमपुर** ब्लाक के श्रीनगर गांव में एक खुला नाला स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है,दो साल पहले इसका निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन यह अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे लोगों के गिरने का जोखिम बढ़ गया है, ग्राम पंचायत श्रीनगर ने मुगल रोड से सजेती मार्ग पर लगभग 24 लाख रुपए की लागत से 300 मीटर आरसीसी सड़क और नाली का निर्माण कराया था, लेकिन नाले का काम अधूरा रह गया, जिससे यह खुला और क्षतिग्रस्त स्थित में हैं,इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 1500 लोगों का आवागमन होता है, जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल हैं,खुले नाले के कारण उनके लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है, गांव निवासी दिनेश सिंह टिल्लू, धमेंद्र,विनोद और मनोज सिंह ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले भी ग्राम सचिव से नाले के निमार्ण की शिकायत की थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,इस मामले पर ग्राम पंचायत सचिव चंद्राकर ने बताया कि नाले का सर्वे पूरा हो चुका है और इसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा।

## कप्तान स्कूल बुढार में किया गया विधिक जागरूकता शिविर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय श्री काशीनाथ सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशन में एवं श्री सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, बुढ़ार एवं श्री विजेंद्र सिंह रावत एवं श्री लक्ष्मण रोहित व्यवहार न्यायाधीश बुढ़ार की उपस्थिति में दिनांक 10 अक्टूबर 2025 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कप्तान स्कूल बुढ़ार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित जानकारी, पॉक्सो एक्ट, संविधान से संबंधित प्रश्न/वार्तालाप, डिजिटल अरेस्ट, मौलिक अधिकार, एवं अन्य विषयों में जागरूक किया गया। शिविर में कप्तान स्कूल एवं कन्या हायर सेकेंण्डरी के प्राचार्य डॉ0 देवेंद्र श्रीवास्तव, व शिक्षक राम गोपाल मिश्रा, श्रीमती कविता पयासी, डॉ. शाइस्ताजबीं सिद्दीकी, श्रीमती रश्मि शुक्ला, अशोक भुमिया, शैलेंद्र कुमार गर्ग, श्रीमती साधना शर्मा, श्रीमती सीमा अग्रवाल, राकेश कुमार गुप्ता, बद्री प्रसाद साहू, श्रीमती नीतू सिंह, श्रीमती मीरा शर्मा एवं विधिक सेवा समिति न्यायालय बुढ़ार से संबंद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक मुखर्जी उपस्थित रहे।

## श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर में पहली बार स्वास्थ्य सेवा के %मेघा हेल्थ कैंप% का आयोजन किया गया

● 50 से अधिक बीमारियों की पूर्ण जांच, निदान और उन्नत चिकित्सा तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया।

हिमन्त विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है- विधायक विजय ने कहा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**असम** के मुख्यमंत्री के सपनों की स्वास्थ्य सेवा परियोजना के अंतर्गत असम के विभिन्न क्षेत्रों में बहुप्रतीक्षित 'मेघा हेल्थ कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज 10 अक्टूबर (शुक्रवार) आयोजित इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में अनुमानित 50 प्रकार की बीमारियों के लिए उन्नत चिकित्सा सेवा पूरी तरह से मुफ्त प्रदान की गई। साथ ही, सभी मरीजों के लिए मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर रामकृष्णनगर कॉलेज में एक तैयारीमूलक बड़े स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया और विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा बैठक कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की गई। बैठक में रामकृष्णनगर सर्कल ऑफिसर सौभिक दत्त और रामकृष्णनगर विधायक उपस्थित थे। विधायक विजय मालाकार प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजनीतिक नेता, स्थानीय गण्यमान्य व्यक्तित्व और पंचायत प्रतिनिधिगण मौजूद थे।



बैठक में रामकृष्ण नगर लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने कहा कि 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए इस शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों का पूर्ण परीक्षण, आवश्यक चिकित्सा और दवाइयाँ प्रदान की जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर उन्नत चिकित्सा के लिए रेफरेंस सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने और कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम में स्वास्थ्य सेवाएँ उच्च गुणवत्ता की हो रही हैं। निःशुल्क विधानसभा आधारित मेगा स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग, स्नायु रोग से लेकर आँख और कान संबंधित समस्याओं सहित 50 से अधिक बीमारियों की पूर्ण स्क्रीनिंग, निदान और चिकित्सा की जाती है। विशेष रूप से गरीब वर्ग में रहने वाले व्यक्तियों में छ्रद्धष्ठ कार्ड का वितरण हमारी सर्वांगीण और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के वादे को और मजबूत करेगा और मुख्यमंत्री के इस स्वास्थ्य सेवा परियोजना को शुश्रूषा सेतु परियोजना के माध्यम से सफलतापूर्वक लागू करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए पत्रकार, प्रशासन, स्वास्थ्यकर्मी, स्थस्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक, सभी से सहयोग की कामना करते हैं।

विशेष रूप से बारक के 31 विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्स, स्थानीय नागरिक और स्वयंसेवी संगठनों के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि रामकृष्णंखर आम जन के घर तक उन्नत चिकित्सा पहुँचाने के इस प्रयास को ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा सकता है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक दल भाग लिया। आधुनिक उपकरणों के माध्यम से रोगों का निदान करने से लेकर चिकित्सा परामर्श तक सभी प्रकार की सुविधाएँ रोगियों के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं।

## इंडस्ट्री एरिया में छापा, 7.37 लाख का वेज फैट सीज किया

● खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने दो दिन चलाया अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम कार्यवाही करते हुए।

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल दो दिन का अभियान चला कर कुल 12 खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए। वृन्दावन से सांभर व पेड़ा का एक एक नमूना, बल्देव से सरसों का तेल का एक नमूना, होलीगेट से घी का एक नमूना, टाउनशिप से मिल्क केक का एक नमूना, नौहझील से घी का एक नमूना, बाजना से मिश्रित दूध के दो नमूने तथा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त कर संचालित इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित निर्माण इकाई से रिफाइण्ड सोयाबीन आयल का एक नमूना तथा इंटरएस्टेरीफाइट वेज फैट के तीन नमूने संग्रहित कर शेष बचे लगभग 3957 लीटर इंटरएस्टेरीफाइट वेज फैट जिसका मूल्य 7,37,715 को सीज किया गया। खाद्य सचल दल में राम नरेश, जितेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, अरुण कुमार, रीना शर्मा, मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त रीना शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन के माध्यम से वृन्दावन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आई.ई.सी. कार्यक्रम आयोजित कर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में घरेलू स्तर पर अपमिश्रण की जांच कैसे करें तथा फास्ट फूड के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया एवं अरूण कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन के माध्यम से अवैरनी चौराहा बलदेव में खाद्य पदार्थो में मिलावट की जांच लैब टेक्नीशियन द्वारा की गयी एवं सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर महाराजगंज तराई पुलिस द्वारा किया गया पैदल गस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/महराजगंज** तराई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वालंबन और सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)के अंतर्गत आज महराजगंज तराई दीपावली की त्योहार को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे के मार्गदर्शन क्षेत्र अधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार की पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष महाराजगंज अखिलेश पांडे के नेतृत्व में चौराहा कस्बा का पैदल गस्त किया गया व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों, कॉलेजों तथा बाजारों में किया गया, जहाँ बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे–वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित जनसमूह को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरण कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में स्थानीय थानों पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र के कार्य, उद्देश्य तथा वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की भी



जानकारी प्रदान की गई, ताकि महिलाएं और बालिकाएं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बुढार, शहडोल** है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा तम्बाकू युवा मुक्त अभियान 3.0 का शुभारंभ प्रभानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 09 अक्टूबर 2025 को किया गया। उन्होंने बताया कि तम्बाकू मुक्त युवा जन जागरूकता अभियान 60 दिवस तक पूरे जिले में संचालित किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को तम्बाकू एवं तम्बाकू से बने उत्पाद, सिगरेट आदि के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी देकर तम्बाकू का उपयोग नहीं करने की समझाइस देकर स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर व अन्य जानलेवा बिमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि तम्बाकू मुक्त युवा वर्ग 3.0 अभियान के अन्तर्गत युवा वर्ग को जागरूक करने शिक्षा विभाग, पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि के समन्वय व सहभागिता तथा सक्रिय सहयोग से चलाया जाना है। इस अभियान के जिला नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री जी के तम्बाकू मुक्त स्वस्थ्य भारत के निर्माण का संकल्प पूरा किया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम स्तर पर जन जागरूता अभियान चलाकर ग्रामों को तम्बाकू मुक्त बनाने का संकल्प पूरा किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, समाजसेवीयों तथा इलक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मिडिया तथा सहयोगी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से अपील की है कि राष्ट्र निर्माण के इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## त्यौहारों को देखते हुये एस पी नें चलाया सघन चेकिंगऔर तलाशी अभियान

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआगामी त्योहारों के मद्देनज़र जनपदीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनंदन ने गुरुवार को स्वयं रेलवे स्टेशन पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पैदल मार्च किया और आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग अभियान का निरीक्षण किया।इस दौरान एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त को बढ़ाया गया है, संदिग्ध व्यक्तियों की गहन चेकिंग की जा रही है और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी की गई है। एसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## 921 का था बिल 66 हजार का भेज दिया नोटिस

● किसान संगठन के हंगामे के बाद माना विभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





कैंट बिजली घर पर विरोध प्रदर्शन करते किसान संगठन के कार्यकर्ता।

**मथुरा।** बिजली विभाग की महिला उपभोक्ता पर 921 का बिजली का बिल बकाया था। विभाग की ओर से उपभोक्ता को 66 हजार का नोटिस भेज दिया गया। किसान संगठन ने जब बिजली घर पर हंगामा काटा तो विभागीय अधिकारियों ने बिल को 921 ही मान और उपभोक्ता ने राहत की सांस ली। भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह संगठन के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने बिजली घर कैंट का घेराव किया गया। यहां किसान और मजदूर की समस्याओं को उठाया गया। शिकायत की गई कि किसानों को 22 घंटे लाइट मिलनी चाहिए जो कि नहीं मिल रही है। लंबे लंबे पावर कट लगाए जा रहे हैं बिजली बिल स्मार्ट मीटर लगने के बाद में बहुत ज्यादा आ रहे हैं। 70 स्क्वायर फीट के हिसाब से कनेक्शन किया जा रहा है। जो कि गरीब और किसानों के लिए बहुत मुश्किल है। सविता रावत औरंगाबाद का बिल जो कुछ 66 हजार रुपए बिजली विभाग के द्वारा बताया गया था। भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह संगठन के जिला अध्यक्ष मथुरा गजेंद्र सिंह ने साथ दिया तो 921 रुपये सविता रावत का बिजली विभाग पर बकाया दिखाया गया।बिजली विभाग एसडीओ को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में देने के दौरान संदीप हिंडोल राष्ट्रीय सचिव, सीमा शर्मा प्रदेश प्रवक्ता, पवन चौधरी प्रदेश महासचिव आगरा, नरेंद्र गुर्जर जिला अध्यक्ष आगरा, गजेंद्र सिंह, ठा वेद पाल सिंह तोमर, अनिल शर्मा, प्रवीण चौधरी, धर्मेंद्र सिकरवार, बीके चौधरी, जीतू पंडित, कुलदीप गुर्जर, जितेंद्र, सत्येंद्र, रामबाण, दिलीप, प्रेम सिंह, आनंद चौधरी, जितेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह साहूकार, जगदीश चौधरी, सुभाष पहलवान, कोमल सोलंकी, बॉबी ठाकुर, विद्याधर भरंगर, मुक्की, सुरेश, भगत, किशन शर्मा, कुलदीप चौधरी, डॉ राजीव यादव, ललित चौधरी, अमित चौधरी, भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में बिजली घर का घेराव किया गया।

## घाटमपुर में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर/घाटमपुर** के साढ़ में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यहां पर छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई, प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र छात्राओं को ब्लाक प्रमुख भीतरगांव अशोक सचान के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, साढ़ थाना क्षेत्र के बारी गांव स्थित सीएल मेमोरियल इंटर कालेज में भारत कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत् दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिका वर्ग में,रस्साकसी, दौड़,और बैडमिंटन,बालक वर्ग में वालीबाल, दौड़, लंबी कूद,का आयोजित किए गए, प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ियों को ब्लाक प्रमुख भीतरगांव अशोक सचान,और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार के द्वारा शील्ड,ट्राफी,प्रमाण पत्र,देकर सम्मानित किया गया,और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई, ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मेरा युवा भारत द्वारा कराएं जा रहें खेल प्रतियोगिताओं के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं,इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को खेल प्रति प्रोत्साहन मिलता है,इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चें आगे चलकर क्षेत्र जिला देश का नाम रोशन करते हैं,मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय कानपुर नगर से हिमांशु मिश्रा के द्वारा बताया गया कि जिला युवा कल्याण अधिकारी कानपुर नगर अनुपम कैथवास के निर्देश पर चार खंड विकास स्तरीय प्रतियोगिता का



आयोजन किया जा रहा है,इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीपाल कुशवाहा, प्रबंधक रेखा कुशवाहा, अध्यक्ष रामनाथ कुशवाहा, एडवाइजर पद से प्रांजुल कुमार,रेफरी शशि प्रकाश, अमित, विवेक शुक्ला, विकास, और अन्य लोगों से रमेश यादव, रमाशंकर, रवीपाल, सतीश, सौरभ, कौशल, राहुल, प्राची, आकांक्षा अनुष्का, आकांक्षा शुक्ला एवं विभिन्न युवा मंडल के लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा सिकठिया पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**कानपुर नगर/घाटमपुर** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को सिकठिया स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी,का औचक निरीक्षण किया,इस दौरान केंद्र पर लैब उपकरण न होने का मामला सामने आया है,जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कोई15 दिनों के भीतर सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान तीनों स्वास्थ्य कर्मी अपनी डियूटी पर मौजूद पाए गए,और ओपीडी नियमित रूप से संचालित हो रही है और मरीजों की उपस्थिति और उपचार व्यवस्था देखकर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने संतोष व्यक्त किया, इलाज के लिए पहुंची मरीज़ श्यामकली,और रेखा,सहित अन्य लोगों ने पीएचसी की चिकित्सक डॉ पूनम सिंह की सराहना की, मरीजों ने डीएम को बताया कि डॉ नियमित रूप से समय पर उपस्थित रहतीं हैं, और सभी का इलाज पूरी निष्ठा व सेवा भाव से करतीं हैं,किसी प्रकार की लापरवाही न ही करतीं हैं, मरीजों की बातें सुनने के बाद जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की और चिकित्सक को बेहतर कार्य बनाए रखने के निर्देश दिए, डीएम ने दवा वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली, उन्होंने मरीजों और परिजनों से पूछा कि क्या उन्हें दवाएं समय से मिलती है,इस पर सभी ने संतोष जनक उत्तर देते हुए बताया कि उन्हें दवा निर्धारित समय पर मिलतीं है, जिला प्रशासन की टीम ने लैब जांच व्यवस्था का जाएजा लिया,इस दौरान जानकारी मिली कि केंद्र पर लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार तों तैनात हैं, लेकिन आवश्यक उपकरणों के अभाव में पैथालाजिकल जांच का कार्य नहीं हो पा रहा है,इस स्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, निरीक्षण के समय जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई, रजिस्टरों के रखरखाओ और कर्मचारियों की उपस्थिति का भी बारीकी से जायजा लिया।